कार्तिक शुक्ल पक्ष पंचमी 12:41 तक उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 6 नवंबर 2024
वर्ष 4, अंक 260, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



बढ़ रही भारत-ऑस्ट्रेलिया की रणनीतिक साझेदारी 14

परिणीति ने शुरू की नई फिल्म की तैयारी 13

## भागवत ने दिया संघ की मजबूती पर जोर

संवाददाता, चित्रकूट



- चित्रकूट में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ संचालकों को किया संबोधित
- राष्ट्रीय कार्यकर्ता वर्ग में 5 बिंदुओं पर समर्पित होने का आह्वान

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघ चालक डॉ. मोहन भागवत ने राष्ट्र निर्माण के लिए संघ को मजबूत बनाने और विस्तार करने पर जोर देते हुए अगले साल होने वाले संघ के शताब्दी वर्ष को भव्य तरीके से मनाने की बात कही है। संघ प्रमुख मंगलवार को यहां महाकौशल प्रांत के संचालकों की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

चित्रकूट के दीनदयाल परिसर के डॉ. लोहिया सभागार में संघ का दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकर्ता वर्ग आयोजित किया गया है। इसमें शामिल होने के लिए सर संघ चालक डॉ. मोहन भागवत तड़के ट्रेन से चित्रकूट धाम कर्वी स्टेशन पहुंचे। उन्होंने 10.30 से 11.30 बजे तक चले उद्घाटन सत्र में महाकौशल प्रांत के संचालकों को संबोधित करते हुए कहा कि संघ की मजबूती के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ा जाए। संघ प्रमुख ने पांच बिंदुओं कुटुंब प्रबोधन, समरसता, सामाजिक कर्तव्य, स्वः का भाव, पर्यावरण संरक्षण पर संचालकों को ध्यान देने के निर्देश दिए। प्रांत स्तरीय कार्यकर्ता वर्ग में महाकौशल प्रांत के 34 जिलों, 10 विभागों के अलावा जिला, महानगर एवं नगर स्तर के संघ पदाधिकारी शामिल हैं। डॉ. भागवत ने शाम को आरोग्य धाम में संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। वह बुधवार को कामतानाथ के दर्शन करेंगे।

### संघ प्रमुख ने पंचकर्म पद्धति से कराया इलाज

संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने आरोग्य धाम परिसर स्थित जेआरडी टाटा फाउंडेशन फॉर रिसर्च इन आयुर्वेद संस्थान में पंचकर्म चिकित्सा कराई। वह आरोग्य धाम स्थित वैदेही भवन में प्रवास कर रहे हैं। चित्रकूट प्रवास के दौरान उनकी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

## आरओ-एआरओ व पीसीएस प्री परीक्षा की तिथियां घोषित

**लखनऊ।** लंबे समय से आरओ-एआरओ प्री और पीसीएस प्री की परीक्षा की नई तिथि का इंतजार कर रहे लाखों अभ्यर्थियों को बड़ी राहत मिली है। उप्र. लोक सेवा आयोग आरओ-एआरओ की परीक्षा 22 और 23 दिसंबर को तीन पालियों आयोजित करेगा जबकि पीसीएस प्री परीक्षा प्रदेश के 41 जिलों में 7 और 8 दिसंबर को दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह 9:30 से 11:30 बजे तक और दूसरी दोपहर 2:30 से 4:30 बजे तक होगी। वहीं आरओ-एआरओ (समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी) प्री की परीक्षा 22-23 दिसंबर को तीन शिफ्टों में आयोजित होगी।

## सादगी से मनाया जाएगा राज्य स्थापना दिवस

### पर्वतीय क्षेत्रों में जहां आवश्यकता हो तत्काल करें बसों की व्यवस्था : मुख्यमंत्री

- सड़कों पर क्रैश बैरियर लगाने और लापरवाह अफसरों पर कार्रवाई करने के निर्देश

ब्यूरो, देहरादून



सचिवालय में अधिकारियों की मीटिंग लेते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा के सल्ट क्षेत्र के कूपी गांव में हुए भयावह बस हादसे के बाद प्रदेश सरकार ने राज्य स्थापना दिवस सादगी के साथ मनाने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पर्वतीय क्षेत्रों में आंकलन कर तत्काल आवश्यक बसों की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से सड़कों पर प्राथमिकता से क्रैश बैरियर लगाए जाएं। वहीं अब तक क्रैश बैरियर क्यों नहीं लगे इसकी जांच कर लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए।

बस हादसे के मद्देनजर मुख्यमंत्री ने मंगलवार को सचिवालय में अधिकारियों की बैठक में कई निर्णय लिए और उस पर तत्काल अमल करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में जहां पर अतिरिक्त बसें चलाने की आवश्यकता है, नई गाड़ियां खरीदकर उन क्षेत्रों में व्यवस्था की जाए। त्योहारों के दृष्टिगत भी जिन क्षेत्रों में अतिरिक्त बसों की आवश्यकता हो वहां व्यवस्था की जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। दस दिनों में बसों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने पौड़ी-रामनगर मार्ग पर क्रैश बैरियर नहीं बनाने को गंभीरता से लिया। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग को क्रैश बैरियर निर्माण के लिए विगत दो वर्ष में साढ़े सात करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसके बाद भी क्रैश बैरियर क्यों नहीं बनाए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि लापरवाह अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही प्राथमिकता से सड़कों पर क्रैश बैरियर लगाए जाएं।

## एक नजर

### नीट पीजी : पंजीकरण को 15 तक अंतिम मौका

**लखनऊ।** यूपी नीट पीजी काउंसिलिंग में प्रतिभाग करने से वंचित अभ्यर्थियों को पंजीकरण का अंतिम मौका मंगलवार को दिया गया। मेरिट में शामिल अभ्यर्थी 15 नवंबर तक पंजीकरण कराने के साथ धरोहर राशि जमा कर सकेंगे। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने वेबसाइट पर मंगलवार को बताया कि डीएनबी स्टेट कोटा की सीटों के लिए सरकारी सेवा के अभ्यर्थी ही मान्य होंगे।

### संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से

**नई दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने मंगलवार को कहा कि संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से 20 दिसंबर तक चलेगा। कहा कि संविधान को अंगीकार किए जाने की 75वीं वर्षगांठ का जश्न 26 नवंबर को पुरानी संसद के केंद्रीय कक्ष में मनाया जाएगा।

### केंद्रीय मंत्री कुमारस्वामी पर धमकाने का केस दर्ज

**बेंगलुरु।** केंद्रीय मंत्री एचडी. कुमारस्वामी के खिलाफ एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी ने आरोप लगाया गया है कि जनता दल (सेक्युलर) के नेता ने अपने खिलाफ खनन मामले की जांच के सिलसिले में उन्हें धमकी दी थी। कुमारस्वामी ने इस प्राथमिकी को हास्यास्पद और दुर्भावना से प्रेरित बताया है।

# सरकारी स्कूलों में नहीं भेजे जाएंगे 17 लाख मदरसा छात्र

## उच्चतम न्यायालय ने उप्र मदरसा कानून की वैधता को बरकरार रखा

नई दिल्ली, एजेंसी

- इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश पर लगाई रोक



इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले को पलटते हुए उच्चतम न्यायालय ने 2004 के उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम की संवैधानिक वैधता बरकरार रखी जो राज्य के मदरसों के लिए एक बड़ी राहत है। उच्च न्यायालय ने इस आधार पर इस कानून को खारिज कर दिया था कि यह धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन करता है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने यह मानकर गलती की कि यह कानून मूल ढांचे यानी धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन करता है।

प्रधान न्यायाधीश ने फैसला सुनाते हुए कहा कि हम उत्तर प्रदेश मदरसा कानून की वैधता बरकरार रखते हैं और दूसरी बात यह कि यदि राज्य के पास विधायी शक्ति है, केवल तभी किसी कानून को खारिज किया जा सकता है।

उच्चतम न्यायालय का यह आदेश उत्तर प्रदेश के मदरसों के अध्यापकों एवं करीब 17 लाख विद्यार्थियों के लिए एक बड़ी राहत के रूप में आया है क्योंकि उच्च न्यायालय ने इन मदरसों को बंद करने तथा उसके विद्यार्थियों को राज्य के अन्य सरकारी विद्यालयों में दाखिला देने का आदेश दिया था। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि इस कानून की विधायी योजना मदरसों में दी जा रही शिक्षा के स्तर के मानकीकरण के लिए है। शीर्ष अदालत ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देते हुए दायर की गई अर्जियों पर 22 अक्टूबर को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। पीठ ने अपना फैसला सुरक्षित रखने से पहले करीब दो दिनों तक आठ याचिकाकर्ताओं की ओर से अंजुम कादरी, अतिरिक्त सॉलीसीटर जनरल केएम नटराज समेत कई वकीलों की दलीलें सुनीं। नटराज उत्तर प्रदेश सरकार की ओर शीर्ष अदालत में पेश हुए थे।

### हाईकोर्ट ने बताया था धर्मनिरपेक्षता के खिलाफ

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 22 मार्च को इस कानून को असंवैधानिक तथा धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन करने वाला घोषित किया था। उच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सरकार से मदरसों के विद्यार्थियों को औपचारिक विद्यालयों में भेजने का निर्देश दिया था। मदरसों के करीब 17 लाख विद्यार्थियों को राहत देते हुए उच्चतम न्यायालय ने पांच अप्रैल को उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी थी।

### पीजी-शोध का पाठ्यक्रम तय करना असंवैधानिक

न्यायालय ने कहा कि अधिनियम राज्य को मानक निर्धारित करने के लिए नियम बनाने की शक्ति देता है। पीठ ने हालांकि कहा कि अधिनियम, जिस हद तक फाजिल और कामिल डिग्री के संबंध में उच्च शिक्षा को विनियमित करता है, वह विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) अधिनियम के विरोधाभासी और कुछ हद तक यह असंवैधानिक है।

### मायावती ने किया कोर्ट के निर्णय का स्वागत

**लखनऊ।** बसपा प्रमुख मायावती ने मदरसा शिक्षा बोर्ड पर सुप्रीम कोर्ट के दिए गए निर्णय का स्वागत किया है। मंगलवार को उन्होंने कहा कि यह फैसला स्वागत योग्य है। साथ उन्होंने उम्मीद जताई है कि इस निर्णय से अब मदरसा शिक्षा को लेकर उपजे विवाद और हजारों मदरसों की अनिश्चितता समाप्त हो जाएगी।

# सभी निजी संपत्ति पर कब्जा नहीं कर सकतीं सरकारें

## उच्चतम न्यायालय की 9 सदस्यीय संविधान पीठ का फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी

### कोर्ट ने किया स्पष्ट

- सार्वजनिक भलाई के उद्देश्य से संसाधनों पर कर सकती हैं दावा

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि सरकार सभी निजी स्वामित्व वाले संसाधनों को अधिग्रहित नहीं कर सकती है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ सदस्यीय संविधान पीठ ने बहुमत से यह फैसला सुनाया। पीठ ने हालांकि स्पष्ट किया है कि समुदाय के पास सामान के रूप में मौजूद उन संसाधनों पर सरकार दावा कर सकती है, जो सार्वजनिक भलाई के उद्देश्य से हो। मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने खुद और न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय, न्यायमूर्ति जेबी पार्दीवाला, न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा, न्यायमूर्ति राजेश बिंदल, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह के लिए बहुमत का फैसला लिखा। पीठ के अन्य सदस्यों - न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया ने मुख्य न्यायाधीश के बहुमत के फैसले से आंशिक रूप से असहमति जताई।

संविधान पीठ ने बहुमत से माना कि न्यायमूर्ति वी कृष्ण अय्यर का पिछला फैसला एक विशेष आर्थिक और समाजवादी विचारधारा से प्रेरित था। उस फैसले में कहा गया था कि सभी निजी स्वामित्व वाले संसाधनों को सरकार द्वारा अधिग्रहित किया जा सकता है। मुख्य न्यायाधीश ने अपने फैसले के अंश को पढ़ते हुए कहा कि यह मानना गलत है कि सभी निजी संपत्तियां सामुदायिक संसाधनों की होंगी।

उन्होंने कहा कि न्यायमूर्ति अय्यर का पिछला फैसला विशेष आर्थिक विचारधारा पर आधारित था। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि इस न्यायालय की भूमिका आर्थिक नीति निर्धारित करना नहीं है। उन्होंने कहा कि लोगों ने सरकार के लिए वोट दिया है, जिसने विभिन्न आर्थिक नीतियां अपनाई हैं। यदि लोगों के पास मौजूद सभी संसाधनों को समुदाय का उपयोग का संसाधन माना जाता है, तो यह संविधान के मूल सिद्धांत को कमजोर करेगा। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि व्यक्ति के स्वामित्व वाले हर संसाधन को समुदाय का भौतिक संसाधन नहीं माना जा सकता।

### समाजवादी थीम के पिछले फैसलों पर जताई असहमति

शीर्ष अदालत ने पिछले फैसलों से असहमति जताई, जो समाजवादी थीम पर आधारित थे और जिसमें कहा गया था कि समतावादी समाज विकसित करने के लिए सरकार अपनी नीतियों को समुदाय के भौतिक संसाधनों, जिसमें निजी स्वामित्व वाली संपत्तियां भी शामिल हैं, को आम लोगों की भलाई के लिए पुनर्वितरित करने के लिए निर्देशित कर सकती है। शीर्ष अदालत ने कहा कि 1960 और 70 के दशक में समाजवादी अर्थव्यवस्था की ओर बदलाव हुआ था, लेकिन 1990 के दशक से बाजार उन्मुख अर्थव्यवस्था पर ध्यान केंद्रित किया गया। संविधान पीठ ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था की दिशा किसी विशेष प्रकार की अर्थव्यवस्था से अलग है, बल्कि इसका उद्देश्य विकासशील देश की उभरती चुनौतियों का सामना करना है।

## बाघ ने महिला को मारा, जंगल में मिला शव

संवाददाता, रामनगर



रामनगर के जंगल में महिला की खोज करते ग्रामीण।




- बाघ का पता लगाने को लगाए गए सीसीटीवी कैमरे

**अमृत विचार :** रामनगर-रानीखेत नेशनल हाईवे पर ढिकुली स्थित मनु महारानी रिसॉर्ट के सामने जंगल से मंगलवार की सुबह बाघ एक महिला को उठा ले गया। काफी देर बाद महिला का शव जंगल में मिला। महिला अपनी साथियों के साथ जंगल में लकड़ियां बीनने के लिए गई थी।

कौशल्या देवी पत्नी लक्ष्मण सिंह रावत (58) मंगलवार की सुबह अन्य महिलाओं के साथ ढिकुली क्षेत्र में जंगल में लकड़ियां बीनने के लिए गई थीं। मनु महारानी रिसॉर्ट के सामने जंगल में बाघ ने कौशल्या देवी पर हमला बोल दिया और घसीटता हुआ जंगल में ले गया। उधर, महिलाओं का शोर सुनकर ग्रामीण वहां पहुंचे। काफी देर बाद महिला का शव बरामद हुआ। जानकारी मिलते ही एसडीएम राहुल शाह, सीटीआर के उपनिदेशक राहुल मिश्रा, पार्क वार्डन अमित ग्वासीकोटि, वनकर्मी संतोष बिष्ट, मोहित सिंह के अलावा वन्यजीव विशेषज्ञ एजी अंसारी, संजय छिम्वाल, अजय छिम्वाल आदि मौके पर पहुंचे। कॉर्बेट के अधिकारियों ने घटना को लेकर ग्रामीणों के साथ बैठक की। आश्वस्त किया कि जल्दी ही इस संबंध में कार्रवाई की जाएगी। सीटीआर प्रशासन ने घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरे लगवाए हैं। दुपहिया चालकों को भी सतर्क रहने को कहा है।

## सलमान खान को फिर मिली धमकी, 5 करोड़ रुपये मांगे

- मुंबई ट्रैफिक पुलिस के कंट्रोल रूम में आया धमकी का संदेश



**मुंबई।** फिल्म अभिनेता सलमान खान को एक और धमकी मिली है तथा धमकी देने वाले ने उनसे पांच करोड़ रुपये की मांग की है। दावा है कि धमकी देने वाला व्यक्ति जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का भाई है। धमकी भरे संदेश में खान से काले हिरण के शिकार की घटना के लिए माफी मांगने को भी कहा गया है। सोमवार देर रात वर्ली स्थित मुंबई यातायात पुलिस नियंत्रण कक्ष को यह धमकी भरा संदेश मिला। पुलिस के अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि संदेश भेजने वाले ने दावा किया कि वह गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का भाई है। संदेश के अनुसार, सलमान खान अगर जिंदा रहना चाहते हैं तो वे हमारे (बिश्नोई समाज) मंदिर में आकर माफी मांगें या पांच करोड़ रुपये दें।

## 10वां वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस एंड आरोग्य एक्सपो 12 दिसंबर से

ब्यूरो, देहरादून



- मुख्य सचिव ने दिए तैयारियों को अंतिम रूप देने के निर्देश

**अमृत विचार :** राज्य में 10वां वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस एंड आरोग्य एक्सपो 12 से 15 दिसंबर तक देहरादून में प्रस्तावित हैं। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिवालय में संबंधित विभागों के अधिकारियों की मीटिंग लेकर तैयारियों को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। अभी तक 4501 डेलिगेट्स वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस के लिए रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। 15 नवंबर तक रजिस्ट्रेशन हो सकते हैं। उत्तराखंड में आयोजन को ऐतिहासिक एवं स्वर्णिम अवसर बताते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि इस दौरान राज्य की आयुर्वेद क्षेत्र में उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाना चाहिए। उन्होंने सभी आयुर्वेदिक शैक्षणिक संस्थाओं, उद्यमों व राज्य एवं केन्द्रीय स्तर के संगठनों, औषधीय पौध क्षेत्र, आयुष हेल्थ केयर से जुड़े लोगों व अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। 10वें कांग्रेस में देशभर से आयुष व आयुर्वेद क्षेत्र जुड़े संस्थाओं के साथ ही यूरोप, अफ्रीका, एशिया, लेटिन अमेरिका, नार्थ ईस्ट एशिया के विभिन्न देश प्रतिभाग करेंगे। थीम डिजिटल हेल्थ रखी गई है।

## स्वर कोकिला शारदा सिन्हा का निधन


- एम्स में मंगलवार देर शाम ली अंतिम सांस



**नई दिल्ली।** बिहार की स्वर कोकिला कही जाने वाली शारदा सिन्हा (72) का मंगलवार देर शाम निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रही थीं और दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एम्स) में उनका इलाज चल रहा था। शारदा सिन्हा के पुत्र अंशुमान सिन्हा ने फेसबुक पोस्ट कर अपनी मां शारदा सिन्हा के निधन की जानकारी दी है। अंशुमान सिन्हा ने लिखा कि आप सब की प्रार्थना और प्यार हमेशा मां के साथ रहेंगे। मां को छठी मईया ने अपने पास बुला लिया है। मां अब शारीरिक रूप में हम सब के बीच नहीं रहीं। महापर्व छठ के गीत गाकर मशहूर हुईं शारदा सिन्हा का निधन छठ पूजा के ही पहले व्रत यानी नहाय-खाय के दिन हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंशुमान से फोन पर बातचीत कर शारदा सिन्हा का हालचाल लिया था।

## तीन राज्यों में 20 स्थानों पर सीबीआई का छापा

नई दिल्ली, एजेंसी



- झारखंड अवैध खनन घोटाले में केंद्रीय एजेंसी ने की कार्रवाई
- 50 लाख नकदी, 1 किलो सोना-1 किलो चांदी व दस्तावेज जब्त

झारखंड के कथित नींबू पहाड़ पत्थर खनन घोटाले से जुड़े मामले में सीबीआई ने तीन राज्यों के 20 स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के राजनीतिक सहयोगी भी संदेह के घेरे में है।

अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी ने झारखंड, पश्चिम बंगाल और बिहार में स्थित कुल 20 ठिकानों पर छापेमारी की। संदिग्धों और उनके सहयोगियों के झारखंड के साहेबगंज में स्थित 13 ठिकानों, रांची में तीन स्थानों, गुमला और बिहार के पटना में एक-एक और पश्चिम बंगाल के कोलकाता में दो ठिकानों पर छापेमारी की गई। इस दौरान 50 लाख नकद, एक किलोग्राम सोना, एक किलोग्राम चांदी के अलावा करोड़ों रुपये की संपत्ति के दस्तावेज जब्त किए हैं। सीबीआई ने 23 नवंबर 2023 को मामला दर्ज किया था।

### वीरगाथा 4.0 प्रोजेक्ट

## 45.24 लाख छात्रों के नामांकन से उप्र प्रथम

**लखनऊ।** वीरगाथा 4.0 प्रोजेक्ट में राज्य सरकार के अभियान से देश में उप्र प्रथम आया है। 45.24 लाख से अधिक विद्यार्थियों का नामांकन हुआ है, दो दूसरे स्थान पर रहे दिल्ली से 27 लाख अधिक है। बिहार 13 लाख 91 हजार 187 नामांकन के साथ तीसरे स्थान पर है। वीरगाथा प्रोजेक्ट, रक्षा और शिक्षा मंत्रालय का एक संयुक्त कार्यक्रम है, जिसे 2021 में शुरू किया गया था। इसका प्रमुख उद्देश्य, छात्रों को सशस्त्र बलों के वीर जवानों की प्रेरक कहानियों से जोड़ना है। बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह ने इसे अभूतपूर्व उपलब्धि बताया।

### नए शोध से मिली जानकारी

ट्रैपिस्ट–1 ग्रहमंडल के एक ग्रह में संभव हो सकता है जीवन, हमारे सौरमंडल से दूरी ज्यादा नहीं

# सौरमंडल से इतर दूसरे ग्रह पर जीवन की जगी उम्मीद

बबलू चंद्रा, नैनीताल



ट्रैपिस्ट-1 के सात ग्रहों का सौरमंडल

**अमृत विचार :** एक जीवनयोग्य ग्रह की तलाश में खगोलविद कई दशकों से संघर्षरत हैं और ट्रेपिस्ट एक ऐसा सौरमंडल है, जिसके सात ग्रहों में से एक में जीवन की मौजूदगी की संभावना जताई गई है। इस ग्रह का नाम ट्रैपिस्ट-1 ई है। नए शोध से किसी बाहरी ग्रह पर जीवन की संभावना को पुनः जीवित कर दिया है।

यह बाहरी सौरमंडल है, जो हमारे सौरमंडल से बहुत अधिक दूर भी नहीं है। इस सौरमंडल का मुखिया लाल बौना तारा है। जिसके चारों ओर ग्रह हमारे सौरमंडल के ग्रहों की भांति परिक्रमा कर रहे हैं। ट्रैपिस्ट-1 के तीन ग्रहों में जीवन की संभावना इसके खोज के साथ ही जताई जाने लगी थी। क्योंकि ग्रहों की स्थिति हमारे ग्रहों की तरह ही हैं। साथ ही ये ग्रह पृथ्वी की तरह चट्टानी हैं। जिस कारण जीवन की संभावनाएं प्रबल नज़र आ रही थी। ट्रैपिस्ट बी व सी पर ग्रह पर कई शोध हुए और नतीजे उम्मीद के परे निकले। यह दोनों ग्रह अपना वातावरण खो चुके थे। इनका वायुमंडल भी खो चुका है। मगर ट्रैपिस्ट ई पर हुए हालिया शोध ने पुनः इस सौरमंडल में जीवन होने की उम्मीद जगा दी है। नए अध्ययन में बताया गया है कि तारे से दूर कुछ ग्रहों पर अभी भी वायुमंडल हो सकता है। दूर के ग्रहों में रहने योग्य स्थान संभव है। नेचर कम्युनिकेशंस में यह शोध प्रकाशित किया गया है। शोध के अनुसार लाल बौने तारों के आसपास की नजदीकी स्थितियां रहने योग्य ग्रहों के लिए आदर्श नहीं हैं। लाल बौने तारे हमारे सूर्य से छोटे होते हैं और तीव्र पराबैंगनी विकिरण उत्सर्जित करते हैं। उनके निकटतम परिक्रमा कर रहे चट्टानी ग्रहों के लिए यह अच्छा नहीं है। विकिरण वायुमंडल और पानी को छीन सकता है, जिससे ग्रहों की सतहें शुष्क और रहने लायक नहीं रह जाती। नासा के वेब स्पेस टेलीस्कोप से ट्रैपिस्ट-1 के आसपास के दो ग्रहों - ट्रैपिस्ट-1 बी और ट्रैपिस्ट-1 सी के अवलोकन से पता चला कि इन दोनों ग्रह में कोई वातावरण नहीं बचा है। मगर दूर स्थित ग्रहों पर अभी भी वायुमंडल संभव है।

### पृथ्वी से कुछ ही छोटा है ट्रैपिस्ट-1 ई

ट्रैपिस्ट–1 ई पृथ्वी से थोड़ा ही छोटा है। इसका द्रव्यमान पृथ्वी का लगभग 70 प्रतिशत है। यह अपने तारे के रहने योग्य क्षेत्र के बीच परिक्रमा करता है। यह वह क्षेत्र है जहां तापमान पृथ्वी के समान हो सकता है और तरल पानी मौजूद हो सकता है। यह सौरमंडल पृथ्वी से मात्र 40 प्रकाशवर्ष दूर है। यह दूरी बहुत अधिक नहीं है। जिस कारण वैज्ञानिकों की दिलचस्पी इस बाहरी सौरमंडल में अधिक है।


पौड़ी जिले के धुमाकोट के अंतर्गत सल्ड महादेव घाट पर एक साथ जलतीं मृतकों की चिताएं। ● अमृत विचार

# महादेव घाट पर एक साथ जलीं 11 चिताएं, हर आंख हुई नम

## करीबियों और नाते-रिश्तेदारों को अंतिम विदाई देने के लिए घाट पर बड़ी संख्या में पहुंचे लोग, परिजनों को बंधाया ढांढस

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** सल्ट बस हादसे में 36 लोगों की मौत के बाद कुमाऊं और गढ़वाल के दो दर्जन से अधिक गांवों में मातम छाया है। मंगलवार को पौड़ी जिले के धुमाकोट के अंतर्गत सल्ड महादेव घाट पर 11 चिताएं एक साथ जलीं तो हर किसी की आंखें नम हो गईं। माहौल इतना गमगीन था कि एक-दूसरे को दिलासा दे रहे हर व्यक्ति की आंखों से आंसू बह रहे थे।

जिन मृतकों का अंतिम संस्कार हुआ, उनमें दिनेश सिंह निवासी ग्राम मंगरोसिरो भैरगखाल, दर्शन लाल निवासी ग्राम मझेड़ा, नीरज ध्यानी निवासी ग्राम रुडोली, शक्ति कुमार निवासी ग्राम राम परसोली, आयुष मंदोलिया निवासी ग्राम पातल तल्ला धुमाकोट, प्रवीन दत्त निवासी ग्राम खेतुवाखल, दिव्यांशु बलोदी निवासी ग्राम देवलाड, शंका देवी निवासी ग्राम उडी मल्ला, विशाल सिंह निवासी ग्राम जौन्दाली धुमाकोट, प्रवीन सिंह, निवासी कुलेखखाल केनाथ, सलोनी निवासी कुलेखखाल केनाथ हैं। घाट पर 11 चिताएं एक साथ जलीं तो हर कोई फफक उठा। अपने करीबियों, नाते-रिश्तेदारों को अंतिम विदाई देने के लिए घाट पर बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। हर किसी की आंखें नम थी, सब एक-दूसरे को ढांढस बंधा रहे थे।


बस हादसे में अपनो को खोने के बाद रोती-बिलखती महिलाएं। ● अमृत विचार


पौड़ी जिले के धुमाकोट स्थित गांव में पसरा सन्नाटा। ● अमृत विचार

इधर, अंत्येष्टि में पौड़ी जिले के जिलाधिकारी आशीष कुमार भी शामिल रहे। जिन मृतकों का महादेव घाट पर अंतिम संस्कार हुआ उनमें 10 पौड़ी जिले के हैं व एक अल्मोड़ा जिले का है।

उधर, सड़क हादसे की प्रारंभिक जांच के लिए परिवहन विभाग की कमेटी ने दुर्घटना स्थल का निरीक्षण किया। संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन गुरुदेव सिंह ने बताया कि दुर्घटना का विश्लेषण किया जा रहा है। रिपोर्ट बनाकर मुख्यालय को सौंपी जाएगी। टीम में लोनिवि अधिकारी समेत जेपी रिसर्च इंडिया के विशेषज्ञ मौजूद थे।

# घायलों के लिए काशीपुर से आठ एंबुलेंस भेजी

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** कूपी गांव के पास हुए बस हादसे में अब तक 36 लोगों की मौत हो चुकी हैं। जबकि 20 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हैं। वहीं मंगलवार को पोस्टमोर्टम के बाद शवों को उनके घरों को व घायलों को हायर सेंटर ले जाया जा रहा है। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर काशीपुर से आठ एंबुलेंस को रामनगर संयुक्त चिकित्सालय भेजा गया है।

**राहत**

- **रामनगर में भर्ती घायलों को हायर सेंटर ले जाने के लिये मांगी थी एंबुलेंस**

सोमवार को गढ़वाल यूजर्स की बस 62 यात्रियों के साथ पौड़ी गढ़वाल से रामनगर को जा रही थी। इसी बीच बस सल्ट के कूपी गांव पास के 100 फीट गहरी खाई में गिर गई थी। जिसके बाद स्थानीय प्रशासन ने घायलों को रामनगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जबकि दुर्घटना में जान गंवा चुके मृतकों का पोस्टमार्टम रामनगर के संयुक्त चिकित्सालय में कराया जा रहा है। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद प्रशासन ने शवों को परिजनों को सौंप दिया है। इसके साथ ही शवों को उनके घरों तक भेजने के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था की है। एआरटीओ प्रवर्तन जितेंद्र चंद्र ने बताया कि मंगलवार को उच्चाधिकारियों के निर्देश पर काशीपुर से आठ एंबुलेंस को रामनगर भेजा गया है।

### काशीपुर पहुंचे तीनों घायल खतरे से बाहर

**काशीपुर :** काशीपुर कृष्णा अस्पताल के डॉ. मयंक अग्रवाल ने बताया कि सोमवार को अस्पताल में बस हादसे में घायल तीन मरीज प्रदीप रावत, आकाश रावत व जगदीप सिंह को भर्ती किया था। उन्होंने बताया कि हादसे में तीनों को गंभीर चोटें आई थी। बताया कि फिलहाल तीनों मरीज खतरे से बाहर हैं।

# बस स्वामी, चालक और परिचालक पर मुकदमा

संवाददाता, अल्मोड़ा

**कार्रवाई**

- **हादसे की प्रथम दृष्टया मानी जा रही है ओवर लोडिंग**
- **पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की**

**अमृत विचार :** बीते दिन सल्ट के कूपी गांव के समीप हुए भीषण बस हादसे के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले में पुलिस ने बस स्वामी, चालक व परिचालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बीते सोमवार को सल्ट के कूपी गांव के पास पौड़ी के गौलीखाल से रामनगर जा रही बस खाई में गिर गई थी। इस हादसे में 36 लोगों की मौत हो गई थी। जबकि 27 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये थे। घटना के बाद से शासन-प्रशासन में हड़कंप मच गया। मामले में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सल्ट और पौड़ी क्षेत्र के संबंधित एआरटीओ को निलंबित कर दिया था। इधर, अब मामले में पुलिस ने भी कार्रवाई की है।

प्रथम दृष्टया हादसे की वजह ओवरलोडिंग मानी जा रही है। इसके लिए बस स्वामी, चालक और परिचालक को जिम्मेदार मामते हुए मुकदमा दर्ज किया गया है। हालांकि हादसे में चालक की मौत हो चुकी है। जबकि वाहन स्वामी के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। एसएसपी देवेंद्र पींचा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। हादसे के जो भी कारण मिलेंगे, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### छात्र की मौत से कुविवि में शोक की लहर



**भीमताल :** कूपी गांव के पास हुई बस दुर्घटना में कुमाऊं विश्वविद्यालय के भीमताल स्थित भेषज विज्ञान विभाग के बी फॉर्म प्रथम वर्ष के छात्र सिद्धि विनायक की मौत हो गई। छात्र की मौत से परिसर के समस्त शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने शोक की लहर है। सभी ने दुख व्यक्त कर शोकसभा का आयोजन किया। विभागाध्यक्ष प्रो. अनिता सिंह ने बताया कि सिद्धि विनायक पौड़ी गढ़वाल का निवासी था। दीपावली अवकाश के बाद छात्र वापस आ रहा था तभी रास्ते में दुखद घटना हुई।

### तहसील ने खोया कर्मठ और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी



**रामनगर :** उत्तराखंड लेखपाल संघ के प्रदेश महामंत्री तारा चन्द्र घिल्डियाल ने कूपी गांव के पास बस हादसे में मनोज रावत व उनकी पत्नी चारु रावत की मृत्यु पर शोक प्रकट किया। उन्होंने कहा कि बस हादसे में तहसील परिवार ने एक कर्मठ, कर्तव्यनिष्ठ, मिलनसार बूथ लेवल अधिकारी मनोज रावत को खो दिया है। दुर्घटना में मनोज व उनकी पत्नी चारु की मौत हो गई, जबकि उनकी 4 वर्षीय पुत्री शिवानी का इलाज एम्स ऋषिकेश में चल रहा है। मनोज रावत खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केंद्र रामनगर में सुपरवाइजर पद के साथ-साथ चार वर्षों से निर्वाचन विभाग के अंतर्गत तहसील रामनगर में बूथ लेवल अधिकारी के रूप में कार्यरत थे। 25 जनवरी 2024 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर एसडीएम राहुल शाह ने मनोज को बूथ लेवल अधिकारी के रूप में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित भी किया था। उनके निधन से तहसील सहित अन्य विभागों के कर्मचारियों में शोक व्याप्त है।

### सरकार करेगी मासूम शिवानी की देखभाल

**देहरादून :** सल्ट बस हादसे में 36 लोगों की मौत हो गई, जबकि 27 गंभीर घायल हैं। इन घायलों में एक तीन साल की मासूम शिवानी रावत भी है। जिसकी माता चारु रावत और पिता मनोज रावत की हादसे में मौत हो गई और वह अनाथ हो गई। इसका पता चलने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस बच्ची की जिम्मेदारी लेने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री धामी ने शिवानी के साथ हुए हादसे पर गहरा दुख जताते हुए कहा कि राज्य सरकार शिवानी की देखभाल और शिक्षा की जिम्मेदारी उठाने का संकल्प लेती है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट शेयर कर कहा कि बस हादसे से हम सभी के हृदय को गहरा आघात पहुंचा है, इस कठिन समय में सरकार ने दुर्घटना में माता-पिता को खोने वाली शिवानी की देखभाल और शिक्षा की जिम्मेदारी उठाने का संकल्प लिया है, ताकि वह जीवन में आगे बढ़कर स्वयं माता-पिता के सपनों को साकार कर सके। इस दुखद घटना में जिन्होंने परिजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं।


हल्द्वानी स्थित एफटीआई मैदान से घायल को एयरलिफ्ट करते चिकित्सक व अधिकारी। ● अमृत विचार

# इलाज में बाधा बना मौसम, एम्स के लिए एक एयरलिफ्ट

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा जिले के सल्ट स्थित कूपी गांव के पास सोमवार को हुए सड़क हादसे में घायल 8 लोगों को गंभीर हालत में डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। एक अन्य घायल को भी यहां रेफर कर दिया गया। मंगलवार को गंभीर घायल 4 लोगों को एयरलिफ्ट कर एसटीएच से एम्स पहुंचाना था, लेकिन खराब मौसम की वजह से सिर्फ एक घायल को ही एम्स पहुंचाया जा सका।

डॉ.सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में 8 घायलों में 23 वर्षीय वैष्णवी, 50 वर्षीय भारत, 28 वर्षीय विशाल और 21 वर्षीय विपाशु की हालत काफी नाजुक है। मंगलवार को अस्पातल प्रशासन की सूचना के बाद प्रशासन ने चारों घायलों को एयरलिफ्ट करने की योजना बनाई। इनमें से एक को एफटीआई मैदान से एयरलिफ्ट किया गया। इसके बाद मौसम बिगड़ गया और हेलीकॉप्टर दूसरा फेरा नहीं लगा सका। जिसकी वजह से अन्य तीन गंभीर घायलों को एसटीएच में ही रोकना पड़ा। इधर, रामनगर से एक अन्य घायल रॉबिन सिंह को एसटीएच रेफर कर दिया गया। रॉबिन की रीढ़ की हड्डी में चोट आई है।


डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में घायल युवती का हालचाल जानतीं मंत्री रेखा आर्या। ● अमृत विचार

### मंत्री ने दिया भरोसा सरकार करेगी मदद

**हल्द्वानी :** घायलों का हाल जानने मंगलवार दोपहर मंत्री रेखा आर्या डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय पहुंची। उन्होंने भर्ती 8 घायलों का हाल जाना और उनसे वार्ता की। साथ ही उनके स्वास्थ्य के बारे में चिकित्सकों से जानकारी ली। मंत्री ने घायलों को भरोसा दिलाया कि वह शीघ्र ठीक कर अपने घर जाएंगे। यदि उन्हें हायर सेन्टर भेजने की आवश्यकता होगी तो एयर एंबुलेंस से भेजा जाएगा। उन्हें किसी भी प्रकार की चिंता करने की जरूरत नहीं। सरकार उन्हें हर सम्भव मदद देगी। इस दौरान मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी, सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी आदि मौजूद रहे।

**दुखद** प्रत्येक मृतक परिवार के एक व्यक्ति को नौकरी देने की मांग, घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की

# बस हादसे के मृतकों के प्रति जताई शोक संवेदनाएं

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** कूपी गांव के पास बस दुर्घटना के बाद मृतकों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करने का सिलसिला जारी है। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट व उत्तराखंड मंडी परिषद के अध्यक्ष डॉ. अनिल डब्बू ने शोक संवेदना जताते हुए कहा कि इस घटना से पूरा प्रदेश शोकाकुल है। प्रदेश सरकार प्रभावितों के साथ है। घायलों का प्राथमिकता से उपचार हो रहा है।

इधर, पूर्व कैबिनेट मंत्री धीरेंद्र प्रताप ने सरकार से मृतकों व घायलों के परिवारजनों को आर्थिक सहायता देने की मांग की। प्रत्येक मृतक परिवार के एक व्यक्ति को नौकरी देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य में परिवहन तंत्र पूरी तरह से फेल हो चुका है। उधर, जमीयत उलेमा की शोक सभा मोहल्ला खताड़ी में हुई। जिसमें मंडल अध्यक्ष मौलाना जलीस अहमद कासमी ने हादसे में मरने वालों के प्रति शोक जताया। यहां मौलाना हनीफ मौलाना जलीस, अब्दुल कादिर, फार्मर मुफ्ती वसीम, मौलाना महबूब आलम मौजूद रहे। वहीं, भाजपा नगर अध्यक्ष मदन जोशी, नरेंद्र शर्मा, नीमा मठपाल, आशा बिष्ट, पूरन शर्मा, मनीष अग्रवाल, गणेश रावत, भगीरथ लाल चौधरी, ग्रामीण मंडल अद्यक्ष वीरेंद्र रावत ने मृतकों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की। नेकी की दीवार के संरक्षक तारा चंद्र घिल्डियाल ने घायलों के शीघ्र स्वास्थ लाभ की कामना की है। कल्पतरु वृक्ष मित्र संगठन के अध्यक्ष अतुल मेहरोत्रा, कांग्रेस के महेंद्र प्रताप बिष्ट, विनय पडलिया, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री पुष्कर दुर्गापाल, बसपा नेता विनोद अंजान ने भी मृतकों की आत्मा की शांति एवं घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

इधर, हल्द्वानी में मटर गली व्यापारी एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने शोक सभा कर बस हादसे में मारे गये लोगों के प्रति शोक संवेदना प्रकट की। साथ ही घायलों के जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की। शोक सभा में एसोसिएशन के अध्यक्ष दलजीत सिंह दल्ली, महामंत्री अतुल गुप्ता, प्रेम चौधरी, मोइन बाबा, मनीष वर्मा, पंकज महाजन, लक्ष्मी नारायण, रोहित गौड़, आन सिंह पडियार, सौरभ सिंघल, परविंदर सिंह, नागपाल, राकेश मौजूद थे।

### गंभीर घायलों के इलाज में न हो कोई कोताही

**बैरती ( अल्मोड़ा) :** हृदय विदारक बस दुर्घटना से गेवाड़ घाटी में शोक की लहर है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आखिर ओवरलोडिंग, वाहनों का रखरखाव, मोटर मार्गों की दशा और चालकों के स्थिति पर नियमित निगरानी क्यों नहीं रखी जाती। इस दुर्घटना ने राज्य को झकझोर कर रख दिया है। निर्दोष नागरिकों के इस तरह काल कवलित होने से हर कोई स्तब्ध है। सभी ने मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोकाकुल परिवारों के प्रति सहानुभूति व्यक्त की है। साथ ही घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। लोगों ने सरकार व परिवहन विभाग से ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। इधर, रानीखेत विकास समिति के सदस्यों ने दो मिनट का मौन रख मृतकों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। वक्ताओं ने कहा कि शासन-प्रशासन को ऐसे हादसे रोकने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। गांधी चौक पर विकास समिति ने बैठक कर बस हादसे में यात्रियों की अकाल मृत्यु पर शोक प्रकट किया। कहा कि गंभीर घायल व्यक्तियों के उपचार में कोई कोताही नहीं बरती जानी चाहिए। शोक सभा में समिति के गिरीश भगत, खजान पांडे, खजान जोशी, अनिल वर्मा वसंत कुमार मुकेश साह, लक्ष्मी नंदन पांडे, भुवन साह, किरन साह आदि शामिल थे।

# हादसे के बाद एक्शन में पुलिस 28 वाहन चालकों पर कार्रवाई

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** कूपी गांव के पास हुए बस हादसे के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया है। मंगलवार को जिलेभर में पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 28 चालकों पर चालानी कार्रवाई कर जुर्माना वसूला गया।

बीते दिन सल्ट के कूपी में गढ़वाल मोटर्स की एक बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई थी। जिसमें सवार 36 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं 26 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पुलिस प्रशासन ने मंगलवार को नगर के लोधिया बैरियर के पास सघन चेकिंग अभियान चलाया। बिना सीट बेल्ट, क्षमता के अधिक सवारी, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग, नो पार्किंग में वाहन खड़ा करने व रैश ड्राइविंग कर रहे एक स्कूटी चालक समेत 28 लोगों के खिलाफ एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई कर स्कूटी को सीज किया। वहीं, आठ लोगों के कोर्ट चालान के कर साढ़े पांच हजार का जुर्माना वसूला। अभियान में इंटरसेप्टर प्रभारी एसआई सुमित पांडे, हेड कांस्टेबल सुनील कुमार, ललित बिष्ट शामिल रहे।


अल्मोड़ा में चेकिंग अभियान चलाती पुलिस। ● अमृत विचार

### आज का मौसम

ठंडी हवाओं के साथ आसमान में हल्के बादल छाये रहेंगे।

28.0° अधिकतम तापमान | 21.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06.29 | सूर्यास्त 17.22

### आज के कार्यक्रम

- छठ पूजा पर्व समिति की ओर छठ पर्व का खरना होगा छठ घाट पर 10 बजे
- हेल्पिंग हैंड चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से कुसुमखेड़ा स्थित बालाजी होटल में प्रेस वार्ता 12 बजे
- दमुवाढूंगा स्थित अंबेडकर पार्क में शरदोत्सव का आयोजन 6 बजे

### एक नजर

#### एसटीएच में भर्ती डेंगू के चार मरीज डिस्चार्ज

**हल्द्वानी :** मुख्यचिकित्सा अधिकारी डॉ. एचसी पंत ने बताया कि 5 नवंबर को बेस अस्पताल में डेंगू का कोई भी रोगी भर्ती नहीं है। डॉ. सुशीला तिवारी चिकित्सालय में डेंगू के 4 नए रोगी मिले हैं। चिकित्सालय से रोगी उचित उपचार के बाद डिस्चार्ज हो गए हैं। इस वर्ष अभी तक 100 डेंगू एलाइजा पॉजीटिव रोगी जनपद में मिले हैं जिनमें 56 रोगी इमिग्रेंट्स हैं जबकि 44 रोगी जनपद नैनीताल के हैं। डेंगू टीम ने संभावित प्रभावित क्षेत्रों में सोर्स रिडक्सन फॉगिंग, मलेरिया एवं डेंगू वॉलंटियर्स एवं आशाओं की से किया गया है।

#### मृतक की नहीं हुई शिनाख्त

**हल्द्वानी :** काठगोदाम रेलवे स्टेशन पर तीन दिन पहले शंटिंग के दौरान एक व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आए युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने मंगलवार को शव का अंतिम संस्कार करा दिया है। काठगोदाम जीआरपी थाना प्रभारी नरेश कोहली ने बताया कि शुक्रवार की देर शाम काठगोदाम रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर तीन पर ट्रेन की शंटिंग हो रही थी। इस बीच एक व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई थी। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

#### आज से काम करेगा ऊर्जा निगम, रोस्टर जारी

**हल्द्वानी :** ऊर्जा निगम ने दीपावली की वजह से रुके हुए कार्यों को शुरू कर दिया है। इसे लेकर रोस्टर जारी किया है। बुधवार को निगम की ओर से राजपुरा और तिकोनिया फीडर की लाइनों को अलग-अलग करने का कार्य किया जाएगा। इस दौरान सुबह 10 बजे से दिन दो बजे तक शटडाउन लिया जाएगा। इस दौरान तिकोनिया, राजपुरा, नैनीताल रोड, सुभाषनगर, भोटिया पड़ाव, ठंडी सडक समेत कई इलाकों में सप्लाई पांच घंटे तक बंद रहेगी। ईई प्रदीप कुमार बिष्ट ने इसकी पुष्टि की है।

# एमबीपीजी कॉलेज में भूख हड़ताल पर बैठा छात्र बेहोश, भर्ती

## कॉलेज प्रशासन ने छात्र को पहले निजी फिर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, छात्र संघ चुनाव की मांग को लेकर अनशन पर बैठे हैं छात्र

संवाददाता, हल्द्वानी



एमबीपीजी कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे छात्र। ● अमृत विचार



नैनीताल में कुलसचिव का घेराव करते छात्र। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर एमबीपीजी कॉलेज में भूख हड़ताल पर बैठे छात्रों में एक की हालत बिगड़ गई और वह बेहोश हो गया। आनन फानन में साथी छात्रों ने उसे समीप के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसे बेस अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां उसकी हालत को देखते हुए उसे भर्ती कर लिया गया है।

एमबीपीजी कॉलेज परिसर में छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर छात्र भूख हड़ताल पर बैठे हैं। मंगलवार को छात्र संघ अध्यक्ष के दावेदार रक्षित बिष्ट, सचिव के दावेदार अजय कुमार और हर्ष शर्मा भूख हड़ताल पर बैठे थे। दोपहर करीब तीन बजे अचानक अजय बेहोश हो गया। उसकी हालत बिगड़ते ही साथी छात्रों में खलबली मच गई और शोर शराबा हो गया। आनन फानन में प्राचार्य डॉ. एनएस बनकोटी और चीफ प्रॉक्टर कृष्णा बिष्ट ने उसको नैनीताल रोड स्थित निजी अस्पताल में पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेस अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां डॉक्टर्स ने उसकी हालत देखते हुए भर्ती कर लिया।

प्राचार्य डॉ. बनकोटी ने बताया कि छात्र की हालत स्थिर है लेकिन डॉक्टर्स की सलाह पर भर्ती किया है। छात्र के परिजनों को जानकारी दे दी, जिस पर वे अस्पताल पहुंचे। उन्होंने कहा कि इस संबंध में एसएसपी पीएन मीणा को भी पत्र भेजकर सूचना दे दी गई है। छात्रों को आश्वासन दिया कि उनकी मांग उच्च स्तर तक पहुंचा दी है।



बेस अस्पताल में भर्ती छात्र अजय कुमार। ● अमृत विचार

### भूख हड़ताल के दौरान मेडिकल टीम नदारद

कॉलेज में छात्रनेताओं ने बीते सोमवार से ही भूख हड़ताल शुरू कर दिया था लेकिन मंगलवार को कॉलेज परिसर में मेडिकल टीम तैनात नहीं थी। छात्रों ने आरोप लगाया कि उन्होंने आमरण अनशन को लेकर कॉलेज प्रशासन को लिखित सूचना दी थी लेकिन इसके बावजूद परिसर में न तो मेडिकल टीम तैनात थी और न ही एंबुलेंस। पूर्व छात्रनेता चंदन मेवाड़ी ने कहा कि तत्काल उपचार नहीं मिलने पर हादसा भी हो सकता था। इधर, कॉलेज के प्राचार्य एनएस बनकोटी ने छात्रों के आरोपों को सिरे से खारिज किया। उन्होंने कहा कि छात्रों ने क्रमिक अनशन की सूचना दी थी, अनशन पर बैठे छात्रों ने उचित पत्राचार नहीं किया जिस कारण यह स्थिति पैदा हुई।

# चुनाव की तिथि घोषित न होने पर आत्मदाह की धमकी

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** राजकीय महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव न होने का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। मंगलवार को डीएसबी परिसर के छात्रों ने विश्वविद्यालय के कुलसचिव का घेराव कर छात्रसंघ चुनाव की तिथि घोषित करने तथा 9 नवंबर से प्रस्तावित परीक्षाओं की तिथि में बदलाव करने की मांग की।

छात्रों का कहना था कि चुनाव कराने की मांग को लेकर वह एक माह से आंदोलन कर रहे हैं। मगर अब तक चुनाव की तिथि घोषित नहीं की गई है। छात्रों ने विवि प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि चुनाव की तिथि घोषित नहीं हुई तो वह भूख हड़ताल पर बैठने को मजबूर होंगे। जरूरत पड़ी तो छात्र आत्मदाह करने को भी बाध्य होंगे। जिसकी जिम्मेदारी विवि प्रशासन और उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की होगी।



नैनीताल में कुलसचिव से वार्ता करते छात्र। ● अमृत विचार

प्रदर्शन के दौरान छात्र लगातार विवि के कुलपति से वार्ता को लेकर उग्र होते दिखे। विवि के कार्यवाहक कुलपति संतोष कुमार ने बताया कि कुलपति किसी सेमिनार में प्रतिभाग करने चीन गए हैं, लिहाजा उनका बैठक में आना संभव नहीं है। जिसके बाद छात्रों ने कुलपति से वीडियो कॉल के माध्यम से वार्ता की। कुलपति प्रो. डीएस रावत ने छात्रों को बताया कि चुनाव को लेकर उन्होंने प्रदेश के राज्यपाल, उच्च शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव से वार्ता की है। प्रदर्शन करने वालों में करन दनाई, करन सती, आशीष कबडवाल, अभिषेक, विशाल, सार्दुल नेगी, मोनिका, वैष्णवी, प्रशांत, अंशुल, भाष्कर, कमलेश, तनिष्क, जिया, अरमान, हिमांशु, संजय आदि मौजूद रहे। इधर, छात्रों के प्रदर्शन को देख पुलिस सुबह से ही कॉलेज परिसर और विवि में अलर्ट रही।

> छात्र संघ चुनाव को लेकर कोर्ट का आदेश पूर्व में आ गया है, जिसका विवि पालन कर रहा है। कोर्ट के आदेश के बाद चुनाव कराना विवि के स्तर पर संभव नहीं है। छात्रों की मांग के आधार पर परीक्षा की तिथि में बदलाव को लेकर शासन को पत्र लिखा गया है।
>
> – **मंगल सिंह**, कुलसचिव कुमाऊं विवि

# पर्चे से लेकर भर्ती तक का खर्चा कई गुना महंगा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

### महंगाई की मार

- **आयुर्वेदिक व यूनानी अस्पतालों में दो से पांच गुना तक बढ़ा खर्च**
- **2 रुपये का पर्चा 10 का हुआ, भर्ती शुल्क भी 4 गुना महंगा**

**अमृत विचार :** अस्पताल के पर्चे से लेकर भर्ती होने का खर्चा कई गुना बढ़ गया। महंगाई की यह मार आयुर्वेदिक और यूनानी अस्पताल में जाने वालों पर पड़ेगी। जहां ओपीडी पर्चे का शुल्क पांच गुना बढ़ा है तो वहीं अस्पताल में भर्ती होने पर भी अब भर्ती शुल्क पहले से चार गुना अधिक देना होगा।

बता दें कि राज्य के आयुर्वेदिक व यूनानी अस्पतालों में इलाज के लिए आने वाले लोगों को मात्र 2 रुपये के पर्चे पर इलाज मिलता था और यदि उन्हें भर्ती होना पड़ता तो सिर्फ 5 रुपये देने पड़ते थे। यह व्यवस्था से अर्से से लागू थी, लेकिन अब ऐसा नही है। नई व्यवस्था को लेकर बीती 15 अक्टूबर को उत्तराखंड के सचिव रविनाथ रामन ने एक पत्र जारी किया है, जिसके तहत ओपीडी का 2 रुपये में बनने वाला पर्चा 10 रुपये में बनेगा। जबकि भर्ती होने के लिए भी 5 रुपये की जगह 20 रुपये खर्च करने होंगे। इसका असर ग्रामीण क्षेत्रों पर भी पड़ेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में खुले आयुर्वेदिक व यूनानी अस्पतालों में ओपीडी पर्चा 1 रुपये से बढ़ा कर दो और भर्ती शुल्क 5 रुपये से बढ़ा कर 10 रुपये कर दिया गया है। जिला आयुर्वेदिक व यूनानी चिकित्साधिकारी डॉ.एमएस गुंज्याल ने बताया कि शासन से मिले निर्देशों से अनुसार शुल्क में वृद्धि की गई है।

# लालकुआं में महिलाओं के जेवर लेकर धोखाधड़ी की

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मंडलायुक्त दीपक रावत ने मंगलवार को मिनी स्टेडियम रोड स्थित कैंप कार्यालय में जनसुनवाई की। उन्होंने अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया।

जनसुनवाई में लालकुआं वासियों ने मंडलायुक्त को बताया कि गीता, रेखा, राखी, सोनम आदि महिलाओं ने लगभग 74 महिलाओं को लालच देकर लगभग 50 लाख के गहने ज्वैलर्स के यहां गिरवी रखकर प्राप्त धनराशि को ब्याज एवं प्रापर्टी में लगा दिया। अब ये महिलाएं गहने वापस नहीं कर रही हैं, न ही ब्याज की धनराशि दे रही हैं। इस पर मंडलायुक्त ने सभी के मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया। साथ ही जनता से अपील की है कि लोग अपनी धनराशि का निवेश सरकारी बैंकों एवं सरकारी संस्थाओं में करें एवं अधिक



कैंप कार्यालय में जन समस्याओं पर सुनवाई करते मंडलायुक्त दीपक रावत। ● अमृत विचार

लालच के फेर में नहीं फंसें। वहीं, मंडलायुक्त ने काशीपुर निवासी रहीम को पिकप वाहन की बिक्री के दो लाख रुपये दिलवाए। जिस पर उसने मंडलायुक्त का आभार जताया। महिपाल सिंह अधिकारी ने बताया कि उन्होंने बमौरी तल्ली खाम में 3600 वर्गफिट भूमि क्रय की थी, एग्रीमेंट के हिसाब से 25 लाख की धनराशि शिव सिंह नयाल को दी थी लेकिन नयाल न भूमि की रजिस्ट्री नहीं की और 16 लाख वापस कर दिए लेकिन शेष 9 लाख की वापस नहीं की है। इस पर मंडलायुक्त ने कहा कि नयाल के खिलाफ लैंड फ्रॉड एक्ट में कानूनी कार्यवाही की जाएगी। प्रदीप कुमार ने बताया कि उनकी दुकान पर पुरानी छत खराब है, वर्ष 1989 में नक्शा पास किया था। उन्होंने दुकान की छत का निर्माण करवाने का अनुरोध किया। इस पर मंडलायुक्त ने जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण सचिव को कार्यवाही के निर्देश दिए।

### मजिस्ट्रेटी जांचों की रिपोर्ट की तलब

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** मंडलायुक्त दीपक रावत ने अल्मोड़ा हादसे के बाद कुमाऊं मंडल में हो रही सभी मजिस्ट्रेटी जांचों की रिपोर्ट तलब की है। साथ ही सख्त लहजे में कहा कि पर्वतीय से मैदानी रूटों में ओवरलोडिंग होने पर संबंधित एआरटीओ की जिम्मेदारी होगी। मंडलायुक्त रावत ने बताया कि अल्मोड़ा हादसे की मजिस्ट्रेट जांच की जा रही है। ऐसे सड़क हादसों की मजिस्ट्रेटी जांच को लेकर कुमाऊं के सभी छह जिलों के जिलाधिकारियों से रिपोर्ट तलब की है। जहां तक जानकारी है क्रश बैरियर्स वगैरह मजिस्ट्रेटी जांच की रिपोर्ट के आधार पर ही लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी घटना नहीं हो इसके लिए ब्लॉक स्पॉट्स को चिन्हित कर सिविल काम कराने को कहा गया है। यदि कहीं भी ओवरलोडिंग मिलती है तो संबंधित एआरटीओ की जिम्मेदारी होगी।



तहसील में एसडीएम परितोष वर्मा को ज्ञापन सौंपते बनभूलपुरा वासी। ● अमृत विचार

# छह-छह बार प्रार्थना पत्र दिए लेकिन सड़क का गड्ढा नहीं भरा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

### परेशानी

- **तहसील दिवस में बनभूलपुरा वासियों ने ज्ञापन सौंपकर कहा तहसील व नगर निगम के चक्कर काटते-काटते हुए परेशान**

**अमृत विचार :** तहसील दिवस में बिजली, पानी, सीवर लाइन, पेयजल लाइन, सड़क के गड्ढे भरान समेत कई समस्याएं दर्ज हुईं। जनता ने इन समस्याओं का समाधान की मांग की।

मंगलवार को पूर्व सभासद शकील सलमानी के नेतृत्व में बनभूलपुरा वासी तहसील पहुंचें। यहां उन्होंने एसडीएम परितोष वर्मा को ज्ञापन सौंप कर कहा कि मंडी गेट से शनि बाजार से जाने वाली सड़क का एक गड्ढा नगर निगम ने अब तक नहीं भरा है, जबकि इसको लेकर छह-छह बार प्रार्थना पत्र दे दिया है। गड्ढे की वजह से आए दिन हादसे हो रहे हैं। गुस्साए स्वर में कहा कि मुख्यमंत्री धामी गड्ढा मुक्त अभियान के निर्देश दे रहे हैं वहीं, जनता सड़क के गड्ढे भरवाने के लिए नगर निगम और प्रशासन के चक्कर काट रहा है। इस पर एसडीएम वर्मा ने कहा कि नगर निगम से गड्ढा भरान को लिखा जाएगा। इधर, युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत साहू ने प्रार्थना पत्र सौंप कर राजपुरा इलाके में सीवर लाइन का निर्माण, मच्छरों के प्रकोप के खात्मे को कीटनाशक दवाइयों के छिड़काव, खराब स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत और पात्रों के बीपीएल कार्ड बनवाने समेत कई जनसमस्याओं को उठाया। इस दौरान तहसीलदार सचिन कुमार, प्रीती आर्या, सचिन राठौर, कमलेश आर्या, नवल कुमार मौजूद रहे।

# पड़ोसियों ने 10 साल के मासूम को दीवार से पटक-पटक कर पीटा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

### शर्मनाक

- **टकराने की वजह से मोबाइल गिरने पर दिया घटना को अंजाम**
- **डीजीपी तक की शिकायत पुलिस ने नहीं लिखा मुकदमा**

**अमृत विचार :** टकराने की वजह से पड़ोसी का मोबाइल गिर गया। इससे नाराज पड़ोसी ने 10 साल के बच्चे पर गुस्सा उतार दिया। उसे घर में ले जाकर पड़ोसी परिवार ने बुरी तरह पीटा। उठा कर दीवार पर पटक दिया। पीड़ित ने बनभूलपुरा पुलिस से शिकायत की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। सिटी मजिस्ट्रेट से डीजीपी तक गुहार लगाई। अंत में कोर्ट से गुहार लगानी पड़ी। अब इस मामले में बनभूलपुरा पुलिस ने पांच माह बाद मुकदमा दर्ज किया है।

लाइन नंबर 16 गांधीनगर कब्रिस्तान गेट निवासी मो. फारूख पुत्र अब्दुल गफूर ने पड़ोसी अल्सबा पुत्री मन्सूर, फिरोज पत्नी मन्सूर, लाइबा पुत्री मन्सूर और मुस्कान पुत्री मन्सूर पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

फारूख का कहना है कि बीती 28 जून को उनका 10 वर्षीय बेटा शाजेब घर के बाहर खेल रहा था। पड़ोसी अल्सबा मोबाइल पर बात कर रही थी। तभी शाजेब के टकराने से अल्सबा का मोबाइल गिर गया। घटना के बाद अल्सबा, शाजेब को अपने घर ले गई। जहां सभी आरोपियों ने उसे लात-घूंसो से बुरी तरह पीटा और दीवार से पटक-पटक कर मारा।

शाजेब को गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद लगातार उसका इलाज चल रहा है और चिकित्सकों ने दो साल तक इलाज जारी रखने को कहा है। आरोप है कि इस मामले में बनभूलपुरा पुलिस ने भी उनकी शिकायत पर ध्यान नहीं दिया। उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट से लेकर डीजीपी तक शिकायत की, लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं हुआ।



महिला को उसके जेवर सौंपते जसवीर सिंह। ● अमृत विचार

### राह में मिले लाखों के जेवर, स्वामी को लौटाए

**हल्द्वानी :** ऐसे लोग कम ही होते हैं, जिन्हें राह चलते लाखों रुपये के जेवर मिल जाएं और वह उन्हें उनके मालिक तक पहुंचा दे। हिम्मतपुर के एक युवक ने ईमानदारी की ऐसी ही मिसाल पेश की है। सेना से सेवानिवृत्त कैप्टन सोबन सिंह भड़ ने बताया कि हिम्मतपुर तल्ला निवासी जसवीर सिंह खड़ायत बीती 4 नवंबर किसी काम के सिलसिले में घर से निकले थे। ऊंचापुल चौराहा के पास बीच सड़क पर उन्हें एक लावारिश बैग मिला। उन्होंने बैग खोल कर देखा तो उसमें लाखों रुपये के जेवर और एक मोबाइल फोन था। बैग में रखे मोबाइल से उन्होंने बैग के स्वामी से संपर्क किया तो पता चला कि वह बैग शीशम बाग हीरानगर निवासी हरीश क्वारवी का था। बैग में उनकी पत्नी के लाखों के जेवर थे। जसवीर सिंह खड़ायत ने इमानदारी की मिसाल पेश करते हुए लाखों का सामान हरीश को सौंप दिया। कीमती सामान सकुशल पाकर बैग के स्वामी और परिजन बेहद खुश हुए और जसवीर की प्रशंसा की।

# सुलह तो हो गई पर गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा अपंजीकृत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

### पड़ताल

- **फर्म्स सोसायटी एवं चिट्स की उपनिबंधक स्मिता जोशी ने दी जानकारी, कहा-सदस्यों की अद्यतन सूची मांगी नहीं मिली**

**अमृत विचार :** सिखों की सर्वोच्च संस्था गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में वर्चस्व की लड़ाई में नई बात सामने आई है। फर्म्स सोसायटी एवं चिट्स के मुताबिक सभा फिलहाल अपंजीकृत है। लिहाजा, सभा चुनाव संबंधी कोई भी सभा नहीं कर सकती है। सभा से सदस्यों की सूची मांगी गई है ताकि आमसभा कराई जा सके और फिर चुनाव संपन्न कराए जाएं लेकिन अभी तक सूची नहीं मिली है। ऐसे में फर्म्स एवं सोसायटी कड़ी कार्रवाई कर सकती है।

फर्म्स सोसायटी चिट्स के अधिकारियों के अनुसार, गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा का वर्ष 2015 में पंजीयन हुआ। तब सभा में 1400 सदस्यों की सूची मुहैया कराई गई थी। इसके बाद सभा में दो फाड़ हो गए। इधर, नियमानुसार पांच साल और एक साल ग्रेस पीरियड के बाद यदि सभा के खातों की ऑडिट रिपोर्ट, सदस्यों की सूची व अन्य दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए जाएं तो पंजीयन नहीं रहता है। इसी तरह छह साल बीतने के बाद सभा अपंजीकृत हो गई है। उधर, 17 दिसंबर 2022 को चुनाव संबंधी आम सभा होनी थी लेकिन एक पक्ष 16 दिसंबर को ही एसडीएम कोर्ट से स्टे ले आया और तभी से यह विवादों में आ गई। इस वर्ष अक्टूबर में एसडीएम कोर्ट ने दोनों पक्षों में सुलह के आधार पर फर्म्स सोसायटी को विभागीय नियमों के अनुसार कार्यवाही के निर्देश दिए। उपनिबंधक जोशी ने बताया कि गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के दोनों पक्षों को पत्र भेज सदस्यों की अद्यतन सूची मुहैया कराने को कहा ताकि आम सभा बुलाकर चुनाव संपन्न कराया जा सके लेकिन अभी तक सूची नहीं मिली है। सभा को वर्तमान में स्वयं चुनाव को लेकर किसी भी सभा करने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि सूची मिलने के बाद विभागीय निगरानी में आम सभा व चुनाव संपन्न होंगे। इसके बाद ही कार्यकारिणी तय हो पाएगी।

## सार-संक्षेप

### मल्लीताल क्षेत्र से वारंटी गिरफ्तार, कोर्ट में पेश किया

**नैनीताल :** चोरी के एक मामले में फरार वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2023 में स्टाफ हाउस मल्लीताल निवासी मुकेश कुमार के खिलाफ आईपीसी की धारा 379 व 411 के तहत एक मुकदमा दर्ज किया था। लंबे समय से कोर्ट में पेश न होने के चलते कोर्ट ने आरोपी के खिलाफ गैर जमानती वारंटी जारी किया था। मंगलवार को कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मल्लीताल बाजार से युवक को गिफ्तार किया है। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि स्टाफ हाउस निवासी मुकेश को कोर्ट में पेश किया गया है।

### गोपीपुरम में कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू

**हल्दूचौड़ :** गोपीपुरम स्थित शिव मंदिर में कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हो गया है। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने धार्मिक आयोजन में हिस्सा लिया। कलश यात्रा मंदिर प्रांगण से शुरू होकर पूरे गांव का भ्रमण कर वापस मंदिर परिसर में संपन्न हुई। दोपहर बाद कथा व्यास नीरज चंद्र त्रिपाठी ने भागवत कथा का शुभारंभ किया। उन्होंने प्रवचन में भगवान श्रीकृष्ण की जीवन लीलाओं पर प्रकाश डाला। सात दिनों तक चलने वाली इस कथा में प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से सांय चार बजे तक कथा का आयोजन होगा। इस मौके पर जीवन चंद्र भट्ट, गिरीश मठपाल, तारा दत्त पांडे, उमेद चौहान मौजूद रहे।

### तल्लीताल क्षेत्र से किशोरी लापता, गुमशुदगी दर्ज

**नैनीताल :** तल्लीताल थाना क्षेत्र से एक किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार तल्लीताल थाना क्षेत्र से सोमवार को एक किशोरी लापता हो गई। परिजनों ने शिकायत करते हुए कहा कि उनकी पुत्री सोमवार की सुबह साढ़े छह बजे बिना बताए घर से कहीं चली गई। खोजबीन करने व परिचितों से पूछताछ के बाद भी किशोरी का पता नहीं चल पाया है। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि मामले में शिकायत के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर किशोरी की खोजबीन शुरू कर दी गई है।



शिविर में रक्तदान करते बजरंग दल के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने किया 50 यूनिट रक्तदान

**कालाढूंगी :** हुतात्मा दिवस पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) में रक्तदान शिविर लगाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं व लोगों ने 50 यूनिट रक्तदान कर समाजसेवा का परिचय दिया। रक्तदान शिविर में डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल की डॉ. सलोनी उपाध्याय व उनकी टीम ने 50 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर रक्त लिया। साथ ही 65 लोगों का रक्त परीक्षण किया। बजरंग दल के जिला मंत्री गिरीश पड़लिया ने बताया कि वर्ष 1990 में अयोध्या में शहीद हुए कार सेवकों की स्मृति में हुतात्मा दिवस मनाया जाता है। जिसमें कारसेवकों को श्रद्धांजलि देने के लिए युवा रक्तदान करते हैं। कार्यकर्ताओं ने चिकित्सकीय टीम को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। शिविर में ताराचंद, रमेश जोशी, मुदित कुमटिया, गुड्डू चौहान, चंद्र मोहन जोशी, मोहन सिराडी, मुकेश गुर्रानी, सुमित सुयाल मौजूद रहे।

### प्राचीन शिवालय में रामचरितमानस पाठ का आयोजन

**हल्दूचौड़ :** डूंगरपुर स्थित प्राचीन शिवालय में दो दिवसीय रामचरितमानस अखंड पाठ का आयोजन किया जा रहा है। आयोजक पूर्व प्रधान बीडी खोलिया ने बताया कि शुक्रवार 8 नवंबर से श्रीमद् रामचरितमानस अखंड पाठ का आयोजन किया जाएगा। जबकि 9 नवंबर को दोपहर 1 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि भंडारे से पूर्व गौ धाम की टीम की ओर से हरि नाम संकीर्तन का भी आयोजन किया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने में चंद्रबल्लभ पांडे, मोहन दुर्गापाल, गोपाल जोशी, चिंतामणि पांडे, गिरीश कांडपाल, शेखर जोशी, ललित मोहन नैनवाल, संतोष भट्ट, गिरीश अटवाल, चंदू खोलिया आदि जुटे हैं।

### पुलिस ने शराब पीकर वाहन चला रहे युवक को पकड़ा

**नैनीताल :** तल्लीताल क्षेत्र में एक युवक को शराब पीकर वाहन चलाना महंगा पड़ गया। पुलिस ने युवक का मेडिकल करा कर उसके खिलाफ 185 में कार्रवाई की है। तल्लीताल क्षेत्र में पुलिस वाहनों की चेकिंग कर रही थी तभी पुलिस ने यूके 04 एएच 6297 अल्टो कार को रोका। युवक से पूछताछ करने के लिए जैसे ही पुलिस कर्मी उसके करीब गये शराब की महक आने लगी। जिस पर पुलिस ने तुरंत युवक का मेडिकल कराया। मेडिकल में शराब की पुष्टि होने पर युवक को गिरफ्तार कर लिया गया। एसओ रमेश बोहरा ने बताया कि शराब पीकर वाहन चलाने पर कालाढूंगी निवासी पवन बिष्ट के खिलाफ 185 के तहत कार्रवाई कर वाहन सीज कर दिया गया है।

### नैनी झील में तैराकी करने पर छह के खिलाफ कार्रवाई

**नैनीताल :** पुलिस ने झील में तैराकी करने वाले छह युवकों के खिलाफ कार्रवाई की है। नैनी झील में डूबने से हर साल कई लोगों की जान जाती है। जिसको देखते हुए झील में तैराकी करने पर प्रतिबंध है, लेकिन चोरी छिपे कई लोग रोजाना तैराकी करते हैं। मंगलवार की सुबह साढ़े आठ बजे नगर के कई युवक फांसी गधेरा क्षेत्र में तैराकी कर रहे थे। एसआई सतीश उपाध्याय ने बताया कि चार्टन लॉज निवासी विक्रम आर्य, मनीष बिष्ट, सात नंबर निवासी कमल किशोर, बड़ा बाजार निवासी करन वर्मा, माउंटरोज कम्पाउंड निवासी सागर देवराड़ी व जीआईसी क्षेत्र निवासी अभिषेक ज्ञान के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

### अनियंत्रित होकर पलटी कार, बाल-बाल बचे सवार

**नैनीताल :** वीरभट्टी क्षेत्र में एक कार अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे में कार सवार दो लोग व चालक बाल–बाल बच गये। राहगीरों की मदद से कार को सीधा कर यातायात सुचारु किया गया। जानकारी के अनुसार काशीपुर निवासी रवि कुमार मंगलवार को अल्मोड़ा जा रहे था। कार में दो अन्य लोग भी सवार थे। वीरभट्टी पुल के समीप अचानक कार अनियंत्रित हो गई और पहाड़ी से टकराकर सड़क पर ही पलट गई। हादसे में अर्पण के सिर पर, जबकि अन्य दो लोगों को मामूली चोटे आई। हादसा होता देख राहगीरों ने मदद कर किसी तरह कार को सीधा किया।

# दीपाली ने दुबई में जीता स्वर्ण पदक

## नैनीताल पहुंचने पर डीएम और विभिन्न संगठनों के लोगों ने किया स्वागत

**कार्यक्रम**

▸▸ दुबई के अबू धाबी में हुई थी एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप

संवाददाता, नैनीताल




नैनीताल पहुंचने पर दीपाली थापा का स्वागत करते लोग, साथ में डीएम वंदना सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सब जूनियर एशियन चैंपियनशिप में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतने वाली दीपाली थापा मंगलवार को नैनीताल स्थित अपने घर पहुंची। जहां दीपाली का स्थानीय लोगों ने भव्य तरीके से स्वागत किया।

दीपाली के एशियन चैंपियन बनने पर नैनीताल के विभिन्न सामाजिक संगठनों ने सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस दौरान विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने नगर में रैली के माध्यम से दीपाली थापा का स्वागत किया। डीएसए मैदान में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान मुख्य अतिथि डीएम वंदना सिंह ने दीपाली का फूलमाला के स्वागत कर उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि बच्चों को खेल गतिविधियों से जोड़ने के लिए परिजनों को भी विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

साथ ही खेल गतिविधियों के लिए बच्चों को प्रेरित करना जरूरी है। डीएम ने बताया कि डीएसए मैदान में अन्य खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए संसाधन विकसित किए जा रहे हैं। बॉक्सिंग रिंग के लिए भी प्रोजेक्ट बनाया जा रहा है।

दुबई के अबू धाबी में बीते सितम्बर माह में आयोजित हुई एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में बालिका वर्ग में दीपाली थापा ने फाइनल मुकाबले में यूक्रेन की बॉक्सर को 5-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीतकर देश व प्रदेश का नाम रोशन किया। वर्तमान में दीपाली की शिक्षा आर्मी इंस्टीट्यूट पुणे (महाराष्ट्र) में चल रही है।

इस दौरान दीपाली की दादी कमला थापा, माता आशा थापा, पिता रणजीत थापा, पद्मश्री अनूप शाह, डीएसए महासचिव अनिल गड़िया, इंडियन क्रिकेटर टीम के सलेक्टर मुखर्जी निर्वाण, एसडीएम प्रमोद कुमार आदि मौजूद रहे।

# पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने किये कैंची धाम के दर्शन

▸▸ नीब करौरी महाराज की तपोस्थली पर चढ़ाए पुष्प

संवाददाता, नैनीताल/भवाली

**अमृत विचार :** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना मंगलवार को भवाली स्थित कैंची धाम पहुंचे। उन्होंने अपने दो दोस्तों के साथ बाबा नीब करौरी महाराज के दर्शन किये। इसके बाद कई घंटों तक मंदिर परिसर में बैठकर बाबा का ध्यान किया। साथ ही हनुमान चालीसा का पाठ कर बाबा की तपोस्थली पर पुष्प चढ़ाये। सुरेश रैना के कैंची धाम पहुंचने की सूचना जैसे ही प्रशंसकों को लगी तो बड़ी संख्या में लोग कैंची धाम पहुंच गये। इसके बाद लोगों ने सुरेश रैना के साथ सेल्फी भी ली।

इस दौरान मंदिर प्रबंधन ने पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना को बाबा की प्रतिमा भेंट की। प्रदीप साह के अनुसार सुरेश रैना ने बातचीत में बताया कि उन्होंने मंदिर और बाबा के चमत्कार के बारे में कई बार सुना था। उन्होंने कई बार बाबा के दर्शन का कार्यक्रम बनाया, लेकिन बाबा का बुलावा नहीं मिला।

मगर आज बाबा ने उन्हें अपनी शरण में बुलाया है। बाबा के दर्शन कर उन्हें तन और मन में शांति की अनुभूति हो रही है।




सुरेश रैना को बाबा की फोटो और प्रसाद भेंट करते प्रदीप साह। ● अमृत विचार

### साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**रामनगर :** सल्ट बस हादसे को लेकर रामनगर के एक युवक ने साम्प्रदायिक सौहार्द बिगड़ने की कोशिश की, जिसे पौड़ी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने फेसबुक में मृतकों की फोटो के साथ लिखा हैप्पी दिवाली–फ्री होम डिलीवरी। उसकी इस हरकत से लोगों में रोष फैल गया था। उसके खिलाफ कार्रवाई की मांग उठने लगी थी। बस दुर्घटना से संबंधित फोटो एक गाने के साथ सोशल साइट पर वायरल हो रही थी। जिसका वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी लोकेश्वर सिंह ने संज्ञान लेते हुए संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये। थाना थलीसैंण पुलिस ने जांच की तो पता चला कि संबंधित पोस्ट मोहम्मद आमीर नामक व्यक्ति की फेसबुक आईडी से पोस्ट की गई थी। पुलिस ने आमीर के खिलाफ धारा 196, 299, 353 (2)BNS के तहत मुकदमा दर्ज किया। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी मोहम्मद आमीर (50 वर्ष) पुत्र अब्दुल रहमान निवासी कोटद्वार रोड रामनगर, हाल निवासी नौगांव, स्यूंसी थाना थलीसैंण को गिरफ्तार कर लिया।

### नशेड़ियों के खिलाफ पुलिस ने चलाया अभियान

**रामनगर :** पुलिस ने ऑपरेशन रोमियो के तहत नशा करने व बेचने वालों के खिलाफ मंगलवार की देर रात अभियान चलाया। अचानक पुलिस और पीएसी के इस अभियान से नशेड़ियों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने नगर के विभिन्न मोहल्लों में नशा करने वाले लोगों के अलावा स्मैक, शराब पीने वालों को पकड़ा। करीब सौ से अधिक लोगों को पकड़कर पुलिस ने अस्थायी रूप से डिग्री कॉलेज में रखा है। इनमें दुकानों में बिना लाइसेंस शराब बेचने व पिलाने वाले लोग भी शामिल थे। रामनगर में नशे का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। आये दिन लोग पुलिस व प्रशासन से इस संबंध में शिकायत करते हैं। नशेड़ियों के खिलाफ चल इस अभियान से नगर के सभी मोहल्लों के नशेड़ियों में हड़कंप मचा हुआ है। उधर, कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया अभियान आगे भी जारी है।

### विधायक सुमित ने जाना घायलों का हाल

**हल्द्वानी :** विधायक सुमित हृदयेश ने मंगलवार को एसटीएच पहुंचकर अल्मोड़ा हादसे के घायलों का हालचाल जाना। उन्होंने डॉक्टरों को इलाज में कोई लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए। विधायक हृदयेश ने घायलों के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में वे पीड़ित परिवारों के साथ हैं।

परिजनों को भरोसा दिलाया कि वह राज्य सरकार और प्रशासन से घायलों के समुचित उपचार और देखभाल के लिए तत्परता से काम करने का अनुरोध करेंगे। विधायक ने कि दुर्घटना के शिकार लोग हमारी प्राथमिकता हैं, उनकी सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के लिए कोई भी कदम उठाने में पीछे नहीं हटेंगे। प्रशासन से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है कि सभी घायलों को सर्वोत्तम चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जाएं।

# अवैध खनन में लिप्त पांच वाहन किए सीज



अवैध वाहनों के साथ वन विभाग की टीम। ● अमृत विचार

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** वन विभाग ने नदियों में छापा मारकर कार्रवाई करते हुए चार वाहनों एवं एक बाइक को पकड़कर सीज किया है।

वन क्षेत्राधिकारी रामनगर, उप वन क्षेत्राधिकारी बन्नाखेड़ा, रेंज स्टाफ व सुरक्षा बल ने कोसी एवं दाबका नदी में अवैध खनन की रोकथाम पर कार्यवाही करते हुए नदियों में अचानक छापा मारा। जिसमें चार ट्रैक्टर और एक डंपर को मौके पर पकड़ लिया। इस दौरान रैकी करते हुए एक मोटर साइकिल भी वन कर्मियों के हत्थे चढ़ गई। वन कर्मियों ने दो ट्रैक्टर एवं एक मोटर साइकिल को बनाखेड़ा रेंज परिसर में खड़ा कर दिया गया है तथा दो ट्रैक्टर ट्राली, एक डंपर को निष्प्रयोज्य भंडार रामनगर में खड़ा किया है। डीएफओ प्रकाश आर्या ने बताया छापा मार अभियान जारी रहेगा।

### मानकों के उल्लंघन पर निरस्त होगा वाहनों का फिटनेस

**हल्द्वानी :** सल्ट बस हादसे के बाद परिवहन विभाग हरकत में आ गया है। दुर्घटना से बचाव के लिए ऐसे वाहनों की फिटनेस की जांच की जाएगी, जो तकनीकी रूप से सड़क पर चलने योग्य नहीं है। संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन संदीप सैनी ने सभी सहायक संभागीय परिवहन अधिकारियों और संभागीय निरीक्षकों को अपने-अपने क्षेत्रों में 10 दिन के भीतर फिटनेस समाप्त होने के बाद भी चल रहे यात्री वाहनों की फिटनेस निरस्त करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने ऐसे वाहनों के टायर, ब्रेक, स्पीड गवर्नर, लाइट, स्टीयरिंग, कमानी, सीटिंग क्षमता आदि का भौतिक निरीक्षण करते हुए फिटनेस निरस्त करने को कहा है। इधर, आरटीओ संदीप सैनी ने परिवहन निगम की मंडलीय प्रबंधक पूजा जोशी से निगम की बसों की सूचना मांगी है।

**अफरा–तफरी** | अज्ञात वाहन की टक्कर से बंदर के बच्चे की मौत के बाद उग्र हुआ झुंड

# राहगीरों व छात्राओं को काटने झपटा बंदरों का झुंड

संवाददाता, कालाढूंगी



बंदरों के डर से सड़क पर खड़ी छात्राएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मुख्य बाजार स्थित जीजीआईसी गेट के सामने अज्ञात वाहन की टक्कर से बंदर के बच्चे की मौत हो गई। जिसके बाद बंदरों का झुंड राहगीरों व स्कूली छात्राओं को काटने के लिए झपटने लगा। इससे जहां सड़क पर जाम लग गया, वहीं अफरा-तफरी मच गई।

मंगलवार को राकइंका के गेट के सामने अज्ञात वाहन ने रोड पार कर रहे बंदर के बच्चे को रौंद दिया। बच्चे का शव देखकर दर्जनों बंदर सड़क पर आकर राहगीरों व स्कूल में पेपर देने आ रही छात्राओं को काटने के लिए झपटने लगे। राहगीरों व छात्राओं ने भागकर अपनी जान बचाई। किसी साथी के बिछड़ने का दुख जिस तरह इंसान को होता है, उसी तहर जानवरों को भी होता है। बंदर की मौत के बाद उसके साथी बार-बार शव को खींचकर उसे उठाने की कोशिश कर रहे थे। बेजुबान बंदरों को लगा उनका बच्चा अभी जिंदा है। यह नजारा देख सभी की आंखें भर आई। करीब बीस मिनट तक अफरा-तफरी का माहौल रहा। सड़क के दोनों ओर वाहनों का जाम लग गया। इस दौरान हिम्मत जुटाकर एक युवक ने जैसे-तैसे बंदर के बच्चे को सड़क से उठाकर किनारे किया। इस बीच गश्त कर रहे पुलिस कर्मी किशननाथ व उसके साथी ने स्कूली छात्राओं को गेट के अंदर छोड़ा। इस दौरान भी बंदर काटने को झपट रहे थे। पुलिस कर्मियों ने बंदर के बच्चे को उठाकर जंगल में दफना दिया।

# नगर पालिका ने कराई नालियों की सफाई

**खबर का असर**

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** नगर में पिछले चार दिनों से सफाई न होने के कारण जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा था। इसको लेकर सोमवार को अमृत विचार ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित की। जिसका संज्ञान लेकर नगर पालिका ने मंगलवार की सुबह बाजार क्षेत्र में साफ-सफाई कराई।

निवर्तमान सभासद भारत लोशाली ने बताया कि मंगलवार की तड़के नगर पालिका के कर्मचारियों ने मल्लीताल बाजार की समस्त नालियों को साफ किया। इतना ही नहीं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका ने खबर का संज्ञान लेकर उनसे संपर्क किया और नालियों की सफाई को लेकर जानकारी ली। इधर, अब भी नगर पालिका की कार्यशैली से लोगों में नाराजगी है। उधर, व्यापारियों ने बाजार क्षेत्र में साफ-सफाई होने पर समाचार पत्र का आभार जताया।



कूड़ा निकलने के बाद साफ हुई नाली।






## एक नजर

### हल्द्वानी डिपो ने की 28.10 लाख की रिकॉर्ड कमाई

**हल्द्वानी :** हल्द्वानी डिपो ने अभी तक की अपनी प्रतिदिन रिकॉर्ड कमाई की है। डिपो ने बीते 4 नवंबर को 28.10 लाख रुपये की कमाई कर अपने सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। इससे पहले डिपो ने लगभग 23 लाख रुपये प्रतिदिन की कमाई की है। प्रभारी सहायक महाप्रबंधक संजय पांडे ने बताया कि समस्त कार्मिकों की मेहनत से डिपो ने यह आंकड़ा छुआ है। उन्होंने बताया कि सेवानिवृत्त सहायक महाप्रबंधक सुरेंद्र सिंह बिष्ट ने भी पूरी जिम्मेदारी के साथ डिपो का संचालन किया जिससे यह संभव हो पाया। बताया कि इससे पूर्व डिपो की प्रतिदिन औसत कमाई 20 से 22 लाख रुपये रहती थी।

### 19 चालान, 2 ऑटो सीज

**हल्द्वानी :** एसओपी का पालन नहीं करने पर ऑटोचालकों पर कार्रवाई की गई है। परिवहन विभाग की टीम ने चेकिंग के दौरान कुल 19 ऑटोचालकों का चालान किया और 2 ऑटोरिक्शा सीज किये। साथ ही 9 ऑटोचालकों का बिना यूनिफॉर्म पहने वाहन संचालन पर चालान किया गया। परिवहन विभाग वर्तमान में शहर के सभी ऑटोचालकों का सत्यापन कर रहा है जिसके तहत उन्हें दीपावली तक अपने वाहन का सत्यापन कराकर वर्दी और आईकार्ड के साथ वाहन चलाने के निर्देश दिए गए थे। निर्धारित तिथि बीतने के बाद एसओपी का पालन नहीं करने पर विभाग ने कार्रवाई की है। एआरटीओ बीके सिंह ने समस्त ऑटोचालकों को एसओपी का पालन करने के निर्देश दिए हैं और छूटे हुए ऑटोचालकों को सत्यापन कराने के लिए कहा है।

### 11 नवंबर से शुरू होगा ऑटोचालकों का सत्यापन

**हल्द्वानी :** परिवहन विभाग की ओर से मंगलवार तक 1264 ऑटोरिक्शा का सत्यापन किया जा चुका है जिसमें प्रतिदिन अलग-अलग रुट के ऑटोचालकों को बुलाकर उनका सत्यापन किया जा रहा है लेकिन इसके बावजूद कई ऑटोचालकों ने अभी तक अपना सत्यापन नहीं कराया है। अब विभाग इन ऑटोचालकों को सत्यापन के लिए फिर एक मौका दे रहा है जिसमें 11 नवंबर से 13 नवंबर तक शेष ऑटोचालकों को सत्यापन के लिए एमबी इंटर कॉलेज में बुलाया गया है। जो ऑटोचालक किसी कारण अपना सत्यापन नहीं करा पाए हैं, वे वाहन का फिटनेस व अन्य दस्तावेज पूरे कर सत्यापन करा सकते हैं। इधर, मंगलवार को 55 ऑटोचालकों का सत्यापन किया गया जिसमें रुट नंबर दो के 1, रुट नंबर तीन के 38, रुट नंबर पांच के 12, रुट नंबर छह के 3 और रुट नंबर ग्यारह के 1 ऑटोचालक का सत्यापन किया गया।

### मुसीबत बने आवारा कुत्ते 10 डॉक्टर्स को लिखा पत्र

**हल्द्वानी :** राजकीय मेडिकल कॉलेज परिसर में आवारा कुत्ते मुसीबत बन गए हैं। हमलावर हो रहे कुत्तों से निजात पाने के लिए चीफ वार्डन डॉ. आरजी नौटियाल ने 10 चिकित्सकों को पत्र लिखा है। ये सभी अलग-अलग हॉस्टल के वार्डन हैं। डॉ. नौटियाल ने लिखा, हॉस्टल में रह रहे मेडिकल स्टूडेंट्स लगातार शिकायत कर रहे हैं कि हॉस्टल से आते-जाते वक्त आवारा कुत्ते उन्हें काटने दौड़ते हैं। हॉस्टल के बाहर आवारा कुत्तों के लिए यहां-वहां खाना पड़ा रहता है, जिससे गंदगी भी फैलती है। उन्होंने 10 चिकित्सकों डॉ. प्रवीण भारद्वाज, डॉ. सीमा देउपा, डॉ. शहजाद अहमद, डॉ. साधना अवस्थी, डॉ. पंकज वर्मा, डॉ. प्रियंवदा, डॉ. श्वेताभ प्रधान, डॉ. सीमा गुप्ता, डॉ. प्रभात पंत, डॉ. रितु रखोलिया को आवारा कुत्तों का पालन-पोषण और संरक्षण देने वालों के वीडियो फुटेज, प्रमाण और नाम सहित 10 दिन के भीतर उपलब्ध कराने को कहा है।

# हर बूथ पर दो व मंडल में 45 सक्रिय सदस्य बनाएं

## भाजपा के कुमाऊं संभाग कार्यालय में सक्रिय सदस्यता और संगठन चुनाव को लेकर हुई कार्यशाला

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



मुखानी स्थित भाजपा कार्यालय में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भाजपा की सक्रिय सदस्यता और संगठन के आगामी चुनाव को लेकर मंगलवार को मुखानी स्थित कुमाऊं संभाग कार्यालय में कार्यशाला हुई। इसका शुभारंभ चुनाव अधिकारी कुंदन सिंह परिहार, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, जिला सह प्रभारी विवेक सक्सेना ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसमें प्राथमिक सदस्यता के आंकड़ों, सक्रिय सदस्यता अभियान की समीक्षा एवं संगठन चुनाव की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा हुई।

जिलाध्यक्ष बिष्ट ने कहा कि देश में अनुकूल माहौल है। इसकी एक वजह यह है कि जनता, योजनाओं एवं विकास का लाभ लेने के साथ-साथ सामाजिक, सांस्कृतिक एवं व्यक्तिगत सुरक्षा को लेकर चिंतित है। ऐसे में भाजपा की सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की विचारधारा उनमें आशा का संचार करती है। जिस तरह राज्य की जनता ने भाजपा से जुड़ने में रुचि दिखाई है, साफ है कि आगामी 20 नवंबर को केदारनाथ उपचुनाव में भाजपा रिकॉर्ड मतों से जीतेगी। उन्होंने कहा कि सभी को बूथ पर न्यूनतम सक्रिय सदस्यों का लक्ष्य हासिल करना है।

नैनीताल के चुनाव अधिकारी कुंदन परिहार ने कहा कि संगठन के चुनाव को जिम्मेदारी अनुसार सर्वश्रेष्ठ एवं सर्वसम्मत कार्यकर्ता के चयन की दृष्टि से आगे बढ़ाना है। उन्होंने संगठन व बूथ की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि मंडल की कार्यकारिणी में बूथों का गठन 20 से 30 नवंबर तक होना चाहिए। दर्जा राज्य मंत्री एवं जिला सदस्यता सहयोगी दिनेश आर्य ने कहा कि प्रत्येक बूथ पर दो सक्रिय सदस्य व मंडल में कम कम 45 सक्रिय सदस्य बनाने हैं जिसकी पहली सूची 5 नवंबर को और दूसरी 25 नवंबर को जारी की जाएगी। जिला चुनाव सह प्रभारी देवेन्द्र ढैला ने संगठन के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को एकजुट होकर नये सदस्यों को जोड़ने पर जोर दिया। मंच संचालन विनीत अग्रवाल ने किया। इस दौरान विधायक राम सिंह कैड़ा, मंडी परिषद अध्यक्ष डॉ. अनिल कपूर डब्बू, जिपं अध्यक्ष बेला तोलिया, प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश रावत, विकास भगत, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत, गीता ठाकुर, देवेंद्र सिंह ढेला, रंजन बर्गली, नवीन भट्ट, शांति मेहरा, भुवन भट्ट मौजूद रहे।

### मंडलों के चुनाव प्रभारियों की हुई घोषणा

**हल्द्वानी :** जिलाध्यक्ष बिष्ट ने जनपद के 22 मंडलों के लिए चुनाव प्रभारी की घोषणा की। उन्होंने बताया कि नैनीताल के मंडल प्रभारी साकेत अग्रवाल, भवाली में शांति मेहरा, गरमपानी में महेंद्र नेगी, बेतालघाट में भावना मेहरा, भीमताल में प्रदीप जनौटी, रामगढ़ में चंदन बिष्ट, ओखलकांडा में खीमानंद शर्मा, धारी में सचिन साह, हल्द्वानी में प्रकाश रावत, काठगोदाम में दिनेश आर्य, कालाढूंगी में दिनेश मेहरा, कोटाबाग में हरिमोहन अरोड़ा, बिठौरिया में दिनेश खुल्बे, मुखानी में मनीष अग्रवाल, लामाचौड़ में उमेश शर्मा, गौलापार में गोपाल बुधलाकोटी, हल्दूचौड़ में कमल नयन जोशी, बिंदुखत्ता में प्रकाश हरबोला, लालकुआं में विकास भगत को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# जमरानी का मुआवजा न मिलने की अफवाह फैली

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जमरानी बांध परियोजना धरातल पर उतरने लगी है। प्रभावितों को मिलने वाली मुआवजा राशि भी उनके बैंक खातों में ट्रांसफर होने लगी है, लेकिन पिछले कई दिनों से लोग रुपयों का इंतजार कर रहे हैं और नहीं मिल रहे। इस बीच अफवाह उड़ गई कि जिनके बैंक खातों में मुआवजा राशि नहीं पहुंची, उन्हें अब मुआवजा नहीं मिलेगा। इधर, अधिकारियों ने दावा किया है कि सूचीबद्ध सभी 1267 लोगों के बैंक खातों में मुआवजा राशि ट्रांसफर होगी।

बीते माह 15 अक्टूबर को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हल्द्वानी आए थे। यहां आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने सहायता राशि का एक मुश्त चेक विभाग को सौंपा था। इसी के बाद से लोगों के खातों में मुआवजा राशि पहुंची। 15 अक्टूबर से अब तक 870 लोगों के बैंक खातों में 327 करोड़ रुपये की मुआवजा राशि पहुंच चुकी है अभी 397 लोगों के बैंक खातों में मुआवजा राशि पहुंचनी बाकी है। यह राशि पिछले कुछ दिनों से रुकी हुई है। इस बीच अफवाह फैलानी शुरू हो गई कि जिनके खातों में मुआवजा राशि नहीं पहुंची है, उन्हें अब मुआवजा ही नहीं मिलेगा। इससे लोग परेशान हो गए। लोगों को बताया गया कि किसी आपत्ति लगा दी है, जिसकी वजह से अब मुआवजा नहीं मिलेगा। हालांकि परियोजना से जुड़े अधिकारियों ने इस बात के सिरे से खारिज किया है। अधिकारियों का कहना है कि अभी फिजिकल वेरीफिकेशन चल रहे हैं। जो लोग चल पाने में या उन तक पहुंच पाने में असमर्थ हैं, ऐसे लोगों के लिए बुधवार, 6 नवंबर को टीम उनके घर मुरकुड़िया, तिलवाड़ी आदि आदि स्थानों पर पहुंच कर फिजिकल वेरीफिकेशन करेगी। जिसके बाद मुआवजा राशि खातों में पहुंचनी शुरू हो जाएगी। हालांकि तमाम लोग ऐसे हैं, जो चल पाने में सक्षम हैं, लेकिन उनके खातों में भी मुआवजा राशि नही पहुंची है। अधिकारियों का कहना है कि ऐसे लोगों को अपने दस्तावेजों के साथ जमरानी कार्यालय में स्वयं पहुंच कर फिजिकल वेरीफिकेशन कराना होगा।

# गुरुनानक देव के प्रकाश पर्व पर आज से होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**धर्म-कर्म**

- गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के लंगर हॉल में हुई प्रेस वार्ता में आयोजकों ने दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी




गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के लंगर हॉल में प्रेस वार्ता करते आयोजक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सिख गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा की ओर से गुरुनानक देव के प्रकाश पर्व पर 6 से 15 नवंबर तक विभिन्न कार्यक्रम किए जाएंगे।

मंगलवार को गुरुद्वारे के लंगर हॉल में हुई प्रेस वार्ता में आयोजकों ने बताया कि 6 नवंबर को गुरुद्वारे में दो माह से चल रहे सहज पाठ की संपूर्णता, 8 को पहली प्रभात फेरी गुरुद्वारा सिंह सभा काठगोदाम जाएगी, 9 को दूसरी प्रभात फेरी गुरुद्वारा गुरुनानकपुरा, 10 को तीसरी प्रभात फेरी गुरुद्वारा चार साहिबजादे, 11 को चौथी प्रभात फेरी गुरुद्वारा दुख निवारण साहिब, 12 को पांचवी प्रभात फेरी गुरुद्वारा श्री गुरु हरकिशन साहिब, 13 को छठी प्रभात फेरी गुरुद्वारा श्री गुरू सिंह सभा हल्द्वानी में होगी। 14 की शाम को 7 से 10 बजे तक गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में महान गुरमत समागम और और 15 को रामलीला मैदान में सुबह 9 से दोपहर तीन बजे तक महान गुरमत समागम और शाम को 7 से 11 बजे तक गुरमत समागम होगा। इन समागमों में दरबार साहिब श्री अमृतसर से आए शौकीन सिंह, गुरूदेव सिंह, गुरुप्रीत सिंह जंडियाला वाले एवं भाई मोहन सिंह हजूरी रागी समूह संगत को गुरुवाणी कीर्तन एवं कथा विचार से निहाल करेंगे। इन सभी समागमों में गुरू का लंगर अटूट बरता जाएगा। इस मौके पर अल्मोड़ा हादसे में जान गंवाने वालों और घायलों के जल्द स्वस्थ होने के लिए अरदास की गई। इस दौरान परमजीत सिंह कोहली, जसपाल सिंह कोहली, रणजीत सिंह आनन्द, बलजीत सिंह चंडोक, जगजीत सिंह आनन्द, वीरेन्द्र सिंह चड्ढा, कवलजीत सिंह उप्पल, अमरजीत सिंह आनन्द, रमनदीप साहनी, गगनदीप स्याली, हरविन्दर सिंह सेठी, अमरजीत सिंह बिन्द्रा मौजूद रहे।

# याद किया मल्हार पल्टन का साहस

**हल्द्वानी :** 15 कुमाऊं (इंदौर) की मल्हार पल्टन ने मंगलवार को 295वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। पूर्व सैनिकों ने शहीद हुए जवानों के शौर्य, पराक्रम और अदम्य साहस को याद कर दो मिनट मौन रखा।

मुख्य अतिथि पूर्व कमांडिंग ऑफिसर ब्रिगेडियर एसके चौधरी और कमांडेंट कुमाऊं रेजीमेंट संजय यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के साथ दो मिनट का मौन रखा। कैप्टन चंद्रवीर बसेड़ा ने मल्हार पल्टन के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मल्हार रेजीमेंट का देश की रक्षा में बड़ा योगदान है। इस दौरान डिफेंस एकेडमी के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। पूर्व सैनिकों के परिवार ने पहाड़ी और गढ़वाली गीतों पर खूब नृत्य किया। झोड़ा और चांचरी की प्रस्तुति ने समां बांधा। इस दौरान कै.मोहन सिंह, कै.नारायण सिंह, कै.सीबीएस बसेड़ा, सूबेदार मेजर कै.भूपेंद्र हाड़ा, सूबे.मे.कै.देवराज ज्याला, कै.जीएस ज्याला, कै.एनएस रौतेला, कै.गुलाब सिंह मनराल, कै.दरबार सिंह, सूबेदार संजय खन्का रहे।

# नहाय-खाय के साथ छठ महापर्व शुरू

संवाददाता हल्द्वानी



रामुपर रोड स्थित छठ पूजा स्थल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर बुधवार को नहाय खाय के साथ महापर्व छठ पूजा की शुरुआत हो गई है। परंपरा के साथ सुबह नहाकर सात्विक भोजन ग्रहण कर व्रतियों ने छठी मइया की पूजा शुरू की। वहीं छठ पूजा स्थलों पर भी महापर्व के लिए सजावट होने लगी है। रामपुर रोड स्थित स्थल पर मंगलवार को चहल-पहल रही। वहीं नहर में आ रहे नाले के गंदे पानी के डायवर्जन का कार्य पूरा करा दिया गया। इससे छठव्रतियों को अर्घ्य देने के दौरान सुविधा होगी।

छठ पूजा सेवा समिति के महामंत्री मुरारी प्रसाद श्रीवास्तव ने बताया कि मंगलवार को नहाय खाय के साथ छठ पूजा का आरंभ हो गया है। दोपहर में चने का दाल लौकी की सब्जी, चावल से बना हुआ खाना खाने के बाद व्रत प्रारंभ हो गया है। बताया कि यह पर्व चार दिनों का होता है और विशेष रूप से संतान के लिए किया जाता है। नहाय-खाय में विशेष रूप से कद्दू, भात और चने की दाल का भोजन करने की परंपरा है। खरना का अर्थ है शुद्धिकरण और इस दिन गुड़ और चावल की खीर बनाकर सेवन की जाती है। इसी दिन से निर्जल उपवास का संकल्प लेकर 36 घंटे की तपस्या शुरू होती है। तीसरे दिन डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जाएगा।

अर्घ्य देने के लिए छठ पूजा स्थल को पूरी तरह से तैयार कर लिया गया है। वहीं इस बार साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा गया है। कहा कि इसके लिए प्रशासन और नगर निगम का सहयोग मिल रहा है। महापर्व का चौथा और अंतिम दिन होगा, जिसमें उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। कहा कि इस पर्व का विशेष प्रसाद ठेकुआ होता है, जो गेहूं के आटे, गोला (गुड़), और घी से तैयार किया जाता है। यह प्रसाद व्रती महिलाएं सूर्य भगवान को अर्पित करती हैं। कहा कि तैयारियां पूरी की जा रही हैं। खरना के दिन से घाट पर भी चहल-पहल हो गई।

# काठगोदाम से रानीबाग तक सड़क चौड़ीकरण की मांग

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** व्यापारी अब काठगोदाम से रानीबाग तक सड़क चौड़ीकरण नहीं होने परउग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने जिला प्रशासन से काठगोदाम-गुलाबघाटी-रानीबाग-भीमताल डायवर्जन तक सड़क चौड़ीकरण की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रशासन इसको प्राथमिकता के आधार पर कराएं, इसके लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को निर्देशित किया जाना चाहिए। पहले चरण में काठगोदाम से रानीबाग तक चौड़ीकरण कराया जाए जिसे 31 मार्च 2025 तक पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नैनीताल और समीपवर्ती पर्यटन स्थल लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में शामिल हैं। हर साल लाखों पर्यटक आते हैं जो जाम का कड़वा अनुभव साथ ले जाते हैं। ऐसे में पर्यटकों को पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए तभी पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। वहीं, जाम से बागेश्वर, अल्मोड़ा, रानीखेत से आने जाने वालों को भी परेशानी होती है। पिछले वर्ष भी प्रशासन को इस से अवगत कराया था लेकिन कुछ नहीं हुआ। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

# मीट की दुकानों को चार माह में विस्थापित करें

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने हल्द्वानी में नगर निगम की ओर से मीट मार्केट से अतिक्रमण हटाने को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा की युगलपीठ ने नगर निगम और सरकार से चार माह में मीट की दुकानों को विस्थापित करने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को हुई सुनवाई में वरिष्ठ अधिवक्ता टीए खान ने कोर्ट को बताया कि प्रशासन और नगर निगम ने अतिक्रमण को हटाने के लिए उन्हें 31 मार्च को नोटिस दिया और 4 अप्रैल को अतिक्रमण हटा दिया गया जबकि नोटिस जारी होने के तुरंत वे कोर्ट में याचिका दायर कर चुके थे। मामले के अनुसार हल्द्वानी निवासी विजय पाल सिंह एवं अन्य ने याचिका दायर कर कहा है कि वे 1960 से उक्त स्थान पर मीट का कारोबार करते आए हैं। नगर निगम ने उन्हें मीट कारोबार के लिए इसका लाइसेंस भी दिया हुआ है। जब नगर पालिका थी तो उस समय दो मीट मार्केट चोरगलिया और रामपुर रोड पर थे। नगर निगम बनने से इस स्थान पर निगम ने पक्की दुकानें बनाकर अन्य को दे दी गईं। उसके बाद वे को मंगल पड़ाव शिफ्ट कर दिया गया। तब से वे यहां कारोबार करते आ रहे हैं।

# विरोध के बाद ठेकेदारों ने डाले टेंडर

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** नगर निगम ने शहर की आंतरिक सड़कों के पैचवर्क के लिए लगभग डेढ़ करोड़ रुपये के टेंडर जारी किये थे जिसमें मंगलवार को ठेकेदारों ने निविदा प्रक्रिया में भाग लेकर टेंडर डाले। इससे पूर्व में नगर निगम ने टेंडर जारी किया था जिसका ठेकेदार लगातार विरोध कर रहे थे और किसी भी ठेकेदार ने टेंडर नहीं डाला था। इस कारण लंबे समय से सड़कों में पैचवर्क का काम शुरू नहीं हो पा रहा था। अब ठेकेदारों ने आपसी सहमति के बाद टेंडर प्रक्रिया में हिस्सा लिया है जिससे नगर निगम को शीघ्र ही पैचवर्क का काम शुरू होने की उम्मीद है। जेई महेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि बजट मिलते ही सड़कों में पैचवर्क शुरू कर दिया जाएगा।




# ओवरलोडिंग के खिलाफ राज्य में 10 नवंबर से शुरू होगा अभियान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा जिले के मार्चूला में 36 लोगों की मौत के बाद अब पुलिस हरकत में आई है। डीजीपी अभिनव कुमार ने ओवरलोडिंग के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए इसके खिलाफ 10 नवंबर से पूरे राज्य में अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा है कि राज्य में पिछले 10 साल में ओवरलोडिंग की वजह से हुए हादसों के स्पॉट चिह्नित किए जाएं।

मंगलवार को वीडियो कॉफ्रेंसिंग के जरिये डीजीपी अभिनव कुमार ने अपराध, कानून व्यवस्था एवं यातायात प्रबन्धन को लेकर गोष्ठी की। निर्देशित किया कि 10 नवंबर से ओवरलोडिंग वाहनों, डग्गामार वाहनों, शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सभी जनपदों में विशेष अभियान चलाया जाए। नियमों का उलंघन करने वाले वाहन मालिक, ड्राइवर, कंडक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए। पिछले 10 साल में ओवरलोडिंग से हुए सड़क दुर्घटना के हॉट स्पाट चिह्नित कर ऐसे स्थानों पर साइनएज बोर्ड, ग्लोइंग बोर्ड, क्रेश बैरियर लगाए जाएं। इसके अलावा धरना व जलूस प्रदर्शन के जरिये एनएच बाधित करने, रेल रोकने पर मुकदमे दर्ज किए जाएं। उन्होंने कहा, सम्पत्ति की बरामदगी 61 प्रतिशत से नीचे प्रोफोर्म करने वाले जनपद सम्पत्ति की बरामदगी प्रतिशत में वृद्धि करें। मैदानी व पहाड़ी जनपदों के अपराध सम्बन्धी आंकडों का तुलनात्मक मूल्यांकन अलग-अलग किया जाए। इनामी अपराधियों और ऑपरेशन स्माइल में गुमशुदा लोगों को उनके परिजनों से मिलाने के लिए अभियान चलाकर कार्रवाई करें। वर्ष 2025 से जनपद प्रभारी पर्यवेक्षण के लिए उत्तरदायी होगें। आगामी वर्ष में चारधाम यात्रा को निर्बाध रूप से सम्पन्न कराने के लिए अभी से होमवर्क कर लें। इस दौरान एडीजी एपी अंशुमान, गढ़वाल आईजी केएस नागन्याल, लॉ एंड ओ आईजी नीलेश आनन्द भरणे, निदेशक यातायात अरूण मोहन जोशी, आईजी सेंथिल अबुदई एवं पी रेणुका देवी आदि थे।

# डहरिया में आज से पानी मिलने की उम्मीद

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** शहर में ठंड शुरू होने के साथ ही पेयजल समस्या बढ़ती जा रही है। आईटीआई परिसर डहरिया में मंगलवार को नलकूप के खराब रहने से पेयजल संकट गहराया रहा। प्रभावितों तक विभाग ने दो टैंकर लगाकर पानी पहुंचाया।

मंगलवार को भी डहरिया में आईटीआई के खराब नलकूप की मरम्मत का कार्य जारी रहा। प्रभावितों तक विभाग जल संस्थान कार्यालय परिसर के ओवरहैड टैंक से भरकर पानी बांटता रहा।

इस दौरान विभाग की ओर से नलकूप की मरम्मत का कार्य चलाया गया। सहायक अभियंता प्रमोद पांडे ने बताया कि नलकूप की पुरानी मोटर को बदलकर रिपेयर मोटर को लगाने की तैयारी है।

उन्होंने कहा कि बुधवार रात तक मोटर को बदल लिया जाएगा। गुरुवार से नलकूप ठीक होने पर पानी मिलने की उम्मीद है। इसके बाद समस्या खत्म हो जाएगी।

### अवैध कनेक्शन हटाने की मांग की

दमुवाढूंगा में अवैध पेयजल कनेक्शन के चलते परेशान हो रहे लोग बुधवार को जल संस्थान में ईई आरएस लोशाली से मिले। ईई से मिलकर लोगों ने कहा कि उनके क्षेत्र में कई लोगों ने अवैध कनेक्शन जोड़कर पेयजल आपूर्ति प्रभावित की है। उन्होंने इन कनेक्शन को हटाने की मांग की है।

## हाउस टैक्स जमा करने की अवधि बढ़ाई जाए : बाली



**काशीपुर:** भाजपा नेता दीपक बाली ने नगर निगम प्रशासक से जनता की परेशानियों को देखते हुए हाउस टैक्स जमा करने की अवधि आगे बढ़ाए जाने की मांग की है।

मंगलवार को प्रेस को जारी विज्ञप्ति में दीपक बाली ने कहा कि उन्हें काशीपुर नगर निगम क्षेत्र से लोगों की लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि दीपावली का अवकाश होने के कारण लोग समय पर हाउस टैक्स जमा नहीं कर पाए, लिहाजा नगर निगम द्वारा उनसे 20 प्रतिशत पेनाल्टी के साथ हाउस टैक्स वसूला जा रहा है। नगर निगम में 31 अक्टूबर से 3 नवंबर तक दीपावली का अवकाश था। इससे लोग निर्धारित अवधि तक टैक्स जमा नहीं कर पाए। इसलिए नगर निगम को मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए हाउस टैक्स जमा करने की अवधि कम से कम 15 दिन और बढ़ा देनी चाहिए। इससे नगर निगम को मिलने वाले टैक्स में तो इजाफा होगा ही साथ ही जनता को भी पेनल्टी से राहत मिल जाएगी।

जिन लोगों से पेनल्टी वसूल की जा चुकी है उनकी बढ़ी हुई पेनल्टी राशि को आगामी वर्ष के लिए खातों में दर्ज कर ली जाए।

# थम नहीं रहा श्रमिकों का शोषण, दस और निकाले

### सिडकुल की केपीआई कंपनी का मामला, कंपनी गेट पर धरना शुरू



रुद्रपुर के सिडकुल में कंपनी गेट पर धरना देते श्रमिक। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** सिडकुल की डॉल्फिन, भगवती हो या फिर अन्य कंपनियां सिडकुल में श्रमिकों का शोषण लगातार बढ़ता जा रहा है। ऐसे ही सिडकुल की केपीआई कंपनी ने बिना नोटिस जारी किए पहले दस श्रमिकों को काम से निकाल दिया और दूसरी सूची जारी करने की तैयारी शुरू कर दी। इसके खिलाफ श्रमिकों ने कंपनी गेट पर अपना धरना शुरू कर दिया है।

श्रमिकों का कहना था कि पिछले लंबे समय से वह कंपनी में कार्यरत है और स्थायी कर्मचारी के तौर पर काम करते थे कि अचानक कंपनी ने सभी को ठेकेदारी में डाल दिया। जब इसका विरोध किया, तो प्रबंधन ने बिना कारण नोटिस दिए दस श्रमिकों को काम से निकाल दिया और दूसरी सूची भी जारी करने की तैयारी कर रही है। इसके खिलाफ आंदोलित श्रमिकों ने कंपनी गेट पर ही अपना धरना शुरू कर दिया। उन्होंने प्रबंधन से स्थायी तौर पर कार्य देने, कार्य बहाली करने और वेतन वृद्धि किए जाने का मुद्दा उठाया। आगाह किया कि यदि प्रबंधन ने उनकी मांगों पर गौर नहीं किया तो आंदोलन जारी रहेगा। इस मौके पर गौरव सिंह राणा, योगिता बिष्ट, आरती बिष्ट, लिपिक देवी, ज्योति, संगीता देवी, भुवनेश्वरी देवी, बबीता बिष्ट, यामिनी जोशी आदि मौजूद रहे।

# नहाय-खाय से छठ पूजा की शुरुआत

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** सूर्य उपासना व आस्था का महापर्व छठ पूजा दीपावली के छह दिन बाद मनाया जाता है और यह पूजा चार दिनों तक चलती है जिसमें मंगलवार को व्रती महिलाओं ने नहाय-खाय से पूजा की शुरूआत कर दी है।

पूर्वांचल समाज के लोगों ने बताया कि 6 नवंबर (आज) को खरना के साथ निर्जला व्रत शुरू हो जाएगा। इसके पश्चात महिलाओं द्वारा 7 नवंबर की सायं डूबते सूर्य तथा 8 नवंबर की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जाएगा। व्रत कार्तिक शुक्ल चतुर्थी से शुरू होकर कार्तिक शुक्ल सप्तमी तक चलता है। धार्मिक मान्यता यह है कि घर में सुख-समृद्धि और संतान को लेकर यह पूजा की जाती है। छठ पूजा करने वाले को वैभव की प्राप्ति होती है और व्रती की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। यह पर्व बिहार व पूर्वी उत्तर-प्रदेश में धूमधाम से मनाया जाता है।



खटीमा में छठ पूजन के लिए तैयार पूजास्थल। ● अमृत विचार

### छठ पूजा की तैयारियां अंतिम चरण में

**खटीमा :** पूर्वांचल सेवा समिति की देखरेख में रेलवे स्टेशन के समीप जलाशय में छठ पूजन संबंधी समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। समिति अध्यक्ष सुनील रैदानी आदि की देखरेख में जलाशय को भव्य आकर्षक बनाया जा रहा है। सात नवंबर को पूर्वांचल समाज की महिलाओं द्वारा छठ मैया का पूजन किया जाना है। छठ पूजन में प्रतिभाग करने वाली महिलाएं पूजन तिथि से एक दिन पूर्व एवं एक दिन बाद तक निर्जला रहकर सूर्य देव की पूजा करती हैं। निर्जला रहकर महिलाएं डूबते एवं अगले दिन प्रातः उगते सूरज को जल चढ़ाती हैं और मांग करती हैं कि उनके पति की दीर्घायु एवं सूर्य के समान तेज बल वाला उनका पुत्र हो। नगर पालिका के जलाशय पर पूजन हेतु भव्य चबूतरे, प्रकाश व्यवस्था, जलाशय में फब्बारे के साथ जल धारा भव्य एवं आर्कषता का प्रतीक है। छठ पूजन की तैयारी में अंकित पांडे महामंत्री, कमल सिंह कोषाध्यक्ष, एमपी सिंह, अजय सिंह, नरेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, विनोद कुमार सिंह, डॉक्टर महेंद्र प्रताप पांडे, विश्वनाथ यादव, आरए सिंह, बृजेश प्रजापति, संतोष सिंह, जितेंद्र सिंह, रत्नाकर पांडे आदि जुटे रहे।

### किच्छा के छठ घाटों को सजाया गया

**किच्छा:** पूर्वांचल समाज का प्रमुख छठ पर्व नहाय खाय के साथ शुरू हो गया है। तीन दिनों तक चलने वाले छठ त्यौहार पर महिलाओं द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कर उगते एवं डूबते सूरज को अर्घ्य दिया जाता है। नगर के छठ घाटों को सुंदर तरीके से सजाया गया है। छठ पर्व को लेकर प्रशासन द्वारा किच्छा डैम, किशनपुर, बंडिया, उत्तरांचल कॉलोनी स्थित छठ घाटों को पर साफ सफाई करने के साथ ही प्रकाश व्यवस्था कराई गई है। स्थानीय लोगों द्वारा भी छठ घाटों को सुंदर तरीके से सजाया गया।

किशनपुर में समाजसेवी संजीव कुमार सिंह के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्वांचल समाज के तमाम लोगों ने एकत्रित होकर पूजा अर्चना की। इस मौके पर सोनी सिंह, अलका सिंह, सुषमा सिंह, उर्मिला सिंह, कंचन सिंह, पुष्पा सिंह, सोनू सिंह, भावना सिंह, विशाल चौहान, धनंजय सिंह, ब्रह्मानंद पुरोहित, नवीन सिंह, मनोज गुप्ता, कमलेश दुबे, संदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# डीएपी खाद को लेकर मारामारी

संवाददाता, खटीमा

**हालात**

- सहकारिता विभाग सहित इफ्को सेंटर से खाद नदारद
- गेहूं की बुआई को लेकर किसान हो रहे परेशान

**अमृत विचार:** गेहूं की फसल बुआई के लिए इन दिनों खाद को लेकर मारामारी चल रही है। किसान सहकारी समितियों, इफ्को खाद सेंटर एवं क्रय विक्रय समितियों के चक्कर काट रहे हैं लेकिन कहीं भी एमपी एवं डीएपी खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है।

खाद बिक्री केन्द्रों पर किसानों को महज शीघ्र उपलब्ध होने का भरोसा दिलाया जा रहा है। विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत यद्यपि सहकारिता विभाग कि उत्तरी, दक्षिणी, झनकट तथा मझोला सहकारी समितियों में किसानों को खाद प्रचुर मात्रा में उपलब्ध रहती थी। इसके अलावा क्रय विक्रय सोसायटी सहित इफ्को सेंटर पर खाद मिलती थी। लेकिन इस बार गेहूं की बोआई का समय करीब आने के साथ ही खाद नदारद रही है। किसानों की मानें तो गेहूं बुआई के लिए एमपी तथा डीएपी खादें जरूरी हैं। यह खाद गेहूं के बीज के साथ किसान खेतों में छिड़कता है। एमपी व डीएपी की अनुउपब्धता से गेहूं की बुआई में विलंब होने लगा है।

किसानों का आरोप है कि उन्हें सरकार द्वारा घोषित धान का मूल्य नहीं मिल पाता है। वर्तमान में किसान तमाम कारणों के चलते अपनी पैदावार 1600 से 1800 रुपये प्रति क्विंटल के बीच बिचौलियों को सौंपने को मजबूर हैं। वहीं मार्केट में गेहूं की बुआई के लिए खाद नहीं मिल पा रही है। चंदेली के पूर्व प्रधान जसपाल सिंह मल्ली, रतनपुर के पूर्व प्रधान देवेंद्र सिंह राणा, खटीमा– मझोला सहकारी गन्ना विकास समिति के डायरेक्टर मनमोहन सिंह सोहेल आदि ने परेशानी बताई है।

> खाद की कमी को तरल खाद से दूर कर सकते हैं। किसान डीएपी के स्थान पर नैनो खाद इस्तेमाल कर सकते हैं। खाद की कमी ऊपर से ही चल रही है। दो चार दिन बाद रुद्रपुर से खाद की रैक लगने वाली है। – **जगदीश गिरी,** एडीओ सहकारिता खटीमा

> खाद की कमी कंपनियों को कच्चा माल उपलब्ध नहीं हो पाने से हुई है। यह कमी दीपावली के बाद हुई है। खाद की अचानक किल्लत का मामला उच्चाधिकारियों के संज्ञान में है। एक सप्ताह के अंदर खाद की रैक लगने वाली है।
> – **रेशब शाह,** फील्ड ऑफिसर इफ्को खाद सेंटर खटीमा

## मोटे अनाज से बन रहे बेकरी के उत्पाद

**काशीपुर:** मोटे अनाज को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ रही है। यही कारण है कि महिलाएं मोटे अनाज से बेकरी के उत्पाद बनाकर स्टॉलों और अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से बेचकर आय अर्जित कर रहीं हैं।

कृषि विज्ञान केंद्र की एसोसिएट डायरेक्टर गृह विज्ञान डॉ. प्रतिभा सिंह ने बताया कि गदरपुर में कृषक उत्पादक संगठन समृद्धि द्वारा मोटे अनाज से बेकरी के उत्पाद बनाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि समृद्धि से जुड़ी महिलाओं ने कृषि विज्ञान केंद्र से प्रशिक्षण प्राप्त किया है। प्रशिक्षण में महिलाओं को मोटे अनाज के उत्पाद बनाना सिखाया गया। जिसमें मडुवा, बाजरा से बिस्कुट, केक, नमकीन आदि बनाना सिखाया गया। डॉ. सिंह ने बताया कि इस काम से करीब 25 से 30 महिलाएं जुड़ी हुई हैं।

# छात्र संघ चुनाव कराने की मांग मुखर

**लामबंद**

- संभावित प्रत्याशी ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र संघ अध्यक्ष के संभावित प्रत्याशी हर्षित सिंह के नेतृत्व में छात्रों ने महाविद्यालय के प्राचार्य को पत्र सौंप कर छात्र हितों की दृष्टिगत अतिशीघ्र चुनाव कराने की मांग की है।

प्राचार्य डॉ. गुरेंद्र सिंह को सौंपे ज्ञापन में कहा गया है कि उनके द्वारा छात्र संघ चुनाव तिथि घोषित करने की मांग को लेकर पांच दिवसीय आंदोलन किया गया था लेकिन प्रशासन द्वारा दीपावली अवकाश के बाद चुनाव तिथि घोषित करने का आश्वासन देकर आंदोलन समाप्त कराया था।



खटीमा में छात्रसंघ चुनाव की प्राचार्य से मांग करते छात्रनेता। ● अमृत विचार

पत्र में कहा गया है कि दीपावली अवकाश के बाद विश्वविद्यालय तथा प्रशासन द्वारा चुनाव तिथि के संबंध में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।

उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि छात्र-छात्राओं को इसी तरह गुमराह किया जाता रहा और चुनाव की तिथि घोषित नहीं की गई तो सभी छात्र-छात्राएं पुनः आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

ज्ञापन देने वालों में मुस्कान, पायल, नमिता, अंजलि, काजल, कुमकुम, कोमल, प्रभा, कृष्णा, त्रिलोक तथा प्रमोद गड़कोटी आदि शामिल थे।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि जेतेन्द्र सिंह पुत्र बलवीर सिंह एवं विक्रमजीत सिंह पुत्र हरविन्दर सिंह निवासीगण वार्ड नं.-9, किच्छा, जिला ऊधम सिंह नगर द्वारा मनोज कुमार सिंह पुत्र श्री पारस नाथ सिंह से वार्ड नं. 9, निकट आर्य समाज मंदिर, किच्छा में जोत-चकबन्दी आकार पत्र सं. 23 के खसरा नं. 248 मिन में रकबा 125.46 वर्ग मीटर भूमि रजिस्ट्री बैनामे के माध्यम से क्रय की थी। उक्त भूमि का पंजीकृत बैनामा दिनांक 05-07-1997 बही नं. 1, जिल्द नं. 81 के पृष्ठ सं. 471 से लेकर 474 के क्रमांक सं. 248 पर उप निबन्धक कार्यालय किच्छा में दर्ज है।सूचित किया जाता है कि उक्त दस्तावेजों की मूल प्रति वास्तव में गुम हो गई है जिसका अन्य द्वारा उपयोग अवैध होगा। – **जेतेन्द्र सिंह एवं विक्रमजीत सिंह, वार्ड नं. 9, किच्छा, जिला – ऊधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड)**

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान**
**शाखा हल्द्वानी**
जल संचय–जीवन संचय
दूरभाष / फैक्स नं0– 05946–220776 Email: eeujshid@gmail.com

पत्रांकः 3320 / निविदा / 197 — **ई– निविदा सूचना** — दिनांकः 05 / 11 / 2024

मुख्य महाप्रबन्धक उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से शाखा हल्द्वानी हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा राज्य योजना के अन्तर्गत निम्न कार्यों के लिये उत्तराखण्ड जल संस्थान / उत्तराखण्ड पेयजल निगम में उपयुक्त श्रेणी में विद्युत / यांत्रिक कार्य हेतु पंजीकृत हों, ऐसे ठेकेदारों / फर्मों से दरें ई–निविदा, (टू–बिड) के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

ई–निविदा, निविदा पोर्टल **www.uktenders.gov.in** पर निविदादाताओं द्वारा **डाउनलोड कर अपलोड करने हेतु दिनांक 06 नवम्बर, 2024 की सायं 5.00 बजे से दिनांक 20 नवम्बर, 2024 की सायं 5.00 बजे तक** उपलब्ध होगी। ई–निविदा **अपलोड करने की अन्तिम तिथि दिनांक 20 नवम्बर, 2024 की सायं 5:00 बजे** व ई–ऑनलाईन अपलोडेड प्रपत्र **शाखा कार्यालय में जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक 21 नवम्बर, 2024 की सायं 05:00 बजे तक** तथा निविदा खुलने की तिथि **दिनांक 22 नवम्बर, 2024 मध्यान्ह 12:00 बजे** होगी। विवरण निम्नानुसार हैः–

| क्र0 सं0 | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | पंजीकरण श्रेणी | निविदा प्रपत्र का मूल्य | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 17 / 2024–25 | Strengthening And Repair of Various Unit at Seeshmahal Filter Plant NO. 01 Under Haldwani-Kathgodam water supply Scheme. | "डी" एवं उच्चतर श्रेणी | ₹1500.00+ ₹ 270.00 (GST 18%) = ₹1770.00 | ₹ 30,700.00 |
| 2 | 18 / 2024–25 | Strengthening And Repair of Water Treatment Plant at Seeshmahal Filter Plant NO. 02 & 03 Under Haldwani- Kathgodam water supply Scheme. | "डी" एवं उच्चतर श्रेणी | ₹1500.00+ ₹ 270.00 (GST 18%) = ₹1770.00 | ₹ 25,300.00 |

नोटः– ई–निविदा से सम्बन्धित सभी सूचनायें वेबसाईट **www.uktenders.gov.in** पर उपलब्ध होगी। उपरोक्त निविदा सूचना में यदि कोई संशोधन किया जाता है तो संशोधित निविदा सूचना सीधे वेबसाईट **www.uktenders.gov.in** पर ही अपलोड की जाएगी।

अधिशासी अभियन्ता

# 10 नवंबर को सितारगंज में लगेगा बहुउद्देशीय शिविर

संवाददाता, रुद्रपुर

**आयोजन**

- विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने दी जानकारी
- जनजातीय अधिकारों का कराया जाएगा बोध

**अमृत विचार :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव योगेंद्र कुमार सागर ने बताया कि 10 नवंबर की सुबह नौ बजे विकासखंड सितारगंज, सिसौना में नालसा जनजातीय अधिकारों का संरक्षण व प्रवर्तन योजना 2015 के तहत बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन हुआ। यह शिविर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल एवं जिला न्यायाधीश के आदेशानुसार होगा। इस शिविर में कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एवं उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष भी मौजूद रहेंगे। शिविर के माध्यम से जनजाति अधिकारों का किस प्रकार संरक्षण होगा और उसमें क्या प्रवर्तन हो सकता है, इन बिंदुओं पर विचार कर समुदाय के लोगों को जागरूक किया जाएगा। साथ ही जनजातीय समाज से जुड़ी विधिक समस्याओं पर विचार किया जाएगा। बताया कि शिविर में निशुल्क कानूनी ज्ञान माला पुस्तकों का वितरण के साथ ही केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को भी प्रदर्शित किया जाएगा। साथ ही शिविर में वृद्धा, विधवा, दिव्यांग पेंशन, परिवार रजिस्टर की नकल, आयुष्मान कार्ड, श्रम कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र सहित पात्र दिव्यांगजनों को उपकरण भी वितरित किए जाएंगे।



योगेंद्र कुमार सागर।

उन्होंने आह्वान किया कि शिविर के लाभार्थी दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो, आय प्रमाण पत्र, स्थाई निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र आदि की छायाप्रति के साथ लाएं।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज 4x5 सेमी 600/- रु.
साइज 4x6 सेमी 720/- रु.
साइज 4x7 सेमी 840/- रु.
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 7505012034, अल्मोड़ा : 9412962333,
रूद्रपुर : 8476843488, काशीपुर : 7906999205,
रामनगर : 9012387222, किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,**
**उत्तराखण्ड जल संस्थान, हल्द्वानी**
दूरभाष कार्यालय/फैक्स : 05946-220776 ई-मेल : eeujshld@gmail.com

पत्रांक : 3299 / जल जीवन मिशन–निविदा / 55 — **ई–निविदा सूचना** — दिनांक : 30.10.2024

मुख्य महाप्रबन्धक उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा **जल जीवन मिशन** के अन्तर्गत निम्न कार्य हेतु उत्तराखण्ड जल संस्थान व उत्तराखण्ड पेयजल निगम में "डी" एवं उच्चतर श्रेणी में पंजीकृत फर्मों, ठेकेदारों से दरें ई– निविदा "सिंगल बिड" के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

ई–निविदा पोर्टल www.uktenders.gov.in पर निविदादाताओं द्वारा डाउनलोड कर अपलोड करने हेतु **दिनांक 04 नवम्बर 2024 की सायं 5:00 बजे से दिनांक 18 नवम्बर 2024 की सांय 5:00 बजे तक** उपलब्ध होगी। ई–निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि **दिनांक 18 नवम्बर 2024 की सांय 5:00 बजे** एवं खोलने की तिथि **दिनांक 19 नवम्बर 2024 सायं 3:00 बजे तक** होगी। विवरण निम्नानुसार है–

| क्र0 सं0 | निविदा संख्या | योजना / कार्य का विवरण | निविदा प्रपत्र का मूल्य+ जी0एस0टी0 | निविदा धरोहर राशि | कार्य पूर्ण की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 10/JJM 2024-25 | विकासखण्ड कोटाबाग की स्यात पेयजल योजना में रैट्रोफिटिंग अन्तर्गत पाईप लाईन कार्य, श्रोत निर्माण, जलाशय निर्माण तथा एफ०एच०टी०सी० सम्बन्धी समस्त कार्य। | ₹ 2500.00+ 450.00 = Rs. 2950.00 | ₹0 100100.00 | 04 माह |

नोटः– ई–निविदा से सम्बन्धित सभी सूचनायें वेबसाईट www.uktenders.gov.in पर उपलब्ध होगी। उपरोक्त निविदा सूचना में यदि कोई संशोधन किया जाता है तो संशोधित निविदा सूचना सीधे वेबसाईट www.uktenders.gov.in पर ही अपलोड की जाएगी।

"जल संचय–जीवन संचय" — अधिशासी अभियन्ता



धान की औसत उपज का आंकलन करने के लिए क्राप कटिंग करते तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट।

### तहसीलदार ने की धान की फसल की कटाई

**बाजपुर :** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत मौसम खरीफ 2024-25 में औसत उपज आंकलन के लिए मंगलवार को तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट ने खरीफ फसल धान की कटाई की। तहसीलदार ने बताया कि मुड़िया मनी निवासी कृषक सतवंत कौर के खेत में 10 मीटर समबाहु त्रिभुज में क्राप कटिंग का कार्य किया गया। जिसमें औसतन प्रति हेक्टेयर 56 क्विंटल उत्पादन का आंकलन किया गया है। तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट ने कहा कि यदि किसी किसान को पराली की आवश्यकता न हो, तो वह नजदीकी गौशालाओं में दान स्वरूप प्रदान कर दें, जिससे गौवंश को चारा उपलब्ध हो सके और प्रदूषण से बचा जा सके। उन्होंने संबंधित किसान को खेतों में अवशेष पराली न जलाने की अपील की है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली,मुरादाबाद, हल्द्वानी,अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
नैनीताल : 7505012034, हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### प्रेमी जोड़ा शादी करके कोतवाली पहुंचा

**बाजपुर :** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत एक गांव निवासी युवक-युवती 14 अक्टूबर को घर से फरार हो गए थे। युवती के परिजनों ने गैर समुदाय के युवक पर नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया था। वहीं मंगलवार को नवयुगल जोड़ा शादी करके कोतवाली पहुंच गया और पुलिस से खुद की सुरक्षा की गुहार लगाई है। दोनों अलग-अलग धर्म से होने के कारण युवती पक्ष के लोगों में काफी गुस्सा है। आधार कार्ड के हिसाब से युवती बालिग है, जबकि परिजन उसे नाबालिग बताते हुए उसका मेडिकल परीक्षण करवाने की मांग कर रहे हैं। वहीं युवती अभी भी अपने प्रेमी के साथ रहने की जिद पर अड़ी है जिसे परिजन मनाने का प्रयास कर रहे हैं।

### हाट बाजार का अग्निशमन अधिकारी ने किया निरीक्षण

**काशीपुर :** काशीपुर की मानपुर रोड पर नया हाट बाजार लगने जा रहा है। साप्ताहिक बाजार को शुरू करने से पूर्व अग्निशमन अधिकारी ने टीम के साथ मौके का मुआयना किया। साथ ही संबंधित संचालक व कर्मियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। अग्निशमन अधिकारी गोविंद राम आर्य ने बताया कि एक व्यक्ति ने हाट बाजार लगाने के लिए एसडीएम से अनुमति मांगी थी। जिस पर टीम मौके पर गई।

### अवैध खनन के खिलाफ की कार्रवाई

**बाजपुर :** कोसी व दाबका नदी में अवैध खनन का खेल शुरू हो गया है जिसकी पुष्टि वन टीम की छापेमारी कार्रवाई से हुई है। सोमवार की देर रात डीएफओ के निर्देश पर एसडीओ मनीष जोशी, सहायक वन संरक्षक प्रभारी वन सुरक्षा बल गौरव पंत, रेंजर जितेंद्र डिमरी, रेंजर विजेंद्र अधिकारी, डिप्टी रेंजर अशोक टम्टा आदि टीम के साथ कोसी व दाबका नदी के प्रतिबंधित खनन क्षेत्र में अचानक छापेमारी की। टीम को पूरा खनन क्षेत्र वाहनों की रोशनी से गुलजार नजर आया। टीम के पहुंचते ही वहां भगदड़ मच गई। आनन-फानन में कई चालक अपने वाहनों को नदी में ही छोड़कर भाग निकले। बताया गया कि टीम ने मौके से तीन ट्रैक्टर, एक ट्रैक्टर-ट्रॉली, एक डंपर और फील्डर की एक बाइक को बरामद कर कब्जे में ले लिया है।

### 31 पाउच कच्ची शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**बाजपुर :** बेरिया दौलत चौकी की पुलिस ने ग्राम सरकड़ी केलाखेड़ा निवासी राज सिंह को पिट्ठू बैग में भरे 31 पाउच कच्ची शराब के साथ चंदनपुरा को जाने वाले मार्ग पर रेलवे फाटक के पास से गिरफ्तार किया है।

वीडियो वायरल, प्रमुख कारोबारी की है पत्नी, मुकदमा दर्ज, लाइसेंस हो सकता है निरस्त

# दंत चिकित्सक ने किए ताबड़तोड़ फायर

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** शहर के प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक इंटरप्राइजेज के एमडी की पत्नी और वरिष्ठ दंत महिला चिकित्सक को अपनी लाइसेंसी पिस्टल से ताबड़तोड़ फायर करना महंगा पड़ गया। फायरिंग की वीडियो वायरल होते ही कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया और लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई की भी तैयारी शुरू कर दी है। कारोबारी की पत्नी व दंत चिकित्सक की गोलीबारी का वीडियो चर्चा का विषय बना हुआ है।

31 अक्टूबर दीपावली के दिन इंस्टाग्राम पर एक महिला द्वारा अपनी लाइसेंसी पिस्टल ने ताबड़तोड़ फायर करने की वीडियो वायरल हुई थी। जब कोतवाली प्रभारी रुद्रपुर मनोज रतूड़ी ने वीडियो की पड़ताल की तो



लाइसेंसी पिस्टल से हवाई फायरिंग करतीं दंत चिकित्सक। ● अमृत विचार

पाया कि फायरिंग करने वाली और कोई नहीं, बल्कि शहर के गुरु मां इंटरप्राइजेज के एमडी एवं प्रमुख कारोबारी अभिमन्यु ढींगरा की पत्नी व शहर की वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ. आंचल ढींगरा है। थाना प्रभारी ने तत्काल सीसीटीएनएस कार्यालय आकर तहरीर देकर बताया कि महिला डॉक्टर आंचल द्वारा दीपावली की रात्रि लाइसेंसी पिस्टल से करतारपुर फार्म हाउस थाना गदरपुर में फायरिंग की जो कि आर्म्स एक्ट अधिनियम के तहत आता है और कोई भी लाइसेंस धारक सार्वजनिक रूप से बेवजह फायर नहीं कर सकता, क्योंकि इस प्रकार की फायरिंग की वारदात इलाके में दहशत फैला सकती है। पुलिस ने लाइसेंस धारक डॉ. आंचल ढींगरा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। उधर, रुद्रपुर कोतवाली प्रभारी मनोज रतूडी ने बताया कि इंस्ट्राग्राम पर फायरिंग की डाली गई वीडियो काफी वायरल हुई, क्योंकि करतारपुर फार्म हाउस कोतवाली इलाके में आता है और पुलिस ने मामला सामने आते ही आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है और लाइसेंसी निरस्तीकरण की कार्रवाई भी करेगी। जल्द ही एक रिपोर्ट बनाकर डीएम को भेजी जाएगी।

# देर रात सड़क पर निकले एसएसपी

**सख्ती**

- महिला सुरक्षा एवं अपराध नियंत्रण को लेकर दिए निर्देश
- अब बिना अनुमति के रात को नहीं चलेंगे ई-रिक्शा व टेंपो

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** नीरज हत्याकांड सहित कई संगीन प्रकरणों में चालकों की भूमिका सामने आने के बाद महिला सुरक्षा एवं अपराध नियंत्रण को लेकर सोमवार की देर रात्रि खुद एसएसपी हाईवे पर उतर पड़े। इसकी सूचना मिलते ही पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में संबंधित थाना चौकी की पुलिस डीडी चौक पर इकट्ठा हो गई।

इस दौरान उन्होंने पहले देर रात्रि तक सवारी ढोने वाले ई-रिक्शा, ऑटो रिक्शा एवं टैंपों चालकों को रोककर पूछताछ की। साथ ही हिदायत दी कि अब



देर रात्रि अधीनस्थों को आदेशित करते एसएसपी मणिकांत मिश्रा। ● अमृत विचार

बिना पुलिस अनुमति के कोई भी टेंपो व ई-रिक्शा रात्रि सवारी नहीं ढोएगा। उन्होंने अधीनस्थों को भी आदेशित किया कि अब देर रात्रि तक सवारी ढोने वाले चालकों को पुलिस सत्यापन फोटो, मोबाइल नंबर और स्थायी एवं अस्थायी आवास का पता अंकित अनिवार्य होगा। साथ ही जिन चालकों का सत्यापन नहीं हुआ है। वह अब सिडकुल चौक, डीडी चौक, इंदिरा चौक, गाबा चौक, खेड़ा झील, तीन पानी एवं सिडकुल ढाल पर बनाए गए पुलिस प्वाइंट पर सवारी ढोने संबंधी जानकारी देंगे। हिदायत दी कि बिना अनुमति के सवारी ढोते पाए जाने पर वाहन को सीज कर दिया जाएगा। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि जिले में हत्या, लूट, दुष्कर्म, चोरी आदि की घटनाओं की रोकथाम के लिए ही यह निर्णय लिया गया है। आदेशों की अवहेलना करने पर चालक व विभागीय कर्मचारियों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

# नशे के खिलाफ विधायक ने निकाली छह किलोमीटर तक पदयात्रा

## विधायक पांडेय बोले-लोगों को होना होगा जागरूक, जनता से नशा मुक्ति अभियान में जुड़ने की अपील, चक्कीमोड़ से दिनेशपुर तक लोगों के साथ पैदल चले

**मोर्चा खोला**

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** विधायक अरविंद पांडेय ने नशे के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए 6 किलोमीटर तक पदयात्रा निकाली। उन्होंने क्षेत्र की जनता से नशा मुक्ति समाज निर्माण के लिए अभियान से जुड़ने की अपील की। उनका कहना था कि पहले घर बचेगा तो समाज व प्रदेश, देश खुशहाल होगा।

मंगलवार को विधायक अरविंद पांडेय के नेतृत्व में क्षेत्र के सैकड़ो स्कूली बच्चों, महिला व पुरुषों ने रामलीला मैदान चक्कीमोड़ से दिनेशपुर पुलीन बाबू स्मृति चौक तक 6 किलोमीटर पदयात्रा निकाल लोगों को जागरूक किया। पुलिन बाबू स्मृति चौक पर नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए विधायक अरविंद पांडेय ने कहा कि क्षेत्र के युवा नशे के आदी होते जा रहे हैं। कुछ सफेद पोश लोगों की मदद से पुलिस भी अपना काम नहीं कर पा रही है। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त समाज के लिए लोगों



दिनेशपुर के रामलीला मैदान चक्कीमोड़ से पदयात्रा निकालते विधायक अरविंद पांडेय। ● अमृत विचार



दिनेशपुर के पुलिन बाबू स्मृति चौक पर नुक्कड़ सभा में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

को खुद आगे आना होगा। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार व पुलिस प्रशासन अपना कार्य कर रहे हैं। लोगों के सहयोग के बिना नशे का कारोबार क्षेत्र में फल फूल रहा है। उनका कहना था कि नशे के लत को पूरा करने के लिए नशेड़ी क्षेत्र में आए दिन लूटपाट व हत्या की घटनाओं व दुर्घटनाओं के शिकार हो रहे हैं। घर व समाज में क्लेश का वातावरण फैला हुआ है। कई युवाओं ने आत्महत्या जैसी घटनाओं को अंजाम दिया है। पांडेय ने कहा कि अभी भी समय है कि हम लोगों को नशे के कारोबारियों के खिलाफ एकजुट होकर अभियान को सफल बनाना होगा। वरिष्ठ भाजपा नेता मोहन सिंह पानू ने विधायक अरविंद पांडेय द्वारा चलाए गए अभियान की सराहना की। पानू ने कहा कि लोगों को अपने घर, मोहल्ले, गांव से नशा मुक्त अभियान चलाकर घर व समाज को बचना होगा। कार्यक्रम का संचालन भाजपा अनुसूचित जाति प्रदेश महासचिव राकेश सिंह व भाजपा मंडल अध्यक्ष अनादिरंजन मंडल ने किया। इस मौके पर नपं निवर्तमान चेयरपर्सन सीमा सरकार, गूलरभोज नपं निवर्तमान चेयरपर्सन अनीता दुबे, डीसीबी पूर्व डायरेक्टर मोहन सिंह पानू, समाजसेवी मनविंदर पांडेय व हीरा जंगपांगी रौतेला, ऑर्डिनरी कै. धन सिंह कोरंगा, सूबेदार मेजर हिम्मत सिंह कुवर, अतुल पांडेय, भगत सिंह धर्मशक्तू, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश नारंग, तरुण कुमार सिंह, गोपाल सिंह ठठोला, दीपा चुफाल, शंकर कुनियाल, कैलाश पाठक, देवेंद्र सिंह धर्मशक्तू उर्फ दीपू, सुनीता मिस्त्री, राजेंद्र सिंह पानू, हिमांशु सरकार, सत्यजीत विश्वास, सुब्रत कुमार तरफदार, भोला शर्मा, डॉ सुधीर राय, प्रसन्नजीत शाह, राजू गाईन आदि सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।




लोगों को संबोधित करते विधायक अरविंद पांडेय। ● अमृत विचार

# डीएम के आदेश पर होगी सड़क हादसों की मजिस्ट्रीयल जांच

संवाददाता, रुद्रपुर

- एसडीएम पेश करेंगे तीन सड़क हादसों की रिपोर्ट
- हादसों के चश्मदीद दे सकते हैं सप्ताह भर में बयान

**अमृत विचार :** पंतनगर थाना इलाके में हुए सड़क दुर्घटनाओं के मामले में डीएम ने मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दे दिए है। प्रकरण की तफ्तीश एसडीएम द्वारा एक सप्ताह के अंदर डीएम को पेश करेंगे। इसके लिए एसडीएम ने चश्मदीदों को साक्ष्यों के साथ पेश होने की अपील की है।

पांच जून को महालक्ष्मी कंपनी सिडकुल में अज्ञात टुकटुक चालक द्वारा तेज गति से वाहन का संचालन करते हुए बाइक संख्या यूके 06 बीडी 5410 को टक्कर मार दी थी। इसमें शिकायतकर्ता अमरजीत का भाई गंभीर रूप से घायल हो गया था। इसके अलावा 21 अगस्त 2024 को नैनीताल हाईवे पर आईसीआईसीआई बैंक के सामने कार संख्या यूपी-25-डीपी 6168 ने टुकटुक को टक्कर मार दी थी। इसमें कुछ लोगों की मृत्यु हो गई थी और कुछ गंभीर रूप से घायल हो गए थे। वहीं छह अक्टूबर की शाम को जयनगर दिनेशपुर-मटकोटा मार्ग पर बिना नंबर प्लेट के ट्रक ने स्कूटी संख्या यूके 06-बीएच 4117 को टक्कर मार दी थी। जिसमें सवार दो एक व्यक्ति घायल हो गया था और दूसरे ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया था। हादसों के लगातार शिकायती पत्र आने के बाद याचिकाओं की याचिका पर सुनवाई करते हुए जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने सड़क दुर्घटनाओं की मजिस्ट्रियल जांच करने का आदेश दे दिया। साथ ही एसडीएम मनीष बिष्ट को जांच अधिकारी नियुक्त करते हुए एक सप्ताह के अंदर रिपोर्ट प्रेषित करने का भी आदेश दिया। उधर, जांच अधिकारी व एस डीएम ने बताया कि दुर्घटनाओं के संबंध में कोई भी व्यक्ति जानकारी रखता है या कथन करना चाहता है। वह विज्ञप्ति जारी होने के एक सप्ताह के भीतर साक्ष्यों के साथ एसडीएम कार्यालय आ कर अपना पक्ष रख सकता है। वहीं ई मेल आईडी भी जारी कर दी है।

### पत्नी पर दूसरी शादी करने का आरोप

**बाजपुरः** एक युवक ने अपनी पत्नी पर उसे बिना तलाक दिए दूसरी शादी करने व घर से सोना-चांदी के आभूषण एवं हजारों की नकदी निकाल ले जाने का आरोप लगाया है। मंगलवार को ग्राम केशोवाला निवासी एक युवक ने कोतवाली में तहरीर देकर पुलिस को बताया कि उसकी शादी करीब दस वर्ष पहले हुई थी। शादी के बाद पत्नी ने दो बच्चों को जन्म दिया। आरोप है कि उसकी पत्नी आए दिन लड़ाई-झगड़ा करती रहती थी। करीब चार माह पूर्व वह अपने मायके चली गई और फिर घर वापस नहीं आई। जब वह 27 अक्टूबर को पत्नी को लेने के लिए ससुराल गया तो पत्नी वहां पर मौजूद नहीं थी। वह घर वापस लौटा तो 15 हजार की नकदी व सोने-चांदी के आभूषण गायब थे।

# हाईटेंशन लाइन से परेशान लोगों का धरना

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** हाईटेंशन लाइन दो कॉलोनियों के लिये मुसीबत का सबब बन गई है। कॉलोनियों के सौ परिवारों को रोजाना डर के साये में रहना पड़ रहा है। कॉलोनी वासियों ने हाईटेंशन लाइन शिफ्ट करने को लेकर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ ऊर्जा निगम के कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया।

मंगलवार को दुर्गा और सैनिक कॉलोनी वासियों ने कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर ऊर्जा निगम कार्यालय में धरना दिया। इस दौरान लोगों ने कहा कि कॉलोनी के ऊपर से लंबे समय से हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। जिसकी ऊंचाई बेहद कम है। पहले कई बार काफी नुकसान हो



काशीपुर में ऊर्जा निगम के कार्यालय पर धरना देते लोग। ● अमृत विचार

चुका है। जिसकी शिकायत विभाग से भी कई गई थी। लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं की जा सकी। हाईटेंशन लाइन से कभी भी बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है। ऐसे में कॉलोनी वासी जान माल का खतरा भांपते हुए अपनी प्रॉपर्टी बेचने का मन बना रहे हैं। लोग दहशत में जीने को मजबूर हैं। उन्होंने विभाग से समस्या को अनदेखा करने की बजाय लाइन शिफ्ट करने की मांग की है। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन, संदीप सहगल, राहुल कांबोज, हनीफ गुड्डू, ज्योति, पूजा, अर्चना, लवली, खष्टी मासीवाल, भावना, कृपाल सिंह, नीरू, सुनीता आदि मौजूद रहे।

**निरीक्षण** चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक हरवीर सिंह ने किसानों के साथ चीनी मिल में मरम्मत कार्य का जायजा लिया

# 18 नवंबर तक गन्ना पेराई सत्र शुरू कराने का प्रयास

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** सहकारी चीनी मिल का नवीन गन्ना पेराई सत्र 18 नवंबर तक प्रारंभ करने के लिए प्रयास जारी हैं। चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक हरवीर सिंह ने कहा कि मिल का संचालन शुरू होने से पहले कारखाने की मरम्मत का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। विधिवत पूजा-अर्चना के उपरांत 6 नवंबर (बुधवार) को ब्वायलरों में आग प्रज्ज्वलित की जाएगी।

मंगलवार को उन्होंने किसान प्रतिनिधियों के साथ कारखाने का स्थलीय निरीक्षण कर मरम्मत कार्य का जायजा लिया और मरम्मत कार्य को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। भारतीय किसान यूनियन से



बाजपुर में चीनी मिल का स्थलीय निरीक्षण करते जीएम, किसान व मिल के प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी।

जुड़े कुछ किसान संगठित होकर सहकारी चीनी मिल पहुंचे और वहां मौजूद प्रधान प्रबंधक हरवीर सिंह से मुलाकात कर कारखाने में चल रहे मरम्मत कार्य के बारे में जानकारी हासिल की। किसानों ने जीएम व मिल के प्रशासनिक अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ मरम्मत कार्य का स्थलीय निरीक्षण भी किया और सभी कार्य निर्धारित समय से पूर्ण करने को कहा गया। इस पर जीएम ने किसानों से वार्ता के दौरान भरोसा दिलाया कि मरम्मत का कार्य पूर्णता की ओर है संभवतः इसी माह 18 नवंबर तक गन्ना पेराई की शुरुआत की जाएगी। इस मौके पर बिजेंद्र सिंह डोगरा, जसवीर सिंह भुल्लर, अजीत प्रताप सिंह रंधावा, प्रताप सिंह संधू, जगमोहन सिंह, गुरमीत सिंह, सीसीओ खीम चंद, चीफ कैमिस्ट समरपाल सिंह, चीफ इंजीनियर नारायण सिंह, मुख्य लेखाकार वीर सैन राठी, केन सुपरवाइजर सोमपाल सिंह, चीफ इंजीनियर आरसी रस्तोगी, डिप्टी चीफ कैमिस्ट सुनील बिष्ट, उपेंद्र शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# प्राइवेट बसों की जांच की मांग

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** प्राइवेट बसों व चालकों की जांच की मांग को लेकर मंगलवार को तहसील पहुंचे कुछ युवाओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट को सौंपा। उनका कहना था कि प्राइवेट बसें कई वर्ष पुरानी हो चुकी हैं।

चालकों द्वारा ओवरलोड सवारी भरकर बसों चलाया जा रहा है जिससे कभी भी जनहानि होने का खतरा बना रहता है। आए दिन घटनाएं होती रहती हैं। परिवहन विभाग के अधिकारी भी नियम विरुद्ध संचालित हो रहीं बसों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। ज्ञापन में अधिकारी को आदेशित कर प्राइवेट बसों व चालकों के लाइसेंसों की जांच कर पुरानी



बाजपुर में तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट को ज्ञापन सौंपते युवा।

बसों को हटवाने एवं चालकों का सत्यापन करवाने की मांग की गई है।

इस मौके पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष महिपाल सिंह यादव, उत्तराखंड वाल्मीकि दलित समाज सुधार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अनिल वाल्मीकि, जैदी खान, जितेंद्र यादव, सुनील कुमार, पूर्व नामित सभासद तनवीर खान गुड्डू, सतीश वीरा, दीपक वाल्मीकि, अंकित वाल्मीकि, योगेश भटनागर, संजय रूहेला, फुरकान आदि मौजूद रहे।

षड् दोषा : पुरुषेणेह हातव्या भूतिमिच्छिता।
निद्रा तन्द्रा भयं क्रोध आलस्यं दीर्घसूत्रता॥

संसार में उन्नति के अभिलाषी व्यक्तियों को नींद, तंद्रा (ऊंघ), भय, क्रोध, आलस्य तथा देर से काम करने की आदत–इन छह दुर्गुणों को सदा के लिए त्याग देना चाहिए।

## संपादकीय

# वैधता बरकरार

उच्चतम न्यायालय ने यूपी मदरसा एक्ट को बरकरार रखने का बड़ा फैसला किया है। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें मदरसों को विनियमित करने वाले यूपी कानून को रद कर दिया गया था और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में बच्चों को धर्मनिरपेक्ष और नियमित स्कूलों में भेजने के लिए अधिसूचना जारी की थी। ऐसे में यूपी के मदरसों में पढ़ने वाले 17 लाख छात्रों को राहत मिली है। उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम, 2004 को उत्तर प्रदेश में मदरसा शिक्षा को विनियमित करने के लिए अधिनियमित किया गया था। इस अधिनियम के तहत मदरसा बोर्ड का गठन किया गया था। यूपी मदरसा अधिनियम का मसौदा प्रदेश सरकार ने ही बनाया था। उच्च न्यायालय के निर्णय के बाद सवाल उठ रहे थे कि सरकार द्वारा बनाया गया अधिनियम असंवैधानिक कैसे हो सकता है? अब सुप्रीम कोर्ट ने माना है कि मदरसा एक्ट संविधान के खिलाफ नहीं है। गौरतलब है कि मदरसे ऐसे संस्थान हैं, जहां छात्र इस्लामी अध्ययन और अन्य शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। हालांकि भारत में बड़ी संख्या में मदरसा बोर्डों ने एनसीईआरटी पाठ्यक्रम को अपनाया है, जिसमें गणित, विज्ञान, हिंदी, अंग्रेज़ी और समाजशास्त्र जैसे अनिवार्य विषय शामिल हैं।

मान्यता प्राप्त मदरसे राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड से संबद्ध होते हैं, जबकि गैर-मान्यता प्राप्त मदरसे दारुल उलूम नदवतुल उलमा (लखनऊ) और दारुल उलूम देवबंद जैसे प्रमुख मदरसों द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम का पालन करते हैं। देश में सबसे अधिक मदरसे उत्तर प्रदेश में हैं, जहां 11,621 मान्यता प्राप्त और 2,907 गैर-मान्यता प्राप्त मदरसे हैं, जो भारत के कुल मदरसों का 60 प्रतिशत है। राजस्थान में मदरसों की संख्या दूसरे स्थान पर है, जहां 2,464 मान्यता प्राप्त और 29 गैर-मान्यता प्राप्त मदरसे हैं। दिल्ली, असम, पंजाब, तमिलनाडु और तेलंगाना सहित कुछ राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों में कोई भी मदरसा मान्यता प्राप्त नहीं है। आवश्यक है कि सभी के लिए शिक्षा के अधिकार को सुनिश्चित करने के क्रम में सार्वजनिक संस्थानों को गुणवत्तापूर्ण औपचारिक शिक्षा का विस्तार करना चाहिए। साथ ही अनौपचारिक और धार्मिक शिक्षा प्रणालियों पर निर्भरता में कमी लानी चाहिए। अब जब सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले से मदरसों के अध्यापकों एवं विद्यार्थियों के लिए एक बड़ी राहत प्रदान की है तो मदरसों में व्यावसायिक और कौशल विकास कार्यक्रम शुरू करना चाहिए ताकि छात्रों को व्यावहारिक कौशल से युक्त किया जा सके, जिससे वे रोजगार के क्षेत्र में प्रभावी रूप से प्रतिस्पर्द्धा करने में सक्षम हो सकें।

# सुदूर ब्रह्मांड में जिंदा है अभी वॉयजर स्पेसक्राफ्ट



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग आईसीएमआर

> ब्रह्मांड में हम जिस स्थान पर हैं उसे आकाश गंगा कहते हैं, जिसे अंग्रेजी भाषा में गैलेक्सी कहा जाता है। ब्रह्मांड में गैलेक्सीज की सही संख्या कितनी है, किसी को नहीं मालूम। ब्रह्मांड का पूरा नक्शा अभी हम नहीं बना पाए हैं, लेकिन जितना है उसमें गैलेक्सीज की संख्या को ऑब्ज़र्व्ड क्षेत्र में एक खराब करोड़ तक बताया गया है।

पृथ्वी पर मनुष्य सभ्यता को बचाने के लिए स्पेस एक्सप्लोरेशन एक अनिवार्यता बनी हुई है। भारत इस क्षेत्र में पिछले दो दशकों में तेज़ी से आगे बढ़ा है। शक्तिशाली राकेटों से पृथ्वी के निकट अंतरिक्ष में ऑब्जरवेशनल सैटेलाइट्स और हबल एवं वेब टेलिस्कोप्स को जबसे स्थापित किया गया है तभी से ब्रह्मांड के बारे में दृश्य रूप में बेहतरीन जानकारी लेकर एस्ट्रोनॉमर्स ने अपने ज्ञान में अल्प समय में ही अभूतपूर्व समृद्धि हासिल की है।

निकट और सुदूर ब्रह्मांड में अवस्थित पिंडों द्वारा उत्सर्जित होने वाले विभिन्न प्रकार के आवेशित कणों को और उष्मा किरणों को पकड़ने के लिए धरती पर अनेक स्थलों पर रेडियो टेलिस्कोप लगाए गए हैं। इनकी नेटवर्किंग की गई है, जिसकी बदौलत अनेक एंटेना इकाई की भांति अपने पकड़-क्षेत्र में क्षीण सिग्नल को दर्ज करने में समर्थ होते हैं। ये सिग्नल्स सैंकड़ों प्रकाश वर्ष की यात्रा करके धरती तक पहुंचते हैं, जिन्हें एस्ट्रोफिजिकल ऑब्जरवेट्रीज ने संदेश पकड़ने वाले यंत्रों से दर्ज किया है ताकि ब्रह्मांड की मूल संरचना और कायाकल्प की मौलिक प्रक्रिया से पैदा होने वाले अवशेषों और नई संरचनाओं को समझा जा सकता है। धरती पर बने लार्ज हाइड्रोन कोलॉयडर में यह घटनाक्रम दोहराना असंभव है। अनेक बार घटनाओं की सक्रिय स्थिति भी दर्ज की गई है जैसे कि एक सुपरनोवा अर्थात एक न्यूट्रॉन तारे में विस्फोट, ब्लैक होल द्वारा एक पिंड को निगलना आदि।

ब्रह्मांड में हम जिस स्थान पर हैं उसे आकाश गंगा कहते हैं, जिसे अंग्रेजी भाषा में गैलेक्सी कहा जाता है। ब्रह्मांड में गैलेक्सीज की सही संख्या कितनी है, किसी को नहीं मालूम। ब्रह्मांड का पूरा नक्शा अभी हम नहीं बना पाए हैं, लेकिन जितना है उसमें गैलेक्सीज की संख्या को ऑब्ज़र्व्ड क्षेत्र में एक खराब करोड़ तक बताया गया है। यह संख्या हमारे अनुमान से भी आगे निकल जाती है। ख्याल रहे कि आकाश गंगा सिर्फ उस गैलेक्सी का नाम है, जिसमें हमारा सौर मंडल और पृथ्वी मौजूद है। अन्य गैलेक्सीज के संख्या नाम बहुत हैं, जिनसे इनकी लोकेशन और इनके बारे में जुटाई गई अब तक की जानकारी को आर्काइव्ज से अध्ययन हेतु निकाला जा सकता है। हरेक गैलेक्सी की बनावट न तो एक जैसी होती है, न आकार और न ही आमाप



और इसके प्रसार की नीयत। इनमें निहित पदार्थ-द्रव्य के कायांतरण पर अगला कायांतरण निर्भर है, जो कि पार्टिकल स्पिन, ग्रेविटी और इलेक्ट्रो-मैग्नेटिज्म की शक्ति और भूमिका से तय होता है। संरचना और कायांतरण की प्रक्रियाएं चकित करती हैं।

रेडियो टेलिस्कोप्स और अंतरिक्ष में स्थापित शक्तिशाली दूरबीनों के अलावा कुछ देशों ने इंटर-प्लेनेटरी प्रोब्स और गैलेक्टिक प्रोब्स को निकट और सुदूर ब्रह्मांड में जानकारी इकट्ठा करने के लिए भेजा है। इनमें से सर्वाधिक दूरी पर हमारे सौरमंडल से बाहर दो प्रोब्स वॉयजर-1 और वॉयजर-2 अभी तक पहुंचे हैं। इन्हें सन 1977 में नासा (अमेरिका) की जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी (जेपीएल) ने प्रक्षेपित किया था। धरती से रेडियो संपर्क रखने हेतु उक्त दोनों यानों में एक्स और एस-बैंडवेव पर काम करने वाले ट्रांसमीटर्स लगाए गए थे। वॉयजर-1 अंतरिक्ष यान धरती से 15 अरब और 42 करोड़ किलोमीटर की दूरी पर अब पहुंच चुका है। अभी तक इसके ठीक हालत में होने के संकेत मिले हैं। इससे संपर्क टूट जाता है और फिर से कायम भी हो जाता है।

हाल में नासा की जेपीएल वॉयजर-1 से एक्स-बैंडविड्थ पर अरसे बाद संपर्क साधने में कामयाब हुयी है। चूंकि वॉयजार-1 को इतनी दूरी तय करके आए हुए संदेश का उत्तर ट्रांसमिट करने में अधिक इलेक्ट्रिक पॉवर लगती है, जेपीएल वॉयजर-1 के एस-बैंड ट्रांसमीटर को इसीलिए चालू करने की कोशिश में है, जो कि कम पॉवर पर काम कर सकता है। वॉयजर से धरती तक संदेश आने में 22.5 घंटे का समय लगता है। यह तो तब है जब एक्स या एस बैंडविड्थ में इलेक्ट्रोमैग्नेटिक वेव्स 30 करोड़ मीटर प्रति सेकंड की गति से अथवा प्रकाश कणों/तरंगों की गति से चलती है। वॉयजर-1 के सिस्टम्स को पॉवर देने के लिए इसके शरीर से निकली हुई एक मैकेनिकल बाजू के अंतिम छोर पर करीब 60 किलोग्राम वजनी रेडियोआइसोटोप थर्मोइलेक्ट्रिक जनरेटर (आरटीजी) का एक जोड़ा परीक्षण के तौर पर लगाया गया था। यह मिनी न्यूक्लियर पॉवर हाउस है, जिसमें ऊर्जा का उत्पादन करने के लिए प्लूटोनियम-238 के 24 लड्डूनुमा स्फीयर्स इस्तेमाल करने हेतु रखे गए। इनसे 470 वाट के बराबर इलेक्ट्रिक ऊर्जा बनाई जा सकती है। अनुमान था कि ऊर्जा पैदा करने का यह ईंधन स्रोत वॉयजर यानों में लांच किए जाने के 45 बरस बाद तक काम करता रहेगा, लेकिन यह अभी तक चालू है,यही आश्चर्यजनक है। यह शायद इसलिए कि वॉयजर स्पेसक्राफ्ट्स में एक ऐसा स्विच है, जो कि पॉवर को संरक्षित करने के लिए इसकी सप्लाई को एक्स और एस बैंड्स में से एक को चुनकर धरती से संपर्क साधने के लिए स्वयं ऑन-ऑफ कर सकता है। सन 1977 में ऐसी टेक्नोलॉजी क्रिएट किया जाना मानव मस्तिष्क की डिजाइनिंग क्षमता के उच्च स्तर का द्योतक है। आरटीजी टेक्नोलॉजी के विकास का ख्याल पहली बार सन 1955 में आया जब यूनाइटेड स्टेट्स जलसेना के लिए नेविगेशनल सॅटलाइट के पॉवर सोर्स के रूप में इसके बारे में सोचा गया था।

5 मार्च सन 1979 को 17.46 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से वॉयजर-1 यान बृहस्पति गृह के निकट से होकर गुजरा। इसके नैरो अपर्चर और वाइड एंगल कैमरों ने डिजिटल मोड में वृहस्पति गृह के चित्र खींचे और एक साल बाद 12 नवंबर सन 1980 को जब शनि गृह के निकट से निकला तो इसके भी शानदार चित्र 7.2 किलोबाइट की स्पीड से धरती की ओर प्रेषित किए थे। वॉयजर-1 धरती पर मापे जाने वाले एक खास समय बिंदु पर पृथ्वी और सूर्य से कितना समय-दूरी पर कितना किलोमीटर दूर है इसे जेपीएल में रखे एक रियल-टाइम एटॉमिक क्लॉक में चलने वाली गणना से मालूम किया जाता है। 3 नवंबर 2024 को इंडियन स्टैण्डर्ड टाइम 15 बजकर 37 मिनट पर यह स्पेसक्राफ्ट धरती से 15, 41, 64, 91, 290 किलोमीटर दूरी पर है और इसका मिशन समय उक्त तारीख को ही 15 बजकर 40 मिनट पर 47 वर्ष, 1 महीना, 28 दिन, 21घंटा, 14 मिनट और 50 सेकंड है। वॉयजर मिशन से जुटाई गई वैज्ञानिक जानकारी का वैज्ञानिक भविष्य क्या हो सकता है? बृहस्पति, शनि और यूरेनस ग्रहों के वॉयजर यानों द्वारा भेजे गए रंगीन चित्रों के विजुएल आस्पेक्ट्स की एनालिसिस ने इनकी संरचना को अधिक स्पष्ट किया है। दृश्य स्पेक्ट्रम में वलयों की भिन्न रंग संरचना के बीच तैरते हुए शनि गृह के प्रथम बार मिले ऐसे दृश्य-चित्र अद्भुत और अभिभूत करने वाले थे। सन 1973-1974 में पायनियर-10 और पायनियर-11 स्पेसक्राफ्ट्स द्वारा खींचे गए चित्रों से बेहतरीन चित्र वॉयजर-1 यान ने सुलभ कराए। तीन-साल के अंतराल के बाद वॉयजर स्पेसक्राफ्ट्स की नई कैमरा टेक्नोलॉजी पायनियर यानों की ऑप्टो-इलेक्ट्रॉनिक्स से बेहतर साबित हुई। सन 2003 के बाद से पायनियर-10 और सन 1995 के बाद से पायनियर-11 यान ब्रह्मांड की गहनता में कहीं खो गए हैं।

पायनियर, जूनो और वॉयजर-1 यान में लगाई गई विशिष्ट यांत्रिक प्रणाली लो-फील्ड और हाई फील्ड मैग्नेटोमीटर्स से बृहस्पति गृह के बारे में इसकी भीतरी संरचना, जियोकेमिस्ट्री, खनिजों की उपस्थिति -इनकी किस्म, मात्रा और उपलब्धतता की गहराई, मोटी ऊपरी परत के अलावा भीतरी भारी, तरल धातु से निर्मित कोर और केंद्रीय स्थल के बारे कुछ डाटा एकत्रित किया गया। वृहस्पति ग्रह के गुरुत्वाकर्षण का प्रभाव क्षेत्र और शक्ति एवं इसके मैग्नेटिक फील्ड की विशेषताओं के बारे में जानकारी जुटाई गई। मकसद यही कि जुपिटर ग्रह पर मनुष्य के रहने लायक अवस्थाएं बन सकती हैं तो कैसे? मालूमात का उद्देश्य वृहस्पति ग्रह पर निवास करते रहकर खनन से प्राप्त दुर्लभ खनिजों की पृथ्वी पर आपूर्ति करना है। सन 2004 विशेष रूप से शनि के अध्ययन के लिए लांच किए गए कैसिनी स्पेसक्राफ्ट की टेक्नोलॉजी को वॉयजर द्वारा शनि ग्रह के बारे में जुटाई गई वैज्ञानिक जानकारी का इस्तेमाल करते हुए उन्नत किया गया था। कैसिनी ने शनि गृह और इसके चंद्रमाओं के बारे में सन 2017 तक जानकारी जुटाकर जमीन पर भेजी और फिर शांत हो गया।

## प्रसंगवश

# वेदों में ज्ञान है, भागवत में भक्ति

पुराणों को मानने वाले वेद-पुराण में भेद नहीं करते। उनके अनुसार जो वेदों में है, वही पुराणों में है। पुराणों को वेदों का उपबृंहण कहा गया है। अठारह पुराणों में भागवत को सबसे ऊंचा दर्जा प्राप्त है। उसकी महिमा का वर्णन करते हुए उसे वेद रूपी वृक्ष का घुला हुआ फल (निगम कल्पतरोर्गलितं फलं) कहा गया है।

इस कथन के कई अर्थ निकलते हैं। घुला हुआ फल अधिक मीठा होता है। उसे चूसने में अधिक श्रम नहीं करना पड़ता और वह पचने में भी बहुत आसान (सुपाच्य) होता है। वेद को समझना सबके लिए संभव नहीं है जबकि पुराणों को सरलता से हृदयंगम किया जा सकता है। वेदों की भाषा पुराणों की तुलना में अधिक प्राचीन है। उनकी शैली भी अपरिचित जैसी है। इसलिए वेद सबके लिए बोधगम्य नहीं हैं। कहते हैं कि इसीलिए पुराणों की जरूरत महसूस हुई। भागवत में ऐसी बहुत सी कहानियां हैं, जिनके माध्यम से सामान्य बुद्धि के लोगों को व्यावहारिक शिक्षाएं दी गई हैं। भागवत को वेद रूपी वृक्ष का फल कहने की एक वजह यह है। दूसरी वजह इससे ज्यादा गंभीर और महत्वपूर्ण है। वेदों को ज्ञान का भंडार कहा गया है। सारी दुनिया अब यह मानने लगी है कि वेद में विश्व का प्राचीनतम ज्ञान सुरक्षित है। ज्ञान अथवा विवेक से हमें सिर्फ अच्छे-बुरे का ज्ञान होता है, परंतु सिर्फ ज्ञान होना पर्याप्त नहीं है। ब्रह्म सत्य है, जगत मिथ्या है (ब्रह्म सत्यं जगन्मिथ्या)।



ओंकार नाथ त्रिपाठी
बहराइच

यह ज्ञान हुआ, परंतु ब्रह्म को गले लगाना है और जगत से दूर भागना है-यह उससे आगे की प्रक्रिया है। ब्रह्म को अपनाने, उससे नाता जोड़ने को भक्ति कहते हैं। मोहिं-तोहिं नाते अनेक मानिए जो भावै।/ ज्यों-त्यों तुलसी कृपालु चरन सरन पावै। इसीलिए भक्ति को ज्ञान के आगे का सोपान कहा गया है। सम जम नियम फूल फल ज्ञाना।/ हरि पद रति रस बेद बखाना। हरि पद रति में तीन शब्द हैं। एक शब्द में उसी को भक्ति कहते हैं। वेदों में सम जम नियम और ज्ञान की बातें हैं अर्थात वहां सिर्फ फूल और फल है। उससे आगे का सोपान अर्थात् रस तो भागवत में है। वेदों में ज्ञान है, भागवत में भक्ति है। ज्ञान फल है, भक्ति रस है अथवा ज्ञान वृक्ष है, भक्ति फल है। निगम कल्पतरोर्गलितं फलं का यही आशय समझना चाहिए।

# क्रिप्टो करेंसी के जाल में फंसता भारतीय युवा

अपने देश में वित्तीय प्रकरणों की देख-रेख हेतु वित्त मंत्रालय के अतिरिक्त दो और ऐसी प्रमुख संस्थाएं विद्यमान हैं, जो देश-विदेश में आर्थिक गतिविधियों की देखभाल करती हैं। इनमें से पहली संस्था आजादी से पहले 1935 में भारतीय रिजर्व बैंक के रूप में तब अस्तित्व में आई थी जब तत्कालीन ब्रिटिश सरकार प्रथम विश्व युद्ध के दुष्प्रभावों से निपटने के लिए संघर्षरत थी। दूसरी संस्था प्रतिभूति नियमन बोर्ड के रूप में 1988 में तब अस्तित्व में आई जब देश में आर्थिक सुधार का दौर चल रहा था।

यह संयोग ही था कि भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर रहे डॉ. मनमोहन सिंह जब देश के वित्त मंत्री के रूप में आर्थिक सुधार की मुहिम को आगे बढ़ा रहे थे, उसी समय भारतीय प्रतिभूति बाजार में अपने देश में अब तक का सबसे बड़ा हर्षद मेहता कांड भी प्रकाश में आया था। इस घोटाले के बाद ही प्रतिभूति नियमन बोर्ड ने वास्तविक रूप से सक्रिय होकर भारत के शेयर बाजार पर निगरानी रखनी आरंभ की थी। सही मायनों में देखें तो 1990 के दशक में अपनाई गई आर्थिक उदारीकरण की नीतियों का ही प्रभाव रहा है कि आज भारतीय मुद्रा और भारतीय निवेश बाजार अंतर्राष्ट्रीय जगत में व्यवहार के लिए सहज रूप से उपलब्ध है।

इस उदारीकरण के कारण भारतीय मुद्रा के अंतर्राष्ट्रीय बाजार में व्यवहृत होने से रिजर्व बैंक के सम्मुख जहां नई चुनौतियां सामने आई हैं वहीं प्रतिभूति बाजार के अंतर्राष्ट्रीय जगत में सहज उपलब्धता के चाहते ही हम आज विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की दिशा में अग्रसर हैं। यह तथ्य प्रथक से विचारणीय हो सकता है कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में खुला होने के कारण प्रतिभूति नियामक संस्था सेबी के सम्मुख भी आए दिन नई चुनौतियां सामने आती रहती हैं।



डॉ.अशोक कुमार शुक्ला
वरिष्ठ पीसीएस अधिकारी

> क्रिप्टो करेंसी की ट्रेडिंग को डेल्टा एक्सचेंज इंडिया के माध्यम से प्रदान की गई अनुमति आने वाले समय में गंभीर चिंताजनक परिणाम भी ला सकती है।

इसी प्रकार की एक चुनौती क्रिप्टो करेंसी के रूप में 2009 में सामने आई जब क्रिप्टो के रूप में आभासी अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा का चलन आरंभ हुआ था। कंप्यूटर एल्गो के आधार पर बनी क्रिप्टो करेंसी एक ऐसी मुद्रा है, जिसके नियंत्रण हेतु कोई नियामक अथॉरिटी ही नहीं है। इसीलिए विश्व के अधिकांश देशों में इसके उपयोग पर पाबंदी लगा रखी है।

इस करेंसी का इस्तेमाल ड्रग्स सप्लाई और हथियारों की अवैध खरीद-फरोख्त जैसे अवैध कामों के लिए किया जाता रहा है, परंतु विगत कुछ वर्षों में अमेरिका यूके जैसे विकसित देशों के द्वारा क्रिप्टो करेंसी के लेन-देन को विनियमित करने के लिए व्यवस्थाएं अपनाने के बाद भारत जैसे विकासशील देश के सम्मुख भी क्रिप्टो ट्रेडिंग की एक नई चुनौती सामने आई है। देश का बहुसंख्यक बेरोजगार युवा आकर्षक प्रलोभनों और डिजिटल मीडिया पर कुकुरमुत्ते की तरह बढ़ते जा रहे हैं। फिनफ्लूएंसर की बातों में आकर क्रिप्टो ट्रेडिंग की ओर कदम बढ़ाने लगे हैं। आरंभ में क्रिप्टो करेंसी के प्रति भारत का रवैया अन्य विकासशील देशों के अनुरूप सुरक्षात्मक था और इसे मान्यता नहीं दी गई इसलिए क्रिप्टो ट्रेडिंग के लिए ऐसे प्लेटफार्मों का उपयोग किया जाता है, जो भारतीय वित्तीय नियामक संस्थानों के अधीन नहीं आते हैं। ऐसे प्लेटफार्मों के कारण भारत के छोटे-छोटे निवेशकों की धनराशियां अनजाने ही धीरे-धीरे इन सेवा प्रदाताओं तथा शातिर बैंकरों की जेब में समाती जा रही है। आरबीआई डिजिटल परिसंपत्ति क्षेत्र की निगरानी करने और वित्तीय रूप से अस्थिर उद्योग और व्यापार को सुरक्षित रखने के लिए वित्तीय नियमों को लागू करने में कठोर रुख अपनाता रहा है, जिसके चलते विदेशी ट्रेडिंग प्लेटफार्म भारतीय शेयर मार्केट में प्रवेश पाने में सफल नहीं हो सके थे। कुछ माह पूर्व क्रिप्टो करेंसी ट्रेडिंग के अंतर्राष्ट्रीय प्लेटफार्म डेल्टा एक्सचेंज ने बड़ी चालाकी भारत में तेजी से बढ़ते ट्रेडिंग मार्केट में पैठ बनाने के लिए वित्त मंत्रालय के अधीन आने वाली भारत की वित्तीय खुफिया इकाई (एफआईयू-आईएनडी) का सहारा लिया, जो भारत में विदेशी मुद्रा के आवागमन पर नजर रखती है।

डेल्टा एक्सचेंज ने वित्त मंत्रालय के अधीन संचालित इस खुफिया एजेंसी के साथ पंजीकरण करा कर 'डेल्टा एक्सचेंज इंडिया' के नाम सहायक कंपनी बनाकर एक ऐसा ट्रेडिंग प्लेटफार्म तैयार किया है, जो भारत में क्रिप्टो करेंसी की ट्रेडिंग करा रहा है। हालांकि समय-समय पर रिजर्व बैंक के द्वारा यह चिंता आज भी लगातार व्यक्त की जा रही है कि क्रिप्टो करेंसी भारतीय मुद्रा के लिए हानिकारक है तथापि एक कंपनी का वित्त मंत्रालय की खुफिया एजेंसी के साथ पंजीकरण कराकर भारतीय ट्रेडिंग बाजार में प्रवेश पाना यह सोचने पर विवश अवश्य करता है कि वित्त मंत्रालय और रिजर्व बैंक के विचारों में सामंजस्य का अभाव क्यों है? क्रिप्टो करेंसी की ट्रेडिंग को डेल्टा एक्सचेंज इंडिया के माध्यम से प्रदान की गई अनुमति आने वाले समय में गंभीर चिंताजनक परिणाम भी ला सकती है।

## सोशल फोरम

# असहमति असहिष्णुता नहीं

असहमतियां असहिष्णुता नहीं हैं। यह हमारी शास्त्रीय परंपरा है। श्रीकृष्ण कहते हैं कि मैं वादों में तर्कयुक्त निष्पत्ति हूं, तत्व निर्णय हूं। वादः प्रवदातहम्। मगर जब असहमतियां वाद-विवाद की ओर बढ़ चलें तो असहिष्णुता का स्वरूप अख्तियार कर लेती हैं। इसलिए ही मतभेद को मनभेद तक न पहुंचने की हिदायतें दी जाती हैं।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

हमारे बीच असहमतियां आज से नहीं हजारो-हजार साल से हैं। इतनी कि कभी-कभी तो एक उत्तरी तो दूसरी दक्षिणी ध्रुव। एक ओर उग्र हिंसा की वकालत तो दूसरी ओर अहिंसा का पाठ। एक ईश्वर की सत्ता का परम विश्वासी तो दूसरा अनीश्वरवाद का झंडा बरदार। कितना मुश्किल रहा होगा सहजीवन। फिर भी लोगों ने साहचर्य किया और जिया। भारतीय मनीषा जोड़ने वाली है। तोड़ने वाली नहीं। हमारे मनीषियों ने सर्वथा विपरीत विचारों का भी समंजन किया, युग्मित किया। साकार को निराकार से जोड़ा। ब्रह्म को जीव से जोड़ा। कर्म-अकर्म की ऐसी बौद्धिक जुगलबंदी बैठाई कि दोनों भाव एकसार से हो गए। हमारी महायात्रा का उत्स समाहित करने में रहा। वे भी सही आप भी सही। नेति नेति। अंतिम सत्य अनन्वेषित है। इसलिए ही चरैवेति चरैवेति। बस ज्ञानमार्ग पर चलते चलिए। ठहरिए नहीं। नहीं तो जीवनयात्रा थमेंगी, सड़ांध उत्पन्न होगी। जैन धर्म का स्यादवाद ऐसी ही विचारधारा का उत्स है, जहां किसी तरह का कोई विरोध नहीं है। स्यात स्यात, यानि शायद, शायद आप की बात सच हो।

यह हिंदू चिंतन की खूबसूरती है, जो शायद ही विश्व की किसी भी विचारधारा या जीवन दर्शन में समाहित हो। इस्लाम तो अपने आगे किसी को भी कुछ नहीं समझता, जो वह कहे वही अंतिम लकीर। वह जड़ ही बना रहा, चैतन्य नहीं रहा। इसलिए ही उसके चलते दुनिया में कितनी मारकाट, उपद्रव और अशांति फैली हुई है। तिस पर उसका दावा कि उसके अनुयायी 'शांति प्रिय' हैं। वह एक शांतिप्रिय मजहब है, मगर वह दूसरे मत को तवज्जो नहीं देता। कट्टरता से निषेध करता है। हम असहमतियों पर सहमति बना लें, क्योंकि यही हम प्रागैतिहासिक काल से करते आए हैं। तभी यह कहने के लिए आज भी जिंदा कौम हैं और जीवंत हैं।

-फेसबुक वॉल से

# भक्तिकाल का पुनर्पाठ



कंवल भारती
वरिष्ठ लेखक, रामपुर

> स्त्री संतों ने संन्यास नहीं लिया, बाकायदे विवाह किया, परपुरुष से प्यार किया, प्रेम वासना की कविताएं लिखीं और जनसमूह को धर्म का उपदेश दिया।

## बीच बहस में

(गतांक से आगे)

निर्गुण कवियों ने वर्णव्यवस्था और जातिभेद का विरोध किया था। निर्गुण कवियों द्वारा जाति का खंडन कोई बहुत बड़ा सामाजिक विद्रोह नहीं था। इसे सामाजिक क्रांति के रूप में न देखें। एक बड़ी सामाजिक क्रांति, जो भक्ति आंदोलन ने की, वह दूसरी है। वह क्या है? यह मेरी नजर में तीसरी समस्या है, जिसे हिंदी आलोचकों ने नजरअंदाज किया है। तीसरी समस्या इस प्रश्न से जुड़ी है कि क्या भक्ति आंदोलन एक धार्मिक आंदोलन था? अर्थात विष्णु या शिव की भक्ति का आंदोलन? हालांकि भक्तिकाव्य के आलोचक यही बताते हैं कि विष्णु-भक्ति का आंदोलन आलवार संतों ने किया, जो वैष्णव थे और जो शिव-भक्त थे, वे नयनार (या नयनमार) थे, लेकिन इस आंदोलन की सबसे बड़ी गुत्थी है, भक्ति के क्षेत्र में शूद्र और स्त्री-संतों का प्रवेश। यह कैसे संभव हुआ? जो ब्राह्मण धर्म स्त्री को घर की चौखट नहीं लांघने देता था, जिसके लिए उसने पति सेवा ही एकमात्र धर्म बना दिया था और जिसे उसने धर्मशास्त्रों के वाचन तक से वंचित कर दिया था, जिसने शूद्रों को शिक्षा तक से वंचित कर दिया था, उन स्त्री-शूद्रों ने इस कालखंड में संत बनकर ब्राह्मण धर्म के विरुद्ध कैसे विद्रोह कर दिया? कैसे उन्होंने अपनी स्वतंत्र प्रतिष्ठा स्थापित की? यह थी सबसे बड़ी क्रांति। यह था सबसे बड़ा विद्रोह। यह थी वर्णव्यवस्था के खिलाफ सबसे बड़ी बगावत। यह भक्ति काल की सबसे बड़ी क्रांति थी कि एक बड़ी संख्या में शूद्र और स्त्री संतों ने मनु के उस विधान को चुनौती दी, जिसमें ब्राह्मण ही गुरु बन सकता था। मनु ने यह अधिकार किसी अन्य वर्ण को भी नहीं दिया था और स्त्री-शूद्रों के धर्मगुरु बनने के तो सारे मार्ग ही मनु ने बंद कर दिए थे और जिनके मार्ग बंद किए थे, उन्होंने ही धर्मगुरु बनकर ब्राह्मण को चुनौती दी। स्त्री के बारे में तो मनु का विधान यह था कि स्त्री कभी स्वतंत्र न रहे, सदैव अपने पिता, पति और पुत्र के नियंत्रण में रहे, पर भक्ति काल में स्त्रियों ने संत बनकर इस विधान की धज्जियां उड़ा दीं।

स्त्री संतों ने संन्यास नहीं लिया, बाकायदे विवाह किया, परपुरुष से प्यार किया, प्रेम वासना की कविताएं लिखीं और जनसमूह को धर्म का उपदेश दिया। यह उपदेश उन्होंने ब्राह्मण धर्म का नहीं, बल्कि निर्गुण धर्म का दिया, जिसमें शास्त्रों और सामाजिक रूढ़ियों के खिलाफ विद्रोह था। इस क्रांति का एक महत्वपूर्ण पहलु यह भी है कि किसी भी स्त्री-शूद्र संत ने ब्राह्मण को अपना गुरु नहीं बनाया। उन्होंने निम्न जातियों के संतों को अपना गुरु बनाया। एक स्त्री संत अपने पति के जुल्म को सहने की तुलना में उसे छोड़ना पसंद करती थी। वह विवाह के लिए अपने माता-पिता के दबाव में नहीं आती थी, उनका विरोध करती थी। वह विवाहित होकर भी परपुरुष से प्रेम कर सकती थी और उसके लिए अपने पति को छोड़ सकती थी। दलई नाम की एक स्त्री ने अपने प्रेमी के बुलाने पर अपने पति को रेगिस्तान में छोड़ दिया था। उसने भगवान को भी अपना प्रेमी या पति मानने से इंकार कर दिया था। गोग्गव्वे नाम की वीरशैव महिला संत इतनी जिद्दी थी कि उसे जान से मारने की धमकी देने के बाद भी, उसने प्रच्छन्न शिव से विवाह करने से इंकार कर दिया था। विष्णु भक्ति की धारा का उद्भव गुप्त राजाओं के शासन काल में हुआ और शिव भक्ति के बारे में कहा जाता है कि वह गुप्त काल के बाद लगभग सातवीं या आठवीं शताब्दी में आई, जब हर्षवर्धन का बौद्ध काल आया। इसी को समझने की आवश्यकता है, क्योंकि दक्षिण के भक्ति आंदोलन की जड़ में इन्हीं दोनों काल की व्यवस्थाएं हैं।

हालांकि यह भी समझ से परे है कि आलवार वैष्णवों में केवल एक ही स्त्री संत हुई। इस एकमात्र आलवार स्त्री संत का नाम 'अंतल' या अंडाल था, जिसने भगवान विष्णु के साथ अपने दिव्य मिलन की कामना की थी और अंततः विष्णु ने उसे अपनी पत्नी के रूप में स्वीकार कर लिया था। अंतल की कविताओं में स्त्रियों के उत्पीड़न के ख़िलाफ़ उनका विरोध मिलता है। कई अन्य महिला संतों ने भी उसका अनुसरण किया, लेकिन उन महिला संतों का विवरण नहीं मिलता। शायद हों भी, पर उनको अलवार वैष्णवों ने उभरने नहीं दिया होगा। अगर अंतल की कविताओं में स्त्री-उत्पीड़न का विरोध है तो फिर विष्णु की मूर्ति के साथ उसके विवाह की बात विश्वसनीय नहीं हो सकती। यह एक मिथक के सिवा कुछ नहीं है। मूर्ति चाहे किसी भी भगवान की हो, वह विवाह नहीं कर सकती। हो सकता है, इसी तरह देवदासी बनाने की प्रथा की शुरुआत की गई हो या फिर अंतल ने किसी विष्णु नाम के युवक से विवाह किया होगा। निश्चित रूप से यह काम अंतल के लिए सहज नहीं रहा होगा, समाज ने उसका उत्पीड़न किया होगा, जो उसकी कविताओं में अभिव्यक्त भी हुआ है। यह उत्पीड़न दमन की सीमा तक गया होगा, जिसके कारण आलवार संतों में फिर किसी स्त्री को प्रवेश नहीं मिला। इसी तरह पांचवीं सदी की नयनार स्त्री संतों में करेकक्ल अम्मायर का उल्लेख मिलता है, जो एक धर्मपरायण व्यापारी की सुंदर पुत्री थी। वह शिव भक्त थी।

शिव ने उसकी भक्ति से प्रसन्न होकर उसके हाथ में स्वादिष्ट आम प्रकट कर दिए, जो जादुई ढंग से गायब भी हो गए। यह सब जब उसके पति ने देखा, तो उसने उसे त्याग दिया और वह दूसरी पत्नी ले आया। अम्मायर को लगा कि अब उसके सुंदर शरीर का कोई उपयोग नहीं है, इसलिए उसने शिव से अपने शरीर को कंकाल में बदलने की प्रार्थना की। शिव ने उसकी प्रार्थना स्वीकार कर ली। शिव ने उसे भूतनी बनाकर अपने दल में शामिल कर लिया। वह अलंकतु के श्मशान में रहने लगी, जहां शिव नृत्य करते थे और वह भजन गाती थी। उसकी चार कविताएं मिलती हैं, जिनमें एक यह है-उसके स्तन सिकुड़े हुए हैं/ और नसें उभरी हुई हैं / सफेद दांतों की जगह खाली गुहाएं हैं।/पेट पर सुर्ख बालों के साथ/ नुकीले दांतों की एक जोड़ी/ गांठदार टखने और लंबी पिंडलियों के साथ/ एक भूतनी उजाड़ श्मशान में विलाप करती है /मजहां हमारे भगवान के लटकते उलझे बाल आठों दिशाओं में उड़ते हैं / जब वह आग की लपटों के बीच नृत्य करते हैं और अपने अंगों को ताजा करते हैं। इस कविता में करिक्कल अम्मायर की देह के कंकाल में बदलने का चित्रण है। ऐसा प्रतीत होता है कि उसे जबरन भूतनी या चुड़ैल घोषित करके, श्मशान भूमि में छोड़ दिया गया हो। कोई देवता किसी को न भूतनी बनाता है और न किसी के शरीर को कंकाल में बदलता है। यह भी संभव है कि पुरुष समाज ने उसे उस विद्रोह का दंड दिया हो, लेकिन इस दमन के बावजूद स्त्री-विद्रोह कम नहीं हुआ और अनेक नयनार स्त्री संतों ने लोकप्रियता हासिल की।

स्त्रियों की तरह ही शूद्र संतों का उभार भी मनु की व्यवस्था के खिलाफ विद्रोह था। जिन शूद्रों का धर्मोपदेश करने पर जीभ काटने का विधान मनु ने बनाया था, वे शूद्र भक्ति काल में बड़ी संख्या में संत बनकर उभरे। यह भी एक बड़ी सामाजिक क्रांति थी कि उन्होंने समानता और प्रेम को स्थापित करने पर जोर दिया, जो ब्राह्मण धर्म में था ही नहीं और जिसे ब्राह्मण धर्म आज भी नकारता है। भक्ति-आंदोलन की सात मुख्य उपलब्धियां हैं : एक, उसमें संस्कृत के विरुद्ध लोक भाषा को अपनाया, दो, उसने ब्राह्मण की श्रेष्ठता को स्वीकार नहीं किया, तीन, उसने लैंगिक भेदभाव खत्म किया, चार, मंदिर की अनिवार्यता खत्म की, पांच, पशुओं के प्रति अहिंसा-भाव पैदा किया, जिनकी वैष्णव-धर्म में क्रूरता से बलि दी जाती थी, छह, पोथी-पत्रा में विश्वास खत्म किया, और सात, परलोक का खंडन किया और लोक पर जोर दिया।"

(कालीकट यूनिवर्सिटी में 22 अक्टूबर को दिया गया लेखक का चर्चित व्याख्यान)

# गुरुनानक देव के प्रकाश पर्व को लेकर प्रथम प्रभात फेरी निकाली

## बाजपुर में पुष्प वर्षा कर प्रभात फेरी का स्वागत किया गया, शबद गुरवाणी का गायन किया

आस्था

- गुरुद्वारा साहिब में ग्रंथी गगनदीप सिंह ने अरदास की

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** सिख पंथ के प्रथम गुरु श्री गुरु नानकदेव जी महाराज के प्रकाश पर्व को समर्पित प्रभातफेरी शुरू हो गई है। प्रथम दिन मंगलवार की तड़के साढ़े चार बजे गुरुद्वारा साहिब में ग्रंथी गगनदीप सिंह ने अरदास कर प्रभातफेरी को प्रारंभ किया।

श्रद्धालु नगर में गुरुवाणी का यशगान करते हुए रामराज रोड स्थित निकट सरकारी अस्पताल के पास निवासी जरनैल सिंह मोगा वालों के आवास पर पहुंची और वहां शबद गुरवाणी का गायन किया गया और अरदास उपरांत प्रभात फेरी पुनः गुरुद्वारा साहिब में पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान पुष्प वर्षा कर प्रभात फेरी का स्वागत किया गया। प्रभातफेरी में काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। 6 नवंबर (बुधवार) को मोहल्ला संजय कॉलोनी मंडी गेट बाजपुर निवासी मंदीप सिंह-जगतार सिंह के यहां संगत पहुंचेगी।

सात नवंबर को एक्सिस बैंक के पीछे गली में बलजीत सिंह, आठ को बादल फार्म निवासी सरदार राजिंदर सिंह, 9 को आम बाग कालोनी निवासी महल सिंह दलेर, 10 को मुड़िया मनी कश्मीर सिंह, 11 को लाइनपार निवासी सेवा सिंह, 12 को रामराज रोड निवासी सुरजीत सिंह पटवारी, 13 को परम-धरम नर्सिंग होम के पास निवासी लखविंदर सिंह व 14 नवंबर को कृपाल आश्रम के निकट निवासी गुरदेव सिंह के यहां प्रभात फेरी पहुंचेगी। इसके अलावा 15 नवंबर को श्री गुरु नानकदेव जी के प्रकाश पर्व पर विशाल समागम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पंथ प्रचारक गुरुवाणी का यशगान करेंगे।

इस मौके पर बाज सिंह, नत्था सिंह, सुखदेव सिंह, बल्देव सिंह, प्रांशु मैनी, गगन दीप सिंह, शाहीवीर सिंह, उपकार सिंह, जीत सिंह, गगन, अंशदीप सिंह, करन आदि मौजूद रहे।


बाजपुर में प्रभातफेरी निकालकर गुरुवाणी का यशगान करती संगत। ● अमृत विचार

## दिनेशपुर में भी निकाली गई प्रभात फेरी, गुरु की महिमा का बखान किया

**दिनेशपुर :** खालसा पंथ के प्रथम गुरु श्री गुरु नानकदेव जी महाराज के प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा माता साहिब कौर के ग्रंथी सतवीर सिंह द्वारा अरदास के बाद संगत ने प्रभात फेरी निकाली। प्रभात फेरी गुरुद्वारा माता साहिब कौर से मुख्य बाजार होते हुए वापस गुरुद्वारे में पहुंची। मंगलवार को गुरुद्वारा माता साहिब कौर के बाबा गुरदेव सिंह के सानिध्य में गुरु साहब को समर्पित प्रभात फेरी में गुरु की महिमा का बखान करते हुए शबद- कीर्तन के साथ गुरुद्वारे से मुख्य बाजार होते हुए जो वापस गुरुद्वारे में आकर समापन हुआ। गुरुद्वारे के बाबा गुरदेव सिंह ने बताया कि 3 नवंबर से शुरू हुई गुरु साहब को समर्पित प्रभात फेरी 15 नवंबर तक प्रतिदिन प्रातः 4 बजे से 6 बजे तक निकली जाएगी। उन्होंने कहा की 15 नवंबर को गुरुद्वारा माता साहिब कौर में एक दिवसीय दीवान सजेगा व भोग के बाद प्रसाद वितरण होगा। इस दौरान पूरे दिन गुरु जी का अटूट लंगर चलेगा। उन्होंने क्षेत्र की संगत से प्रतिदिन प्रभात फेरी में शामिल होने की अपील की। इस मौके पर गुरनवीर सिंह राणा, डॉ. बलवंत सिंह, कुलवंत सिंह गुराया, सतनाम सिंह चीमा, जसवीर सिंह गुराया, मदन बाठला, पलविंदर कौर संधू, हरविंदर कौर, नरेंदर कौर, अंजलि कालड़ा, दलबीर कौर, राजीव कालड़ा, गुरजीत सिंह उर्फ बब्बू, सत्येंद्र सिंह मान, रविंद्र पाल सिंह आदि शामिल थे।


दिनेशपुर में गुरुनानक देव के प्रकाश पर्व पर प्रभात फेरी निकालती संगत। ● अमृत विचार

## सीआरसी प्रभारियों की बैठक में कई बिंदुओं पर हुई चर्चा

**काशीपुर :** बीआरसी सभागार में सीआरसी प्रभारियों की बैठक हुई। इसमें विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। मंगलवार को बीआरसी सभागार में खंड शिक्षा अधिकारी धीरेंद्र कुमार साहू की अध्यक्षता में अकादमिक अनुसमर्थन समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान बैठक में अक्टूबर की संकुल स्तरीय बैठक की समीक्षा, नवंबर माह की मासिक बैठक की कार्य योजना, एफएलएन की गतिविधियों व मेले की तैयारी साथ ही रिसोर्स शिक्षकों की बैठक और सीआरसी बैठक में भूमिका को लेकर चर्चाएं की गईं।

इस दौरान मौजूद लोगों ने अपने-अपने विचार रखे। वहां राजकीय इंटर कॉलेज जोशी माझरा प्रधानाचार्य रवेंद्र कुमार शर्मा, बीआरसी समन्वयक अनिल कुमार चौहान, सीआरसी खड़कपुर देवीपुरा प्रभारी देवेंद्र चौधरी, सीआरसी नगर प्रभारी सुरेश सिंह, सीआरसी कुंडेश्वरी प्रभारी सूरजभान शाह, सीआरसी बांसखेड़ा प्रभारी अंबरीश कुमार, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन ब्लाक कोआर्डिनेटर संजय यादव मौजूद रहे।

## नौ को नंगली आश्रम में होगा वार्षिक भंडारा

**काशीपुर :** सुभाष नगर स्थित श्री विवेक प्रेम ट्रस्ट श्री गुरु मंदिर नंगली आश्रम में आगामी नौ नवंबर वार्षिक भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंगलवार को ट्रस्ट के अध्यक्ष शुद्ध महेशानन्द ने बताया कि 33 वां वार्षिक भंडारा आयोजित किया जाएगा। बताया कि सात नवंबर को सुबह नौ बजे श्री रामचरित मानस पाठ किया जाएगा। इसके बाद आठ नवंबर को पाठ का समापन कर भोग व हवन किया जाएगा और रात्रि नौ बजे सत्संग एवं कीर्तन होगा। उन्होंने बताया कि नौ नवंबर की सुबह नौ बजे रथ यात्रा निकालकर एक बजे झंडारोहण व महाआरती के बाद दोपहर दो बजे भोग एवं भंडारा आयोजित किया जाएगा।

# जसपुर में निकाली विशाल शोभायात्रा

- भगवान महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में किया आयोजन

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार :** भगवान महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम का विधायक आदेश चौहान a भाजपा ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष अशोक खन्ना, नगर पंचायत महुआडाबरा निवर्तमान अध्यक्ष गायत्री देवी के पति प्रीतम सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया।

झांकियों के साथ नगर के मुख्य मार्गों से विशाल शोभायात्रा निकाली गई। मोहल्ला वाल्मीकि बस्ती में वाल्मीकि समाज के लोगों ने वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित कर भगवान महर्षि वाल्मीकि का जागरण किया।


जसपुर में शोभायात्रा निकालते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

इस दौरान विधायक आदेश चौहान ने भगवान महर्षि वाल्मीकि को नमन किया और उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष अशोक खन्ना ने भगवान महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों को अपनाने की अपील की। इस मौके पर वाल्मीकि जयंती कमेटी के अध्यक्ष मुकेश कुमार, सौरभ कुमार, विक्की कुमार, चौधरी ब्रज किशोर, पूर्व सभासद रामकुमार, कैलाश चंद, चंद्र प्रकाश, महेंद्र सिंह राही, बालकिशन, रविकेश, राकेश पवार आदि मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य शिविर में 57 लोगों ने कराई जांच

**शांतिपुरी :** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी गांव जवाहरनगर में गौतम अस्पताल रुद्रपुर की ओर से मंगलवार को पंचायत भवन परिसर में एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र शिविर लगाया। इसमें गांव के 57 लोगों की जांचें की गईं और करीब एक दर्जन मोतियाबिंद के मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया। ग्राम प्रधान दीपा ललित काण्डपाल ने बताया कि स्वास्थ्य टीम द्वारा चिन्हित सभी मोतियाबिंद के मरीजों का ऑपरेशन अस्पताल प्रशासन की ओर से निःशुल्क किया जाएगा। शिविर में डॉक्टर अनिल, दीपक बोरा, सौरभ गंगवार, विजय जोशी, गीता धपोला, भवानी, जगमोहन, पुष्पा उपाध्याय, दीपक भट्ट, सावित्री डिमरी, अमित मेहरा, अलका पाठक, मीना श्रीवास्तव, हुकम सिंह मौजूद रहे।

# सेमेस्टर के फार्म भरने में हो रही परेशानियां

लामबंद

- एबीवीपी ने प्रभारी प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन
- फार्म भरते वक्त नहीं मिल रहे कई विषय

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई द्वारा हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रथम और पंचम सेमेस्टर के छात्रों को परीक्षा फॉर्म में विषय चुनने में हो रही परेशानियों को लेकर प्रभारी प्राचार्य गुरेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा है। छात्रों का आरोप है कि छात्र फार्म भरते समय उन्हें उसमें वह विषय नहीं मिल रहे हैं इनकी उन्होंने तैयारी की है।

जबकि फार्म में अन्य विषय हैं। उन्होंने छात्रों कि च्वाइस वाले विषय भरने की व्यवस्था की जाय। जिसपर प्राचार्य गुरिंदर सिंह ने तुरंत कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर दीपेंद्र सिंह धामी नगर मंत्री शुभम भट्ट, कला मंच प्रमुख वंशिका शुक्ला, शरद राणा, दीपक सामंत, सलोनी राणा, उपसचिव कशिश राणा,मनदीप सिंह, रोहित चंद, अभिषेक राठौर, नवनीत राणा, नीरज गोस्वामी, अर्जुन गोस्वामी, अमित सिंघवाल, अमन गुरुंग आदि उपस्थिति रहे।


नानकमत्ता मेले में लोहे की कढ़ाई खरीदतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

# दीपावली मेला पूरे शबाब पर

- ट्रैक्टर ट्रॉलियों में बैठकर बड़ी संख्या में पहुंचे रहे लोग

संवाददाता, नानकमत्ता

**अमृत विचार :** दीपावली मेला मंगलवार को पूरे शबाब पर रहा।

मेले में लोग बड़ी संख्या में लोग ट्रैक्टर ट्रॉली और अन्य वाहनों से पहुंच रहे हैं। गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब में आयोजित दीपावली मेले में खटीमा, टनकपुर, बनबसा, सितारगंज, शक्तिफार्म के अलावा पड़ोसी देश नेपाल से भी लोग पहुंच रहे हैं। लोग गुरुद्वारा साहिब में मत्था टेकने के बाद कंबल, चादरों और गर्म कपड़ों की खरीदारी कर रहे हैं। गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के प्रबंधक सरदार रणजीत सिंह ने बताया कि मेला आगे 12 नवंबर तक चलेगा।

## श्री महाकालेश्वर मंदिर में भोले बाबा की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा

**खटीमा :** श्री महाकालेश्वर मंदिर में भोले बाबा की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दूसरे दिन भोले बाबा की मूर्ति का अन्नाधिवास कराया गया। इसमें मुख्य यजमान की भूमिका वरिष्ठ व्यवसायी अमरनाथ गोयल ने सपत्नी निभाई। टनकपुर रोड स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर में भोले बाबा की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आज दूसरे दिन भी चला। 8 नवंबर को होने वाले लोकार्पण के पूर्व पांच नवंबर को भोले बाबा की मूर्ति का अन्नाधिवास कराया गया। कर्मकांडी पंडित महंत नारायण मुदगल वृंदावन वासी एवं मंदिर के पुजारी चंद्रशेखर भट्ट ने मंत्रोच्चार के साथ अन्नाधिवास कराया गया। इस दौरान मंदिर कमेटी अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, परमजीत बत्रा पम्मी, पूरन शर्मा, राजेंद्र मौजूद रहे।

# टी-20 क्रिकेट लीग 15 दिसंबर से होगी

- क्रिकेट एसोसिएशन ने घरेलू सत्र का शेड्यूल किया जारी

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की जिला इकाई क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ ऊधम सिंह नगर में घरेलू सत्र 2025- 26 के लिए सभी प्रतियोगिताओं, जिला क्रिकेट लीग व क्रिकेट ट्रायल हेतु अपना शेड्यूल जारी कर दिया है।

क्रिकेट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अजय तिवारी के अध्यक्षता में हुई बैठक में घरेलू सत्र 2025-26 के लिए सभी आयु वर्ग के लिए जिला क्रिकेट लीग प्रतियोगिताएं और ट्रायल के लिए अपना शेड्यूल जारी किया गया। जिसमें नयी क्रिकेट क्लब या अकादमी के पंजीकरण हेतु 20 नवंबर तक का समय दिया गया है। पूर्व से पंजीकृत क्रिकेट क्लबो/एकेडमी का नवीनीकरण भी 20 नवंबर 2024 तक ही किए जाएंगे एवं नए क्लब / अकादमी का भौतिक सत्यापन 30 नवंबर तक किया जाएगा। जिलाध्यक्ष अजय तिवारी ने बताया कि जिला क्रिकेट लीग सीनियर पुरुष वर्ग हेतु क्लब/एकेडमी की एंट्री फीस 20 नवंबर से 30 नवंबर के मध्य लिए जाएंगे एवं सीनियर पुरुष वर्ग के खिलाड़ियों का पंजीकरण 1 दिसंबर से 10 दिसंबर 2024 के मध्य किया जाएगा। बताया कि सीनियर पुरुष वर्ग की टी-20 क्रिकेट लीग प्रतियोगिता 15 दिसंबर से 25 दिसंबर के मध्य होगी। जबकि सीनियर जिला क्रिकेट लीग प्रतियोगिता ( पुरुष वर्ग) एक दिवसीय मैच क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 1 जनवरी से 15 जनवरी के मध्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदर्शन के आधार पर चार टीमों का चयन कर इस वर्ष चैलेंजर ट्रॉफी का आयोजन भी किया जाएगा। इन सभी प्रतियोगिताओं के प्रदर्शन आधार पर जिला उधम सिंह नगर की सीनियर वर्ग की क्रिकेट टीम का चयन किया जाएगा और यही टीम राज्य स्तरीय अंतर्जनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। बताया कि इस वर्ष सीनियर पुरुष वर्ग की टी -20 जिला क्रिकेट लीग, एक दिवसीय जिला क्रिकेट लीग प्रतियोगिता व चैलेंजर ट्रॉफी का आयोजन कलर ड्रेस में किया जाएगा एवं अंडर-19 पुरुष वर्ग के जिला क्रिकेट लीग प्रतियोगिता 15 जनवरी से 31 जनवरी के मध्य होगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष अंडर 16 जिला क्रिकेट लीग प्रतियोगिता के मैच टेस्ट मैच के आधार पर (तीन दिवसीय मैच ) आयोजन होगा, जिसमें जिले के क्रिकेट खिलाड़ियों को अपना प्रदर्शन दिखाने का भरपूर मौका होगा और यह अंडर -16 जिला क्रिकेट लीग प्रतियोगिता 1 अप्रैल 2025 में आरंभ की जाएगी एवं अंडर 14 जिला क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का आयोजन दो दिवसीय मैच के आधार पर किया जाएगा तथा अंडर 14 जिला क्रिकेट लीग प्रतियोगिता मई 2025 में आयोजित होगी।

बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि इस वर्ष महिला वर्ग की जिला क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सभी महिला आयु वर्ग की महिला खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगी। इस महिला जिला क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का आयोजन जून 2025 में किया जाएगा। जिलाध्यक्ष तिवारी ने अधिक जानकारी के लिए क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ़ उधम सिंह नगर के गदरपुर स्थित कार्यालय से संपर्क करने का भी आग्रह किया है। बैठक में क्रिकेट एसोसिएशन के तमाम सदस्य गण मौजूद रहे।


प्रमाण पत्रों के साथ स्कूली बच्चे, ग्राम प्रधान व प्रभारी चिकित्साधिकारी।

## चकरपुर विद्यालय में आयुर्विद्या शिविर का आयोजन

**बाजपुर :** निदेशक होम्योपैथिक चिकित्सा सेवाएं देहरादून उत्तराखंड डा.जेएल फिरमाल एवं जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डा.महेश चंद्र जोशी के निर्देशानुसार राजकीय प्राथमिक विद्यालय चकरपुर में मंगलवार को आयुर्विद्या शिविर आयोजित किया गया। इसका शुभारंभ ग्राम प्रधान चकरपुर मुनीष देवी ने किया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण भी किया गया। विद्यार्थियों को आयुष चिकित्सा, आहार, दिनचर्या संबंधी पुस्तकें प्रदान करने के साथ ही आयुष संबंधी चित्रकला प्रतियोगिता करवाई गई। योगाभयास सत्र में योग क्रियाएं करवाई गईं। आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) बाजपुर की प्रभारी चिकित्साधिकारी डा.शिखा सम्मल ने 54 स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क होम्योपैथी औषधि एवं प्रमाणपत्रों का वितरण किया गया। इस मौके पर फार्मेसिस्ट वतन कुमार, योग अनुदेशक कुलदीप सिंह, प्रधानाचार्य राजेश कुमार मौर्य आदि मौजूद रहे।

# 8 मरीज ऑपरेशन के लिए चुने

- सैजना चौधरी पब्लिक स्कूल में नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन
- मरीजों की शुगर व बीपी की भी जांच की गई

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** सैजना चौधरी पब्लिक स्कूल में उत्तरांचल जीवन ज्योति ट्रस्ट के माध्यम से निशुल्क नेत्र परीक्षण सेवा शिविर आयोजित किया गया।

इसमें 55 मरीजों की जांच की गई और आठ मोतियाबिंद मरीजों को ऑपरेशन के लिए भेजा गया। शिविर में प्रभु नेत्रालय के डॉ. सरफराज हुसैन ने सहयोगी डॉ. सुखेन्द्र यादव, अलीजा, हेमा सामंत, विजय राणा के साथ मरीजों की आंखों का परीक्षण किया गया। इस दौरान मरीजों की शुगर, बीपी तथा अन्य प्रकार की जांच भी की गई। शिविर में लोगों को बताया गया कि ट्रस्ट के माध्यम से आंखों के रोगों से रोकथाम तथा बचाव की जानकारी के साथ-साथ बदलते हुए मौसम में होने वाली सर्दी, खांसी, दर्द, बुखार, फंगल आदि के बढ़ते हुए क्रम को देखते हुए विभिन्न ग्रामीण इलाकों में इस कार्य को किया जा रहा है। ट्रस्ट अध्यक्ष ईश्वर सिंह ने बताया कि ऐसे ही हर क्षेत्र में तथा हर गांव-गांव में हमारा उत्तरांचल जीवन ज्योति ट्रस्ट के माध्यम से कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक चौधरी धर्मपाल, संस्था कोषाध्यक्ष शशि कला, उपाध्यक्ष मीना देवी, सहायक कोषाध्यक्ष अमित कुमार, रामेश्वर राणा बॉबी, गौरव आदि उपस्थित रहे।


खटीमा के सैजना चौधरी पब्लिक स्कूल में लगे शिविर में जांच करते चिकित्सक।

## छात्र संघ चुनाव के बहाली की मांग उठाई

**काशीपुर :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद काशीपुर के कार्यकर्ताओं ने छात्र संघ चुनाव बहाल करने की मांग की है। मंगलवार को एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने प्रभारी प्राचार्य डॉ. सुभाष कुशवाह को कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा कि एबीवीपी प्रदेश में पिछले कई दशकों से छात्र संघ चुनाव के माध्यम से राष्ट्रवादी नेतृत्व महाविद्यालय में तैयार करने का कार्य करती है। कहा कि जल्द छात्र संघ चुनाव नहीं होने पर एबीवीपी आंदोलन करेगी। इस मौके पर प्रांत एसएफडी संयोजक करन भारद्वाज, आदित्य गौतम, अमन चौधरी, युक्ता सिंह, प्राची सारस्वत, अंशु पाल, प्रिंस सागर, आदित्य तनेजा, साक्षी सिंह, स्वाति, निष्कर्ष बेलबाल, आसिफ आदि मौजूद रहे।

# पुलिसकर्मी ने कैंसर पीड़ित को दिया खून


खटीमा में रक्तदान करता पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** बाजार चौकी में कार्यरत पुलिसकर्मी कांस्टेबल दीपक कुमार ने एक कैंसर पीड़ित को रक्तदान किया। चारुबेटा निवासी अमरपाल ब्लड कैंसर से जूझ रहे हैं जिनका वर्तमान में दिल्ली के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। जिनको खून की सख्त जरूरत थी। वहीं खटीमा बाजार चौकी में कार्यरत कांस्टेबल दीपक कुमार ने रक्तदान कर मदद करते हुए एक सराहनीय कार्य किया है।

# रुद्रपुर में गोल्ज्यू संदेश यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

## अपनी धरोहर संस्था की देखरेख में गोल्ज्यू मंदिर प्रांगण पहुंची यात्रा, लोगों ने पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार** : अपनी धरोहर संस्था द्वारा हर साल की भांति इस वर्ष भी गोल्ज्यू संदेश यात्रा मंगलवार की शाम को रुद्रपुर गंगापुर स्थित शैल भवन गोल्ज्यू मंदिर प्रांगण पहुंची। इसके दर्शन के लिए आस्था का सैलाब उमड पड़ा और लोगों ने यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

चंपावत से प्रारंभ होकर गोल्ज्यू यात्रा टनकपुर से होते हुए रुद्रपुर पहुंची। इसके बाद यात्रा हरिद्वार, उत्तरकाशी, चंबा, रानी चौरी, देवप्रयाग, पौड़ी, श्रीनगर जोशीमठ, बद्रीनाथ, नंदप्रयाग, धुनी रामनी, बागेश्वर, गंगोलीहाट, बेरीनाग, मुनस्यारी, बौना गांव, जौलजीबी, धारचूला, डीडीहाट पिथौरागढ़, अल्मोड़ा, द्वाराहाट, रामनगर, घोड़ाखाल, हल्द्वानी, डोल आश्रम, लोहाघाट चंपावत जाकर 24 नवंबर को पूर्ण होगी। मंगलवार की शाम को नवनिर्मित गोल्ज्यू मंदिर प्रांगण में शैल सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष गोपाल सिंह पटवाल, महामंत्री दिवाकर पांडेय सहित पदाधिकारियों ने पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। अपनी धरोहर संस्था के अध्यक्ष विजय भट्ट ने बताया कि न्याय के देवता के रूप में प्रसिद्ध गोल्ज्यू के प्रति अगाध श्रद्धा रखने वाले भक्तों की आस्था को देखते हुए ही यात्रा पिछले कई वर्षों से निकल रही है। पूरे प्रदेश में गोल्ज्यू के दर्शन को हजारों की भीड़ उमड़ती है। यात्रा राज्य के सर्वांगीण विकास एवं राज्य की संस्कृति संरक्षण-संवर्धन में अहम भूमिका निभाएगी। इस मौके पर संस्था के कोषाध्यक्ष सतीश पांडे, चंपावत मंदिर समिति अध्यक्ष श्याम कार्की, कमल जीना, परिषद के कोषाध्यक्ष डीकेदनाई, उपाध्यक्ष मोहन उपाध्याय, दिनेश बम, संजीव बुधोरी, हरीश दनाई, जगदीश बिष्ट, राजेंद्र सिंह बोरा, राजेंद्र बलोदी, के के मिश्रा, हरीश मिश्रा, पुरन चंद जोशी आदि मौजूद रहे।



रुद्रपुर में पहुंची गोल्ज्यू यात्रा। ● अमृत विचार



यात्रा में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# भाजयुमो मंडल अध्यक्ष व महामंत्री के बीच हुए विवाद ने पकड़ा तूल

संवाददाता, किच्छा

- विगत 28 अक्टूबर को फ्लेक्स होर्डिंग लगाने को लेकर दोनों के बीच शुरू हुआ था विवाद
- पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर एक दूसरे के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

**अमृत विचार:** विगत दिनों भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष एवं मंडल महामंत्री के बीच फ्लेक्स लगाने को लेकर शुरू हुआ विवाद तूल पकड़ता नजर आ रहा है। मंडल अध्यक्ष के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मंडल महामंत्री सहित दो लोगों पर पूर्व में मुकदमा दर्ज कर लिया था। अब मंडल महामंत्री की शिकायत पर पुलिस ने रिंकू लूथरा सहित एक अन्य के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। हालांकि दोनों पक्षों के भाजपा से जुड़े होने के चलते पुलिस भी मामले में ढील बरतती नजर आ रही है। वहीं दूसरी तरफ दोनों पक्षों द्वारा एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के बाद भाजपा के वरिष्ठ लोगों द्वारा मामले का पटाक्षेप कर समझौता कराने के प्रयास शुरू कर दिए गए हैं।

विगत 28 अक्टूबर की शाम आवास विकास मोड पर आगरा चाट भंडार के सामने फ्लेक्स होर्डिंग लगाने को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष दिव्यांश लूथरा का महामंत्री विशाल गुप्ता के बीच फोन पर विवाद हो गया था। फोन पर हुई गाली गलौज व धमकी के बाद मंडल अध्यक्ष के पिता रिंकू लूथरा की लिखित शिकायत के बाद पुलिस ने मंडल महामंत्री सहित दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। इसी मामले में अब मंडल महामंत्री विशाल गुप्ता ने पुलिस को तहरीर देकर मंडल अध्यक्ष के पिता रिंकू लूथरा सहित एक अन्य पर फ्लेक्स फाड़ने तथा जानकारी लेने के लिए फोन करने पर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर जांच प्रारंभ कर दी है। दोनों पक्षों द्वारा एक दूसरे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराए जाने के बाद हालांकि पुलिस द्वारा दोनों पक्षों से जुड़े किसी भी आरोपी से कोई पूछताछ नहीं की गई है। चर्चा है कि दोनों पक्षों के भाजपा से जुड़े होने के चलते पुलिस भी समय देकर दोनों पक्षों को समझौता करने का मौका दे रही है। इस बात की भी चर्चा है कि पार्टी से जुड़े वरिष्ठ लोगों द्वारा दोनों पक्षों में समझौता कराने की लगातार कोशिश की जा रही है लेकिन मामले को लेकर भाजपा की खासी किरकिरी हो रही है।



खटीमा के नोज़गे पब्लिक स्कूल में बच्चों और प्रबंधन के साथ अल्मोड़ा रिक्रूटमेंट ऑफिसर कर्नल आदित्य मिश्रा। ● अमृत विचार

## कर्नल आदित्य मिश्रा ने बच्चों को दिए आर्मी में जाने के टिप्स

**खटीमा :** नोजगे पब्लिक स्कूल में अल्मोड़ा रिक्रूटमेंट आफिसर कर्नल आदित्य मिश्रा ने विद्यार्थियों को भारतीय सेना में जाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को अग्निवीर, एनडीए, सीडीएस, आईएमए आदि आर्मी की इकाइयों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने अग्निवीर योजना को लेकर फैली हुई अफवाहों को नकारते हुए उससे जुड़े सकारात्मक तथ्यों को विद्यार्थियों के समक्ष उजागर किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों के सवालों के भी जवाब दिए। कर्नल मिश्रा ने स्टेट प्री नेशनल और नॉर्थ जोन की शूटिंग विजेताओं को मेडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रबंधिका सुरेंद्र कौर, प्रधानाचार्य आरिज अल्वी, उप प्रधानाचार्य एचसी पंत, आरपी पंत, वीरेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह, राजकुमारी, रेखा पांडे, गीता धामी, कुसुम शर्मा, नीमा तिवारी, काजल महर, निशा सिरौला, मधुमिता मुखर्जी आदि थे।

# राज्य निर्माण सेनानी संगठन ने उठाई मांगें

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी संगठन ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजकर राज्य आंदोलनकारियों के लिए एक समान 15 हजार रुपये पेंशन और राज्य आंदोलनकारियों को राज्य निर्माण सेनानी के नाम से परिभाषित करने की मांग की है।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष शिव शंकर भाटिया के नेतृत्व में तहसील में पहुंचे राज्य आंदोलनकारियों ने मुख्यमंत्री धामी को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट को सौंपा। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष भाटिया के कहा कि राज्य निर्माण सेनानी लंबे समय से निर्माण सेनानियों को एक समान पेंशन 15 हजार रुपये मासिक देने तथा राज्य आंदोलनकारी शब्द हटाकर राज्य निर्माण सेनानी के नाम से शासन द्वारा परिभाषित किए जाने की गुहार लगा रहा है। उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानियों ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि वह इन दो प्रमुख मांगों को राज्य स्थापना दिवस 9 नवंबर पर इनकी घोषणा करें। ज्ञापन में आदेश भटनागर, जीवन चंद्र भट्ट, शांति पंत, जानकी गोस्वामी, गंगोत्री देवी, बसंती देवी, त्रिभुवन जोशी, दीपा जोशी, रीता जोशी, दीवान गिरी, द्रोपदी भट्ट, मोहम्मद बदर सिद्दीकी, हरीश चंद्र, विनोद सिंह आदि के हस्ताक्षर हैं।



खटीमा में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते राज्य निर्माण सेनानी संगठन के लोग।

## बिजली चोरी में चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

**रुद्रपुर** : विद्युत विभाग की टीम ने विजिलेंस के साथ मिलकर फौजी मटकोटा इलाके में विद्युत चोरी के खिलाफ अभियान चलाया और चार उपभोक्ताओं को विद्युत चोरी करते हुए पकड़ लिया। इसके बाद अवर अभियंता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। 24 अक्टूबर को उपखंड अधिकारी प्रकाश शाह, अवर अभियंता सुभाष चंद्र शर्मा, सहायक अभियंता अमित कुमार, सतर्कता इकाई हल्द्वानी की टीम के साथ फौजी मटकोटा में विद्युत चोरी के खिलाफ मुहिम चलाई गई। पड़ताल के दौरान अशोक वाटिका निवासी ईश्वर दत्त न्योली द्वारा 1.2 किलोवाट, राजू शर्मा द्वारा 2.542 किलोवाट, ललित प्रसाद द्वारा 1.296 किलो वाट, प्रतिभा देवी द्वारा 0.746 किलोवाट का विद्युत अधिभार चोरी करते हुए पकड़ा गया। टीम ने विद्युत कनेक्शन काटते हुए विद्युत तार को सीज कर दिया।

# रैगिंग मामले में कैमरे के सामने 19 छात्रों से नौ घंटे हुई पूछताछ

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार:** जीबी पंत कृषि विवि में मंगलवार को एंटी रैगिंग कमेटी ने कैमरे के सामने नौ घंटे में तीन शिकायतकर्ताओं सहित 16 आरोपियों के बयान दर्ज किए और अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया है। इस दौरान कमेटी ने प्रौद्योगिकी के जूनियर-सीनियर छात्रों के बीच हुई मारपीट का प्रत्येक छात्र से घटनाक्रम के विवरण सहित कथित रैगिंग के संबंध में सवाल-जवाब किए।

दरअसल बीती 26 अक्तूबर को रिफ्रेशर पार्टी के बाद बड़ी मार्केट में प्रौद्योगिकी के जूनियर छात्रों ने बाहरी मित्रों के सहयोग से सीनियर छात्रों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा था। जिसमें चार छात्रों को गंभीर चोटें आई थीं। मारपीट से आक्रोशित सिल्वर जुबली और विश्वेसरैया भवन के लगभग ढाई सौ छात्रों ने सुरक्षा विभाग का घेराव किया। साथ ही छात्रावास में प्रदर्शन के बाद देर रात छात्र सड़कों पर उतर गए और बड़ी मार्केट में सुबह चार बजे तक प्रदर्शन करते रहे। 27 अक्तूबर को छात्रों का हुजूम फिर बड़ी मार्केट पहुंचा और उन्होंने पूरी मार्केट बंद करवा दी। इसके बाद छात्रों ने प्रशासनिक भवन गेट पर तीन बजे तक प्रदर्शन किया। इस दौरान विवि कुलपति सहित कई उच्चाधिकारी पंतनगर में नहीं थे। 28 को कुलपति की विवि प्रशासन के अधिकारियों के साथ आपातकालीन बैठक में मौजूदा स्थिति पर मंथन के बाद आरोपी तीन जूनियर छात्रों को निलंबित करने सहित एक के परिजन का तबादला जागधार और दो के परिजनों को काम से हटा दिया गया था। जिसके बाद तीन जूनियर छात्रों ने कुलपति व निदेशक प्रशासन सहित यूजीसी में 16 सीनियर छात्रों पर रैगिंग का आरोप लगाया था। इधर मामले में विवि प्रशासन ने तीन जूनियर सहित तीन सीनियर छात्रों को भी निलंबित कर दिया। मंगलवार को सुबह 11 बजे से शुरू हुई एंटी रैगिंग कमेटी की जूनियर-सीनियर 19 छात्रों से पूछताछ रात सवा आठ बजे तक चली। जिसके बाद कमेटी ने अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया। जिसे यूजीसी को भेजा जाएगा और प्रोसीडिंग बनने के बाद सार्वजनिक होगा।



काशीपुर में कैंडल मार्च निकालते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## बस हादसे के मृतकों को कांग्रेसियों ने कैंडल मार्च निकालकर दी श्रद्धांजलि

**काशीपुर :** बीते दिन सल्ट में बस हादसे में जान गवां चुके लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कैंडल मार्च निकाला। साथ ही मृतकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। मंगलवार को एमपी चौक पर कैंडल मार्च के दौरान कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने बस दुर्घटना में दिवंगत आत्माओं के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की। वहां कांग्रेस के महानगर जिला अध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन, मनोज जोशी, विमल गुड़िया, संदीप सहगल, उमेश जोशी, मंसूर अली, इंदू मान, हनीफ गुड्डू, पंकज पंत, अरुण चौहान आदि मौजूद रहे।

# दो स्कूली बच्चों सहित 4 लोग घायल

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** अलग-अलग सड़क हादसों में दो स्कूली बच्चों सहित 4 लोग घायल हो गए जिन्हें निजी व सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मंगलवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे चनकपुर निवासी रवि बाइक पर 5 वर्षीय बेटे लक्ष्य को स्कूल छोड़ने जा रहा था। बरहैनी से चनकपुर ओर जा रहे बाइक सवार ने लक्ष्य को चपेट में ले लिया। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। दूसरी घटना में ग्राम नंदपुर नरकाटोपा निवासी महेंद्र सिंह (60) बाइक से अपने खेत पर किसी कार्य से जा रहा था। इस दौरान दूसरी बाइक पर सवार फाजलपुर स्वार रामपुर उप्र निवासी लाभ सिंह (40) पुत्र पहलवान सिंह की बाइक से रामराज रोड स्थित किसान धर्म कांटा के नजदीक टक्कर हो गई। इसमें लाभ सिंह व उसकी बेटी अंशु को निजी, जबकि महेंद्र सिंह को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



सड़क हादसे में घायल बालक लक्ष्य।


## वर्ग पहेली-243

**बाएं से दाएं**

1. 1. जो कहने योग्य न हो 2. जो कहा न जा सके, अकथनीय 3. जो कहा न गया हो।
4. बीज के लेन-देन की एक रीति जिसमें फ़सल काटने पर लेने वाले को डेढ़ा देना पड़ता है।
5. 1. गंधयुक्त 2. चूहे की तरह का एक जंतु, छछूंदर।
6. झींगुर का बोलना।, झींगुर की तरह आवाज़ पैदा करना।
9. 1. रेखाचित्र, रेखाओं के द्वारा बनी आकृति 2. लेखन में किसी बात पर बल देने के लिए उसके नीचे खींची हुई लकीर।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. झमेला 2. किसी बात पर होने वाली कहा-सुनी या विवाद, झंझट-बखेड़ा
3. सुख-भोग में होने वाली बाधा, रंग में भंग।
2. 1. कृपा करने वाला, दयालु 2. कृपा करना जिसका स्वभाव हो।
3. इस्लाम, ईसाई, मूसाई आदि कुछ धर्मों में ईश्वर का पैगाम या संदेशा लाने वाला, नबी, (प्रॉफ़ेट)।
7. 1. कोमल, सुकुमार, मृदु 2. जो जल्दी टूट जाए या नष्ट हो जाए, कमज़ोर 3. महीन, बारीक 4. मार्मिक, गूढ़, गंभीर।
8. 1. गांठ के रूप में होने वाली पौधों की जड़, गांठ 2. लहसुन आदि की गांठ।



## वर्ग पहेली -242 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 जु | मा | ■ | 2 अ | यो | 3 नि |
| हू | ■ | ■ | खं | ■ | छो |
| ■ | 4 को | ■ | ड | ■ | ह |
| ■ | 5 हि | म | पा | त | ■ |
| ■ | नू | ■ | ठ | ■ | 6 मुँ |
| 7 भे | र | वी | ■ | ■ | द |
| ■ | ■ | ■ | 8 खि | ल | ना |

## सुडोकू-156

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | | | | 9 | | 1 |
| | | 7 | | 5 | | | 4 | 2 |
| | | 5 | | 3 | | 7 | | |
| 1 | | | 4 | 9 | | | 7 | 5 |
| 5 | | | | | | | | 3 |
| 7 | 4 | | | 2 | 6 | | | 8 |
| | | 2 | | 6 | | 8 | | |
| 6 | 3 | | | 7 | | 5 | | |
| 9 | | | | | | | 1 | |

## सुडोकू - 155 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 9 | 1 | 6 |
| 1 | 5 | 7 | 9 | 2 | 6 | 8 | 3 | 4 |
| 4 | 9 | 6 | 3 | 1 | 8 | 7 | 2 | 5 |
| 3 | 7 | 2 | 6 | 8 | 4 | 5 | 9 | 1 |
| 5 | 6 | 1 | 2 | 7 | 9 | 3 | 4 | 8 |
| 9 | 8 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 | 7 | 2 |
| 2 | 3 | 8 | 5 | 9 | 1 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 6 | 2 | 1 | 5 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 6 नवंबर बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-कार्तिक, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पंचमी 7 नवंबर 00.41 तक तत्पश्चात षष्ठी।

**मेष** – आज दोपहर के बाद आपके सभी काम सफल होंगे। फाइनेंस से जुड़े हुए मामलों की परेशानी दूर होगी। किसी बड़ी कंपनी से जॉब मिल सकती है। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर काफी गंभीर रहेंगे। बुजुर्ग लोगों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**वृष** – आज सहकर्मी आपके साथ धोखा कर सकते हैं। मानसिक रूप से थकान महसूस होगी। महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स किसी कारण लंबित हो सकते हैं। क्लाइन्ट्स के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। किसी पर भी आंख-मूंदकर भरोसा न करें।

**मिथुन** – आज राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। लोग आपकी विचारधार से काफी सहमत रहने वाले हैं। आपकी तीव्र बुद्धि की प्रशंसा होगी। अपनी दिनचर्या में कुछ सुधार कर सकते हैं। जीवनसाथी आपका मनोबल बढ़ाएगा।

**कर्क** – आज अपना आत्मविश्वास बनाकर रखें। प्रेमी जन आपके प्रति आकर्षित रहेंगे। किसी बड़ी योजना में धन निवेश कर सकते हैं। बुजुर्ग लोगों की सेवा में मन लगाएंगे, जो लोग आपके प्रति नकारात्मक भाव रखते थे, वे आपकी प्रशंसा करेंगे।

**सिंह** – आज साझेदारी में नया व्यवसाय में शुरू कर सकते हैं। शेयर मार्केट में निवेश लाभकारी रहेगा। जीवनसाथी के साथ एकांत में समय बिताना पसंद करेंगे। आपकी बनाई हुई कोई योजना सफल होने की संभावना है।

**कन्या** – आज कोर्ट-कचहरी के मामलों में असावधानी होने की संभावना है। दोस्तों के साथ किसी विशेष विषय पर चर्चा करेंगे। घर में अचानक मेहमान आ सकते हैं। अनजान लोगों पर ज्यादा भरोसा न करें। मन उमंग-उत्साह से भरपूर रहने वाला है।

**तुला** – आज आपका दिन काफी शुभ रहने वाला है। मित्रों और दूरस्थ परिजनों के साथ वीडियो कॉल कर सकते हैं। जिस कार्य को हाथ में लेंगे उसे पूरा लेकर ही दम लेंगे। यदि अपने करियर से प्रसन्न नहीं हैं तो बदलाव के विकल्पों पर गौर कर सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज उच्च शिक्षा में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। शरीर में पित्त बढ़ने के कारण बुखार और दर्द की शिकायत हो सकती है। जीवनसाथी से बातें न छिपाएं। कार्यक्षेत्र में अनुशासन बनाकर रखें। आपको मेहनत का यथोचित परिणाम नहीं मिलेगा।


**धनु** – आज अधिकारी आपका वेतन बढ़ा सकते हैं। आपके पुराने योगदान की प्रशंसा होगी। प्रेम संबंधों को लेकर काफी ध्यान रखने की आवश्यकता है। प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतरीन सफलता मिलेगी। घरेलू कार्यों में आप काफी व्यस्त रहेंगे।

**मकर** – आज कुछ समय एकांत और शांति से बिताएं। गृहस्थ जीवन में थोड़ी अशांति हो सकती है। नजदीकी लोग आपसे नाराज हो सकते हैं। नकारात्मक लोगों की संगत के कारण मानहानि हो सकती है। मेहनत से आपको समझौता नहीं करना चाहिए।

**कुंभ** – आज भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। दोस्तों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। नए व्यावसायिक अनुबंध हो सकते हैं। बड़ी परेशानियों से आपको छुटकारा मिल सकता है। परिवार की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां आपको मिल सकती हैं।

**मीन** – आज धार्मिक कार्यों में आप काफी रुचि लेंगे। वाणी और व्यवहार में संतुलन रखें। सरकारी कार्यों में आपको सावधानी रखनी चाहिए। मनोरंजन के संसाधनों पर धन खर्च कर सकते हैं। विरोधी आपके सामने नतमस्तक रहेंगे।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-हेमंत।
चन्द्रबल- मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मूल 11.00 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
प्यार की कहानी – सुबह : 08.40
सिंह इज किंग – शाम : 06.23

**&pictures**
मक्खी – सुबह : 11.36
सूर्यवंशी – रात : 07.30

**Sony Pix**
एनाकोंडा – सुबह : 11.32
स्पाइडर मैन – रात : 09.00

**Zee Cinema**
रमैया वस्तावैया – दोपहर : 12.15
आरआरआर – रात : 08.00

**Zee Action**
सरदार गब्बर सिंह – सुबह : 10.46
जलजला – रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टीचर- बच्चों जब तुम सब बड़े हो जाओगे तो इस फोटो को देखकर कहोगे...
ये रहा राजू जो अमेरिका चला गया, ये रहा रवि जो अब लंदन में जॉब करता है और ये रहा नंदू जो यहीं का यहीं रह गया।
ये बात सुनकर नंदू बोला- और ये रही हमारी मैडम, जिनका देहांत हो गया।
नंदू की फिर तगड़ी कुटाई हुई।

बॉयफ्रेंड- तुम इतनी टेंशन में क्यों हो?
गर्लफ्रेंड- यार मैंने 50 पैसे का सिक्का कल निगल लिया था।
बॉयफ्रेंड- इसमे टेंशन की क्या बात है, आजकल 50 का सिक्का लेता कौन है?



अल्मोड़ा में गोल्ज्यू महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर शगुन आखर गातीं महिलाएं। ● अमृत विचार



टनकपुर के ककराली गेट पहुंचने पर गोल्ज्यू संदेश यात्रा का स्वागत करते लोग। ● अमृत विचार

# गोल्ज्यू महोत्सव का शोभायात्रा के साथ रंगारंग आगाज

## नंदादेवी से मल्ला महल तक निकाली गई शोभायात्रा, केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा और विधायक मनोज तिवारी ने किया शुभारंभ

**आयोजन**

- देर रात हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मचाया धमाल
- विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने शोभायात्रा में दी प्रस्तुति

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** सांस्कृतिक नगरी में पांच दिवसीय गोल्ज्यू महोत्सव का आगाज हो गया है। मंगलवार को ऐतिहासिक मां नंदादेवी मंदिर से मल्ला महल तक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में विभिन्न राज्यों के लोक कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति देकर रंग जमा दिया।



अल्मोड़ा में गोल्ज्यू महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर नगर में शोभा यात्रा निकालती महिलाएं। ● अमृत विचार

संस्कार सांस्कृतिक एवं पर्यावरण संरक्षण समिति की ओर से आयोजित महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा और क्षेत्रीय विधायक मनोज तिवारी ने संयुक्त रूप से किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के महोत्सव से लोक संस्कृति को एक पहचान मिलती है। शुभारंभ के बाद नगर के नंदादेवी से मल्ला महत तक शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में उत्तराखंड के साथ विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक टीमों ने हिस्सा लिया। वहीं, विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने भी शोभा यात्रा में शानदार प्रस्तुतियां दी। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष तारा चंद्र जोशी ने बताया कि महोत्सव के आयोजन का उद्देश्य उत्तराखंड की लोक संस्कृति के प्रचार और प्रसार के साथ-साथ देशभर की विविध संस्कृतियों का प्रदर्शन करना है। बताया कि इस बार महोत्सव को विशेष रूप से भव्य बनाने के लिए उत्तराखंड के साथ ही गुजरात, महाराष्ट्र, हरियाणा, और राजस्थान से सांस्कृतिक टीमें भी भाग लेंगी और अपनी कला का प्रदर्शन करेंगी।

समिति सचिव प्रकाश बिष्ट, पूरन रौतेला, रवि रौतेला, ललित मोहन बिष्ट, मंयक रौतेला, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष सुशील साह, प्रकाश चंद्र जोशी, पितांबर पांडे, हरीश कनवाल, दीप चंद्र जोशी आदि लोग मौजूद रहे।



टनकपुर में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं एमडीएम विद्यालय की छात्राएं।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम**

नगर के मल्ला महल में आयोजित गोल्ज्यू महोत्सव में उत्तराखंड के लोक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक कुमाऊनी-गढ़वाली गीतों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर रंग जमा दिया। इसके अलावा गुजराज, महाराष्ट्र, हरियाणा और राजस्थान के कलाकारों ने भी अपनी-अपनी लोक संस्कृतिक की प्रस्तुति देकर दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों को झूमने में मजबूर कर दिया।

# देव डांगरों ने दिया सुख समृद्धि का आशीर्वाद

संवाददाता, टनकपुर

- टनकपुर एवं बनबसा पहुंचने पर गोल्ज्यू संदेश यात्रा का हुआ भव्य स्वागत

**अमृत विचार :** द्वितीय श्री गोल्ज्यू संदेश यात्रा का मंगलवार को टनकपुर एवं बनबसा पहुंचने पर लोगों ने ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया। करीब 11 बजे यात्रा टनकपुर के ककराली गेट पहुंची, जहां अपनी धरोहर संस्था के सचिव एडवोकेट धर्मेंद्र चन्द, यात्रा संयोजक एमएन जोशी, केबी जोशी, सुमन वर्मा, हेमा जोशी के नेतृत्व में पारंपरिक परिधानों में आई महिलाओं ने स्वागत किया। इस दौरान यात्रा के साथ चल रहे देव डांगरों ने अवतरित होकर क्षेत्र के लोगों को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद दिया।

कार्यक्रम में एक ओर जहां खटीमा से आये अशोक खनका कीर्तन मंडली के कलाकारों ने बेहतरीन भजन प्रस्तुत कर लोगों का मन मोहा। वहीं एमडीएम विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत व नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर समिति के प्रांतीय संयोजक विजय भट्ट, यात्रा संयोजक सतीश चंद्र पांडेय, गोलू मंदिर समिति चम्पावत के अध्यक्ष श्याम सिंह कार्की, भाजपा नेता रोहिताश अग्रवाल, एडवोकेट शंकर दत्त गडकोटी, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि दीपक रजवार, दीप चंद्र पाठक, गीता चन्द, सुनीता चन्द, उर्मिला चन्द, विद्या जुकरिया, जानकी खर्कवाल, सुनीता गहतोड़ी, दीपा चन्द, वैभव अग्रवाल, संजय पांडे, गिरीश वर्मा, धर्मानंद पांडेय, अजय गुरुरानी, बसंत राज चन्द, अनिल चौधरी पिंकी, हरीश चन्द, लक्ष्मण सिंह पाटनी, जगदीश सिंह बिष्ट, प्रकाश चन्द, मोहन सिंह मौजूद रहे। इसके बाद यात्रा ककराली गेट से होकर टनकपुर नगर पहुंची, जहां नगर के विभिन्न मार्गों से होकर बनबसा पहुंची। बनबसा बाजार में जगह-जगह यात्रा का शंकर लाल वर्मा, संजय जोशी, पुष्कर कापड़ी, उमेश सिंह नेगी, सुरेश उप्रेती आदि लोगों ने स्वागत किया।

**सार-संक्षेप**

### खालिस्तानी आतंकवाद भारत के लिए खतरा : भानी चंद



भानी चंद।

**बनबसा :** गौरव सेनानी कल्याण समिति के अध्यक्ष कैप्टन भानी चंद ने कनाडा में खालिस्तानी आतंकवादियों के द्वारा मंदिर में हमला कर श्रद्धालुओं को घायल करने की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि खालिस्तानी आतंकवादियों को कनाडा सरकार संरक्षण दे रही है, उन्हें पाल-पोश रही है। यह भारत के लिए चिंता का विषय तो है ही इसके साथ ही कनाडा के मूल नागरिकों के लिए भी यह एक खतरे की घंटी है। उन्होंने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो से खालिस्तानी आतंकवादियों को कनाडा से बाहर निकालने की मांग की।



चम्पावत में ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते डीएम नवनीत पांडेय।

### निष्प्रयोज्य सामग्री का शीघ्र निस्तारण करें: डीएम

**टनकपुर :** डीएम व जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत पांडेय ने चम्पावत कलक्ट्रेट परिसर के जिला निर्वाचन कार्यालय भवन में स्थापित ईवीएम व वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण करते हुए सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वेयर हाउस में रखी ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था का समय-समय पर डीएम की ओर से निरीक्षण किया जाता है। इसी क्रम में ईवीएम से संबंधित सभी सुरक्षा मानकों की जांच के लिए डीएम ने वेयर हाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षात्मक दृष्टि से लगाए गए सीसीटीवी कैमरे, अग्निशमन यंत्रों, अलार्म सिस्टम के संचालन का भी जायजा किया। डीएम ने निरीक्षण के दौरान पुरानी निष्प्रयोज्य सामग्री को मानक के अनुसार निस्तारण करने के निर्देश दिए। कहा कि सुरक्षा एवं निगरानी की दृष्टि से वेयर हाउस में लगे कैमरों व उपकरणों के संचालन में किसी भी प्रकार की समस्या न हो। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी हेमंत कुमार वर्मा, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी रमेश चंद्र आर्या, वरिष्ठ सहायक दीपा आदि मौजूद रहे।

### अल्मोड़ा में 19.25 ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार



पुलिस की गिरफ्त में स्मैक तस्करी का आरोपी।

**अल्मोड़ा :** ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के तहत पुलिस का जिलेभर में चेकिंग अभियान जारी है। चेकिंग के दौरान अल्मोड़ा पुलिस और एसओजी की टीम ने बीआरओ कैंटीन के पास एक युवक को स्मैक के साथ दबोच लिया। युवक के कब्जे से 19 .25 ग्राम स्मैक बरामद की। इसके बाद पुलिस ने युवक पर एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अल्मोड़ा पुलिस टीम ने नगर के विभिन्न स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान नगर की बीआरओ कैंटीन के पास एक युवक के संदिग्ध प्रतीत होने पर उसे रोका गया। तलाशी लेने पर आरोपी अवधेश कुमार टम्टा (24) पुत्र राजेश कुमार, निवासी टम्टा मोहल्ला, अल्मोड़ा के कब्जे से 19 .25 ग्राम स्मैक बरामद की गई। बरामद स्मैक की कीमत करीब 5 लाख 77 हजार 500 रुपये आंकी गई। पुलिस ने मौके पर स्मैक को सील कर एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर युवक को गिरफ्तार किया। कोतवाल जगदीश देऊपा ने बताया कि आरोपी युवक पूर्व में भी स्मैक तस्करी व आपराधिक गतिविधियों में जेल जा चुका है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई संतोष तिवारी, कांस्टेबल मोहम्मद यामीन, राजेश भट्ट, विरेंद्र सिंह बिष्ट शामिल रहे।

# लंबित समस्याओं के निराकरण की मांग

- राज्य आंदोलनकारियों ने किया धरना-प्रदर्शन
- 20 हजार मानदेय समेत कई समस्याओं के निराकरण की उठा रहे मांग

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** लंबित समस्याओं के निराकरण को लेकर राज्य आंदोलनकारियों ने मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को राज्य आंदोलनकारियों ने नगर के गांधी पार्क में सरकार के खिलाफ धरना देकर जमकर नारेबाजी। जल्द समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।



लंबित समस्याओं के निराकरण को धरने पर बैठे राज्य आंदोलनकारी।

धरना स्थल पर वक्ताओं ने कहा कि लंबे समय से राज्य आंदोलनकारी पेंशन समेत चिह्निकरण, आश्रितों को पेंशन और क्षैतिज आरक्षण के लिए शीघ्र प्रमाण पत्र जारी किए जाने की मांग उठा रहे हैं। लेकिन उनकी मांगों को अनदेखा किया जा रहा है। जिससे आंदोलनकारियों में रोष है। इसके अलावा आंदोलनकारियों ने गैरसैंण को राजधानी घोषित करने और मूल निवास समेत सशक्त भू-कानून लागू करने की मांग उठाई।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जब से मुख्यमंत्री ने राज्य में भूकानून लागू करने का शिगूफा छेड़ा है, तब से बाहरी लोगों में यहां भूमि खरीदने की बाढ़ सी आ गई है। आंदोलनकारियों ने कहा कि उनकी मांगें पूरी नहीं होने पर नौ नवंबर को राज्य स्थापना दिवस के सरकारी कार्यक्रम में भागीदारी न कर अपने स्तर से स्थापना दिवस मनाएंगे। उत्तराखंड की मूलभूत समस्याओं के लिए आंदोलन की रणनीति भी तैयार करेंगे।

इस मौके पर ब्रह्मानंद डालाकोटी, महेश परिहार, शिवराज बनौला, बसंत बल्लभ जोशी, बहादुर राम, सुंदर सिंह, गोपाल सिंह बनौला, विशम्भर पेटशाली, दिनेश चंद्र शर्मा, मोहन सिंह भैसोड़ा, पान सिंह समेत कई राज्य आंदोलनकारी मौजूद रहे।

# पुलिस की वैन खाई में गिरी दरोगा समेत चार घायल

संवाददाता, टनकपुर


**अमृत विचार :** चम्पावत जिले के नेपाल सीमा से लगे तल्लादेश क्षेत्र में निर्माणाधीन टनकपुर जौलजीबी मोटर मार्ग से लगे एक गांव में शव होने की सूचना पर जा रही पुलिस की वैन अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। हादसे में एक दरोगा समेत चार पुलिस कर्मी घायल हो गये। घायलों को क्षेत्र के लोगों और एसएसबी के जवानों की मदद से टनकपुर उप जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।

एसपी अजय गणपति ने बताया कि सोमवार को सूचना मिली कि टनकपुर जौलजीबी मोटर मार्ग के खेत गांव में किसी व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। सूचना पर तामली थाने की पुलिस टीम वैन में सवार होकर वहां गई, लेकिन रात होने के कारण शव नहीं मिल पाया। जिसके बाद पुलिस टीम वापस थाने को रवाना हुई।

तभी वैन अनियंत्रित होकर 15 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में दरोगा भुवन चंद्र आर्या, हेड कांस्टेबल ललित मोहन जोशी, फरीद खान व चालक मोहन सिंह घायल हो गए। सूचना पर सभी घायलों को टनकपुर उप जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां मंगलवार को उपचार के बाद सभी को छुट्टी दे दी गई।



भुवन चंद्र आर्या।



ललित मोहन जोशी।



फरीद खान।



मोहन सिंह।

### भिकियासैंण में दीवार से टकराकर पलटी कार

**भिकियासैंण :** भिकियासैंण-जैनल मोटर मार्ग के बाड़ीकोट पर मंगलबार सुबह एक कार सड़क पर पलट गई। कार से सड़क पर पलटने से कार में सवार पांच लोगों को हल्की चोटें आई। सीएचसी भिकियासैंण में प्राथमिक उपचार कर सभी घायलों को छुट्टी दे दी गई। जानकारी के मुताबिक मंगलवार सुबह दिल्ली से देघाट जा रही कार बाड़ीकोट के पास दीवार से टकराकर सड़क पर पलट गई। इसमें सवार बचे सिंह, लालसिंह, कमलादेवी, रविन्द्र सिंह, अशोक को मामूली चोटें आई। उपचार के लिए सीएचसी भिकियासैंण लाया गया। डॉ . विकास ने बताया कि पांचों लोगों का प्राथमिक उपचार किया गया। प्राथमिक उपचार के बाद पांचों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

# आक्रोशित छात्रों ने कुलपति का घेराव कर जमकर हंगामा काटा

- छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर छात्र संगठनों का प्रदर्शन
- जल्द चुनाव की तिथि घोषित नहीं होने पर दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** एसएसजे परिसर में छात्रसंघ की मांग को लेकर छात्रों का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा हैं। मंगलवार को विभिन्न छात्र संगठनों ने कुलपति का घेराव कर जमकर हंगामा काटा।



छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर कुलपति का घेराव करते छात्र। ● अमृत विचार

छात्रों का हंगामा देख भारी मात्रा में विवि प्रशासनिक भवन के बाहर पुलिस बल तैनात रहा। इस दौरान छात्र नेता चुनाव की मांग को लेकर अड़ गए। दअरसल, लंबे समय से छात्र नेता छात्रसंघ चुनाव की मांग कर रहे हैं। इसको लेकर छात्र आंदोनरत हैं। मंगलवार को परिसर खुलते ही बड़ी संख्या में छात्र एकत्र होकर सरकार और विवि प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। आक्रोशित छात्रों ने विवि कुलपति का घेराव कर जमकर नारेबाजी की। छात्रों ने कहा कि विवि प्रशासन की लापरवाही से ही छात्रसंघ चुनाव समय पर नहीं हो पाए।

उन्होंने कुलपति से जल्द चुनाव की तिथि घोषित करने की मांग उठाई। इस दौरान छात्रों की पुलिस और परिसर प्रशासन से हल्की नोकझोंक भी हुई। हालांकि बाद में कुलपति के आश्वासन के बाद छात्र शांत हुए।

यहां छात्रसंघ अध्यक्ष राहुल धामी, उपाध्यक्ष युवम बोहरा, उपसचिव गौरव सतवाल, अमित बिष्ट, संजय पांडे, पंकज कनवाल, भूपेंद्र कोरंगा, गौरव भंडारी, उज्ज्वल जोशी, विशाल सिंह बिष्ट, निखिल मेहरा, अभिनव बुधौरी, राजकमल जोशी, पवन सिंह मेहरा, अरविंद सागर आदि रहे।

## डीडीए समाप्ति की मांग को गरजी संघर्ष समिति

**अल्मोड़ा :** पर्वतीय क्षेत्रों से जिला विकास प्राधिकरण समाप्त करने की मांग फिर से तेज हो गई है। मंगलवार को विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने अल्मोड़ा के चौघानपाटा स्थित गांधी पार्क में धरना दिया। इस दौरान सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की।

धरना स्थल पर समिति के संयोजक व निर्वतमान पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों की स्थिति को समझे बगैर प्रदेश की भाजपा सरकार ने 2017 में तुगलकी फरमान से समूचे पर्वतीय क्षेत्रों में डीडीए लागू कर दिया था। जिसका जनता विरोध कर रही है। कहा कि जब तक सरकार पर्वतीय क्षेत्रों से डीडीए समाप्ति का शासनादेश जारी नहीं कर देती तब तक विरोध जारी रहेगा। इधर, संघर्ष समिति ने सल्ट हादसे में दुख व्यक्त करते हुए मृतकों की आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की। यहां महेश चंद्र आर्या, प्रताप सिंह सत्याल, रोबिन मनोज भंडारी, प्रत्येश पांडे, ललित मौजूद रहे।

# भाजपा में संगठनात्मक चुनावों की तैयारी तेज




मुख्य वक्ता का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार :** भाजपा में संगठनात्मक चुनावों की तैयारियां तेज हो गई है। मंगलवार को कुमाऊं प्रभारी पुष्कर काला ने कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर बूथ प्रभारी तय किये। उन्होंने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। उन्होंने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने पर बल दिया।

पार्टी कार्यालय में बैठक के दौरान चुनाव प्रभारी पूर्व विधायक मीना गंगोला ने कार्यकर्ताओं से पार्टी के प्रति निष्ठा के साथ बूथ व मंडल स्तर पर कार्य करने को कहा। जिला प्रभारी वीरेंद्र बलदिया ने बताया कि जनपद के 381 बूथ में बूथ अध्यक्ष की प्रक्रिया संपन्न होनी है। मंडल स्तर पर बूथों में प्रभारी तय कर दिए गए हैं। इस दौरान विधायक पार्वती दास, पूर्व काबीना मंत्री बलवंत सिंह भौंर्याल, जिला पंचायत अध्यक्ष बसंती देव, सुरेश कांडपाल, डॉ. राजेंद्र परिहार ने विचार व्यक्त किये।

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन –तुलसी 2415, राज श्री 1890, फ़ॉर्चून कि. 2330, रविन्द्रा 2380, फॉर्चुन ली. 2150, जय जवान 2080, सचिन 2135, सूरज 2105, अवसर 2170, राग गोल्ड 2275, गृहणी ली 2165, क्लासिक (किलो) 2265, मोर 2275, चक्र टिन 2185, ब्लू 2335, आशीर्वाद मस्टर्ड 2310, स्वास्तिक 2385 ।किराना–( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 16000, जीरा 31000, लाल मिर्च 18000–21000, धनिया 8500–10000, अजवायान 15500–23000, मेथी 7000–8000 सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800–900, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 900, किसमिस पीली 140–180, मखाना 900–1150 ।चावल–( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10000, स्पाइस 7600, शरबती कच्ची 4450, शर्बती स्टीम 4700, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 7500, राजभोग 6950, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10300, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 8500, गलैक्सी 7400, सूमो 4000, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 5150, खजाना 5150 ।दाल दलहन –मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10700, राजमा चित्रा 12700–13600, राजमा भूटान नया 11700, मलका काली 7150–7700 मलका दाल 7375–8000, मलका छाँटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9600–10200, मसूर दाल छोटी 8900–9500, दाल उड़द दिल्ली 11600, उड़द साबुत दिल्ली 11400, उड़द धोवा इंदौर 13400, उड़द धोवा 11900–12900,चना काला 8550, दाल चना 9150, लाल हिंदुस्तान 9250, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9800, चना अकोला 9000, डबरा 10200–11200, सच्चा हीरा 12900, मोटा हीरा 14800, अरहर गोला मोटा 11000, अरहर पटका मोटा 11400, अरहर कोरा मोटा 11700, अरहर पटका छोटा 15000–15600, अरहर कोरी छोटी 16000 ।चीनी–डालमियां 4200, पीलीभीत 4180, नवाबगंज 4160, बहेड़ी 4180 ।

# 7 देशों से आने वाले पीवीसी रेजिन पर लगेगा डंपिंग रोधी शुल्क

## वाणिज्य मंत्रालय की जांच शाखा डीजीटीआर ने की आयात पर शुल्क की सिफारिश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **भारत में सामान्य मूल्य से कम कीमत पर हुआ निर्यात, जिसके परिणामस्वरूप हुई डंपिंग**




वाणिज्य मंत्रालय की जांच शाखा डीजीटीआर ने घरेलू उत्पादकों को संरक्षण देने के लिए चीन, अमेरिका और द. कोरिया सहित सात देशों से पीवीसी रेजिन के आयात पर 339 डॉलर प्रति टन तक डंपिंग रोधी शुल्क लगाने की सिफारिश दी है। व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) ने निष्कर्ष निकाला है कि पीवीसी सस्पेंशन रेजिन को भारत में सामान्य मूल्य से कम कीमत पर निर्यात किया गया जिसके परिणामस्वरूप डंपिंग हुई है।

निदेशालय की अधिसूचना में कहा गया है कि इन देशों चीन, इंडोनेशिया, जापान, कोरिया गणराज्य, ताइवान, थाईलैंड और अमेरिका से आयात से घरेलू उद्योग को भारी नुकसान हुआ है। तदनुसार प्राधिकरण आयात पर अस्थायी डंपिंग रोधी शुल्क लगाने की सिफारिश करता है। अनुशंसित शुल्क 25 अमेरिकी डॉलर प्रति टन से लेकर 339 अमेरिकी डॉलर प्रति टन के बीच है। शुल्क लगाने का अंतिम निर्णय वित्त मंत्रालय लेता है। डीजीटीआर ने डीसीएम श्रीराम और डीसीडब्ल्यू लिमिटेड सहित घरेलू कंपनियों से मिले आवेदनों के बाद जांच की थी। इन रेजिन का इस्तेमाल विभिन्न क्षेत्रों में होता है, जिनमें पाइप व फिटिंग, फिल्म और शीट, बोतलें, तार और केबल हैं। डंपिंग रोधी जांच कई देशों द्वारा यह पता लगाने के लिए की जाती है कि सस्ते आयात में वृद्धि से घरेलू उद्योगों को नुकसान तो नहीं पहुंचा है। जवाबी कार्रवाई में वे जिनेवा स्थित विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की बहुपक्षीय व्यवस्था के तहत ये शुल्क लगाते हैं। शुल्क का मकसद निष्पक्ष व्यापार प्रथाओं को सुनिश्चित करना तथा विदेशी उत्पादकों व निर्यातकों के मुकाबले घरेलू उत्पादकों को समान अवसर उपलब्ध कराना है।

# सीएजीआर : निवेश के लिए एक मूल्यवान संकेतक

सीएजीआर (कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट) एक महत्वपूर्ण वित्तीय मीट्रिक है, जो यह दर्शाता है कि किसी निवेश का मूल्य एक निश्चित अवधि में औसतन कितनी दर से बढ़ा है। निवेशक सीएजीआर का उपयोग निवेश की वृद्धि की योजना बनाने, विभिन्न निवेशों की तुलना करने और वित्तीय लक्ष्यों को हासिल करने में मदद के लिए करते हैं। यह साधारण गणना न केवल निवेश के प्रदर्शन को स्पष्ट करती है, बल्कि भविष्य की संभावित वृद्धि का आकलन भी करने में सहायक होती है। हालांकि, इसे अकेले ही आधार के रूप में नहीं देखना चाहिए, क्योंकि इसके साथ जोखिम भी जुड़े होते हैं। आइये इसके बारे में जाने...



### निवेशकों को लाभ

- **भविष्यवाणी में सहायक :** सीएजीआर का उपयोग करके आप अनुमान लगा सकते हैं कि भविष्य में आपका निवेश कितना बढ़ सकता है, जिससे आपको बेहतर वित्तीय निर्णय लेने में मदद मिलती है।
- **सामान्य दृष्टिकोण :** सीएजीआर एक सामान्य दृष्टिकोण प्रदान करता है, जिससे निवेशक विभिन्न निवेशों के प्रदर्शन की तुलना कर सकते हैं।
- **वास्तविकता का स्पष्ट चित्र :** यह निवेश के दीर्घकालिक प्रदर्शन को दर्शाता है, जो समय के साथ संभावित विकास का सही चित्र प्रदान करता है।

### महत्व और भूमिका

- **विकास का स्पष्ट माप :** सीएजीआर यह समझने में मदद करता है कि निवेश समय के साथ कैसे बढ़ा है। यह स्पष्टता प्रदान करता है कि क्या निवेश लक्ष्यों को पूरा कर रहा है।
- **योजनाबद्ध निवेश :** सीएजीआर के माध्यम से निवेश कर सकते हैं। यदि जानते हैं कि निवेश की औसत वार्षिक वृद्धि दर क्या है, तो आप वित्तीय योजनाओं को अधिक प्रभावी ढंग से तैयार कर सकते हैं।
- **निवेश की तुलना :** कई प्रकार के निवेश (जैसे स्टॉक्स, म्यूचुअल फंड्स, बॉण्ड्स) की सीएजीआर की तुलना करके, आप ये जान सकते हैं कि कौन सा विकल्प सबसे अच्छा है। इससे आप सही निर्णय ले सकते हैं।

### जोखिम का रखें ध्यान

- **वास्तविकता से भिन्नता :** सीएजीआर बाजार की अस्थिरता को नहीं दर्शाता। कुछ वर्षों में गिरावट हो सकती है, और सीएजीआर इसको छुपा सकता है।
- **अवधि निर्भरता :** सीएजीआर उस अवधि पर निर्भर करता है जिसे आप चुनते हैं। छोटी अवधि में यह भ्रामक होता है।
- **अन्य कारक :** सीएजीआर में केवल मूल्य वृद्धि को मापा जाता है, लेकिन अन्य कारक जैसे डिविडेंड, शुल्क और बाजार को ध्यान में नहीं लिया जाता है।

### निवेशक कैसे करें जानकारी

- **गणना :** सूत्र का उपयोग करके सीएजीआर की गणना करें। आप अपनी निवेश रिपोर्ट्स या ऑनलाइन कैलकुलेटर का उपयोग कर सकते हैं।
- **वित्तीय विश्लेषण :** वित्तीय वेबसाइटों, निवेश मंचों, और फंड की वार्षिक रिपोर्ट से जानकारी लें। ये फंड्स व स्टॉक्स की सीएजीआर करने में मदद करेगा।

## हल्द्वानी मंडी

चावल : शरबती– 5300
मसूरी– 5100 बासमती– 9200
परमल– 3800 दाल दलहन : काला चना– 8700 साबुत चना दाल– 9200
मूंग साबुत– 10600 राजमा– 11400–15200 दाल उड़द– 10400
साबुत मसूर दाल– 7200 मसूर दाल– 8500 उड़द साबुत– 11200 काबुली चना– 12500–14600 अरहर दाल– 12600–14000 लोबिया/करमानी– 8200 सोयाबीन– 5100
मूंगफली– 11500 मटर (सूखी)– 5600 मक्का– 3900

## सर्राफा

**बरेली**

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 80900 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 79900 |
| सिल्वर ( पक्की) | 959 (अनुमानित) |

# आरआरबी के विलय का चौथा चरण, बैंकों की संख्या होगी 28

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **वित्त मंत्रालय के अनुसार, कई राज्यों में 15 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का किया जाएगा विलय**

वित्त मंत्रालय ने क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) के विलय का चौथा चरण शुरू कर दिया है, जिससे ऐसे बैंकों की संख्या 43 से घटकर 28 होने की संभावना है। वित्त मंत्रालय के अनुसार, कई राज्यों में 15 ग्रामीण बैंकों का विलय होगा।

आरआरबी का विलय आंध्र प्रदेश में 4, उत्तर प्रदेश तथा प. बंगाल में 3 और बिहार, गुजरात, जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा तथा राजस्थान में दो में किया जाएगा। तेलंगाना के मामले में ग्रामीण बैंकों का विलय आंध्र प्रदेश ग्रामीण विकास बैंक (एपीजीवीबी) की परिसंपत्तियों व देनदारियों को एपीजीवीबी और तेलंगाना ग्रामीण बैंक के बीच विभाजित करने के अधीन होगा। वित्तीय सेवा विभाग ने बैंकों के प्रमुखों को भेजे पत्र में कहा कि एक राज्य-एक क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के लक्ष्य को हासिल करने के लिए ग्रामीण बैंकों को और अधिक समेकित करने की जरूरत महसूस हो रही है।

# सीबीडीटी ने दी देय ब्याज माफ करने या कम करने की अनुमति

**नई दिल्ली।** सीबीडीटी ने अधिकारियों को निर्दिष्ट शर्तों के अधीन करदाता के देय ब्याज को माफ करने या कम करने की अनुमति दी है। आयकर अधिनियम के तहत यदि करदाता किसी मांग नोटिस में निर्दिष्ट कर राशि का भुगतान करने में विफल रहता है, तो उसे भुगतान करने में देरी के लिए 1 प्रतिशत प्रति माह की दर से ब्याज देना होगा। यह अधिनियम प्रधान मुख्य आयुक्त (पीआरसीसीआईटी) या मुख्य आयुक्त (सीसीआईटी) या प्रधान आयुक्त (पीआरसीआईटी) या आयुक्त रैंक के अधिकारियों को देय ब्याज राशि को कम करने या माफ करने का अधिकार भी देता है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने 4 नवंबर को जारी परिपत्र के जरिये ब्याज की मौद्रिक सीमा निर्दिष्ट की है।

- **भुगतान करने में देरी के लिए 1 प्रतिशत प्रति माह की दर से देना होगा ब्याज**

# खरीफ सत्र 2024-25 में चावल का उत्पादन रिकॉर्ड 11.99 करोड़ टन रहने का अनुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **कृषि मंत्रालय को गोदामों में अधिशेष स्टॉक के बीच रिकॉर्ड उत्पादन की उम्मीद**

कृषि मंत्रालय के मंगलवार को जारी पहले अग्रिम अनुमान के अनुसार अच्छे मानसून के कारण खरीफ सत्र 2024-25 में भारत का चावल उत्पादन रिकॉर्ड 11 करोड़ 99.3 लाख टन रहने की संभावना है। सरकारी गोदामों में अधिशेष स्टॉक के बीच रिकॉर्ड उत्पादन का अनुमान लगाया गया है। चावल का उत्पादन गत वर्ष खरीफ मौसम की तुलना में 66.7 लाख टन अधिक होने का अनुमान है।

मोटे अनाजों में, मक्का का उत्पादन दो करोड़ 45.4 लाख टन के उच्चस्तर पर पहुंचने का अनुमान है। यह पिछले साल के दो करोड़ 22.4 लाख टन से अधिक है। ज्वार का उत्पादन बढ़कर 21.9 लाख टन होने का अनुमान है, जबकि बाजरा 93.7 लाख टन रहने की संभावना है। मोटे अनाज का उत्पादन एक साल पहले की पांच करोड़ 69.3 लाख टन के मुकाबले घटकर तीन करोड़ 78.1 लाख टन रहने का अनुमान है। मंत्रालय का अनुमान है कि खरीफ सत्र 2024-25 में कुल खाद्यान्न उत्पादन 16.47 करोड़ टन रहेगा, जो पिछले साल के 15 करोड़ 57.6 लाख टन से ज्यादा है। दालों का उत्पादन 69.7 लाख टन की तुलना में स्थिर 69.5 लाख टन रहेगा, जबकि तिलहन दो करोड़ 41.6 लाख टन से बढ़कर दो करोड़ 57.4 लाख टन रहेगा।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### संजय वर्मा बने महाराष्ट्र के पुलिस महानिदेशक

**मुंबई।** आईपीएस अधिकारी संजय वर्मा को रश्मि शुक्ला की जगह मंगलवार को महाराष्ट्र का नया पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया गया। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर शुक्ला को डीजीपी पद से हटा दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि महानिदेशक (विधि एवं प्रौद्योगिकी) के तौर पर कार्यरत वर्मा 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। वह अप्रैल 2028 में सेवानिवृत्त होंगे।

### झारखंड : वाहन की चपेट में आने से 4 लोगों की मौत

**रामगढ़।** झारखंड के रामगढ़ जिले में वाहन की चपेट में आने से दो महिलाओं और बच्चे समेत चार लोगों की मौत हो गई। मंगलवार को पुलिस अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना मंगलवार को भूभाई गांव में गोला–रजरप्पा रोड पर उस समय हुई जब कुछ लोग सोहराई त्योहार मना रहे थे कि तभी वाहन ने उन्हें कुचल दिया। गोला थाने के प्रभारी अभिषेक प्रसाद ने बताया कि दो महिलाओं, एक बच्चा व व्यक्ति की मौत हो गई।

### बारामूला में नशीली दवाओं का तस्कर गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू–कश्मीर के बारामूला जिले में पुलिस ने ड्रग तस्कर को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से प्रतिबंधित पदार्थ बरामद किया है। पुलिस ने मंगलवार को कहा कि इको पार्क बारामूला में स्थापित चेकपॉइंट पर एक व्यक्ति को रोका गया और तलाशी में उसके कब्जे से 65 ग्राम चरस जैसा पदार्थ बरामद किया गया। आरोपी की पहचान परनपीलन उरी निवासी रोशन अहमद अवान के रूप में की गयी है। उसे बारामूला पुलिस स्टेशन जाया गया जहां वह हिरासत में है।

# झामुमो फुस्स पटाखा, भाजपा शक्तिशाली रॉकेट

## रक्षामंत्री राजनाथ ने रांची के हटिया में चुनावी रैली में राज्य सरकार पर किया कटाक्ष

**झारखंड विस चुनाव**

- **बोले- झामुमो का मतलब जमकर मलाई मारो, ये गठबंधन आदिवासियों का खून चूसता है**

**रांची, एजेंसी**



रांची के चुनावी सभा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को माला पहनातीं महिलाएं।

झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन को दीपावली के फुस्स पटाखे करार देते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि भाजपा एक शक्तिशाली रॉकेट है जो झारखंड को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। सिंह ने राज्य सरकार पर कटाक्ष करते हुए रांची के हटिया में आयोजित चुनावी रैली में कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रस्तावक मंडल मुर्मू झामुमो को छोड़कर भाजपा में शामिल होने के बाद स्पष्ट हो गया है कि राज्य में कौन सरकार बनाएगा।

उन्होंने कहा कि झामुमो, कांग्रेस और राजद अब दीपावली के फुस्स पटाखे हैं। भाजपा शक्तिशाली रॉकेट है जो झारखंड को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। राज्य की सत्ताधारी पार्टी पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों पर कटाक्ष करते हुए सिंह ने कहा कि झामुमो का मतलब जमकर मलाई मारो है। उन्होंने आरोप लगाया कि झामुमो आदिवासियों का खून चूसता है और उनके हितों के खिलाफ काम करता है। मैं हेमंत से पूछता हूं कि घुसपैठिए राज्य में क्यों आ रहे हैं? राज्य की आदिवासी आबादी घटकर 28 फीसदी क्यों रह गई? भाजपा को दो कार्यकाल दीजिए, झारखंड विकसित राज्यों में होगा। हम झारखंड में न सिर्फ सरकार बदलेंगे बल्कि व्यवस्था भी बदलेंगे।

### भाजपा ने 30 बागियों को दिखाया बाहर का रास्ता

**रांची।** झारखंड में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देशन पर महामंत्री व सांसद डॉ. प्रदीप वर्मा ने चुनाव में अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ नामांकन कर पार्टी की नीतियों के विरुद्ध भाजपा उम्मीदवारों के खिलाफ चुनाव लड़ रहे 30 बागी नेताओं को पार्टी से 6 वर्षों के लिये निष्कासित किया है। प्रदेश कार्यालय से जारी विज्ञप्ति के अनुसार चंद्रमा कुमारी पलामू, कुमकुम देवी हजारीबाग, लक्ष्मी देवी पलामू, जूली यादव दुमका, बलवंत सिंह लातेहार, अरविंद सिंह खरसावां, बटेश्वर मेहता हजारीबाग, भैय्या बांके बिहारी हजारीबाग, चितरंजन साव बोकारो, कर्नल संजय सिंह पलामू, हर्ष अजमेरा हजारीबाग, हजारी प्रसाद साहू रांची ग्रामीण आदि बागी नेताओं को बाहर का रास्ता दिखाया गया है।

# न्यायपालिका की स्वतंत्रता का मतलब हमेशा सरकार के खिलाफ फैसला सुनाना नहीं : चंद्रचूड़

**नई दिल्ली, एजेंसी**



नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़।

- **सीजेआई बोले- कुछ समूह मीडिया का प्रयोग कर दबाव डालकर अनुकूल फैसले की कोशिश करते हैं**

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता का मतलब हमेशा सरकार के खिलाफ फैसले देना नहीं है। एक कार्यक्रम में चंद्रचूड़ ने कहा कि कुछ दबाव समूह हैं जो इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का इस्तेमाल कर अदालतों पर दबाव डालकर अनुकूल फैसले लेने की कोशिश कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता का अर्थ अब भी सरकार से स्वतंत्रता है। लेकिन न्यायिक स्वतंत्रता के संदर्भ में यह एकमात्र चीज नहीं है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के आने के बाद, आप हित समूह, दबाव समूह और ऐसे समूहों को देखते हैं जो अनुकूल निर्णय लेने के लिए अदालतों पर दबाव बनाने के उद्देश्य से इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहे हैं। 10 तारीख को सीजेआई के पद से सेवानिवृत्त हो रहे चंद्रचूड ने कहा कि अगर न्यायाधीश उनके पक्ष में फैसला करते हैं तो ये दबाब समूह न्यायपालिका को स्वतंत्र बताते हैं।

चंद्रचूड़ ने कहा कि जब उन्होंने सरकार के खिलाफ फैसला सुनाया और चुनावी बॉण्ड रद कर दिया तो उन्हें स्वतंत्र कहा गया। जब आप चुनावी बॉण्ड पर निर्णय करते हैं, तो आप स्वतंत्र होते हैं, लेकिन अगर फैसला सरकार के पक्ष में जाता है, तो आप स्वतंत्र नहीं हैं... यह मेरी स्वतंत्रता की परिभाषा नहीं है।

### किसी मामले का गुण-दोष मीडिया में चित्रण से अलग

**नई दिल्ली।** दिल्ली दंगों के मामले में जेल में बंद जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई में देरी पर चंद्रचूड़ ने कहा कि किसी मामले का गुण–दोष उससे अलग होता है जैसा वह मीडिया में दिखाया जाता है। एक न्यायाधीश किसी मामले की सुनवाई करते समय अपने दिमाग का पूरा इस्तेमाल करता है और बिना पक्षपात के उसके गुण–दोष के आधार पर फैसला करता है। मीडिया में मामला महत्वपूर्ण हो जाता है और फिर उस पर अदालत की आलोचना होती है।

# विकीपीडिया को माध्यम के बजाय प्रकाशक क्यों न माना जाए : केंद्र

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **केंद्र ने पत्र लिखकर विकीपीडिया के प्रदान किए जानकारी में अशुद्धियों का किया उल्लेख**

केंद्र ने विकीपीडिया को पत्र लिखकर उसके द्वारा प्रदान की गई जानकारी में पूर्वाग्रह और अशुद्धियों का उल्लेख किया है तथा पूछा है कि उसे सूचना प्रदान करने वाले माध्यम के बजाय प्रकाशक क्यों नहीं माना जाए। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के पत्र में कहा गया है, ऐसा विचार है कि एक छोटा समूह इसके पृष्ठों पर संपादकीय नियंत्रण रखता है। विकीपीडिया खुद को मुफ्त ऑनलाइन विश्वकोश के रूप में विज्ञापित करता है जहां हस्तियों, मुद्दों या कई विषयों पर स्वयंसेवक पेज बना या संपादित कर सकते हैं। जानकारी का यह स्रोत गलत एवं मानहानि युक्त सामग्री उपलब्ध कराने को लेकर भारत में कानूनी मामलों में उलझा हुआ है।

# गुजरात में शराब से लदी एसयूवी पकड़ने में पुलिसकर्मी की मौत

**सुरेंद्रनगर।** गुजरात के सुरेन्द्रनगर जिले में मंगलवार तड़के शराब से भरे संदिग्ध वाहन को रोकने की कोशिश करते समय 50 वर्षीय पुलिसकर्मी की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना दसादा-पाटडी मार्ग पर हुई। गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए राज्य निगरानी प्रकोष्ठ से सम्बद्ध उपनिरीक्षक जे एम पठान ने तस्करी में प्रयुक्त एसयूवी को रोकने की कोशिश की, जिससे उसकी जान चली गई।

# हाथियों की मौत का खुलासा एसिड युक्त खाया था कोदो

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के उमरिया जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में खितौली व पतौर रेंज में 29 अक्टूबर को हाथियों की मौत हुई थी। हाथियों का विसरा विज्ञान प्रयोगशाला भेजा गया था। अपर मुख्य वन संरक्षक वन्य-जीव एल. कृष्णमूर्ति ने बताया कि आयवीआरआई बरेली उत्तर प्रदेश से 5 नवम्बर को रिपोर्ट आई है। इसके अनुसार विसरा में साइक्लोपियाज़ोनिक एसिड मिला है। हाथियों ने बड़ी मात्रा में खराब कोदो/अनाज खाए थे। एसिड की विषाक्तता की गणना हो रही है। कृष्णमूर्ति ने बताया कि आयवीआरआई ने आसपास के क्षेत्रों में ध्यान रखने के लिए एडवायजरी भी जारी की है, जिसमें ग्रामीणों में जागरूकता, खराब फसल में मवेशियों न चराने जैसे बिन्दु हैं, जिसे प्रबंधन की ओर से पालन कराया जाएगा।

# भाजपा के विचार सड़े हैं, वह बटेंगे तो कटेंगे में विश्वास करती है : खरगे

**रांची, एजेंसी**



राची में सभा को संबोधित करते मल्लिकार्जुन खरगे।

केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा पर निशाना साधते हुये कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को कहा कि पार्टी के विचार सड़े हैं और वह बंटेंगे तो कटेंगे में विश्वास करती है। खरगे ने आरोप लगाया कि भगवा पार्टी झारखंड में सत्ता हथियाने और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेजने की साजिश कर रही है।

रांची की चुनावी रैली में खरगे ने कहा कि वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बटेंगे तो कटेंगे टिप्पणी का जिक्र कर रहे थे, जिसका उल्लेख भाजपा नेता ने कई बार किया है। मांडू में चुनावी रैली में खरगे ने आरोप लगाया कि भाजपा झारखंड के कोयला और अन्य खनिज संसाधनों को लूटने के इरादे से राज्य में सत्ता हासिल करने की कोशिश कर रही है।

# बांदीपोरा में मुठभेड़ में एक आतंकी ढेर

- **जवाबी कार्रवाई के दौरान दो सुरक्षाकर्मी भी हो गए घायल**

**श्रीनगर, एजेंसी**

जम्मू कश्मीर के बांदीपोरा जिले में मंगलवार को सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया जबकि दो सुरक्षाकर्मी घायल हो गये। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि सुरक्षाबलों ने बांदीपोरा के चूंटपाथरी वन क्षेत्र में आतंकियों के होने की सूचना पर तलाशी अभियान शुरू किया। आतंकियों ने पहले सुरक्षाबलों पर गोलीबारी की, जिसके बाद जवाबी कार्रवाई हुई, जिसमें एक आतंकी मारा गया जबकि सेना और सीआरपीएफ के एक-एक जवान घायल हो गए। घायलों को अस्पताल ले जाया गया है।

### आतंकियों को पनाह देने वालों के घर होंगे जमींदोज: सिन्हा

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को चेतावनी दी कि आतंकियों को पनाह देने वालों के घरों को जमींदोज किया जाएगा। उन्होंने लोगों से आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता के साथ खड़े होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अगर सुरक्षा बल, केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन और लोग एकजुट हो जाएं तो एक साल में क्षेत्र से आतंकवाद का सफाया हो सकता है। बारामूला जिले में कार्यक्रम में उप राज्यपाल ने कहा कि निर्देश है कि वे निर्दोष को नुकसान न पहुंचाएं, दोषियों बख्शा नहीं जाएगा।

### हथियारों समेत आतंकी का सहयोगी गिरफ्तार

सुरक्षा बलों ने जम्मू–कश्मीर में कुपवाड़ा जिले के हंदवाड़ा शहर में घेराबंदी और तलाश अभियान के दौरान आतंकवादी के सहयोगी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि पुलिस, राष्ट्रीय राइफल्स और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की संयुक्त टीमों ने बोंगम चोगुल गांव में आरोपी को पकड़ा। उसकी पहचान आशिक हुसैन वानी के रूप में हुई है। उसके पास से एक पिस्तौल, एक मैगजीन और सात कारतूस बरामद किये गये हैं।

# मंत्रियों की संख्या को लेकर सैनी सरकार को हाईकोर्ट में चुनौती

**चंडीगढ़।** हरियाणा में नवाब सिंह सैनी की सरकार में मंत्रियों की संख्या सदन के सदस्यों की संख्या के 15 फीसदी अधिक होने को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। मुख्य न्यायाधीश शील नागू और न्यायाधीश अनिल क्षेत्रपाल की खंडपीठ ने मंगलवार को याचिका पर केंद्र और हरियाणा सरकार को पक्ष रखने के लिए कहा। मामले की अगली सुनवाई 18 दिसंबर को होगी। वकील जगमोहन सिंह भाटी की तरफ से दाखिल जनहित याचिका में कहा गया है कि संविधान के अनुच्छेद 164(1 ए) के अनुसार मुख्यमंत्री समेत मंत्रियों की संख्या सदन के सदस्यों की संख्या के 15 फीसदी से अधिक नहीं हो सकती। हरियाणा विधानसभा के 90 सदस्य हैं और श्री सैनी ने अपने मंत्रिमंडल में 13 मंत्री शामिल किये हैं, जिससे मुख्यमंत्री को मिलाकर मंत्रियों की कुल संख्या 14 हो जाती है।

# बिरला से मिला विपक्ष, पाल के प्रति जताया विरोध

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**विधेयक पर आरोप-प्रत्यारोप**

- **समिति अध्यक्ष व भाजपा सांसद जगदम्बिका पाल पर एकतरफा निर्णय लेने का लगाया आरोप**

वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार कर रही संसद की संयुक्त समिति में शामिल विपक्षी सांसदों ने मंगलवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात कर समिति के अध्यक्ष और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद जगदम्बिका पाल द्वारा कथित तौर पर लिए जा रहे एकतरफा निर्णयों के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया।

उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ने उनकी बात सुनी और उन्हें जल्द निर्णय लेने का आश्वासन दिया। टीएमसी सांसद और समिति सदस्य कल्याण बनर्जी ने कहा कि यह बहुत अच्छी चर्चा थी। बिडला ने कहा कि वह इस मामले को देखेंगे। आप सांसद संजय सिंह और द्रमुक सांसद ए राजा ने भी इसका उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह सार्थक बैठक थी। सूत्रों का कहना है कि सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष को वह पत्र सौंपा है जिसमें पाल के एकतरफा फैसलों को लेकर विरोध दर्ज कराया गया है। ए राजा, मोहम्मद जावेद और इमरान मसूद, असदुद्दीन ओवैसी, संजय सिंह और तृणमूल कांग्रेस के कल्याण बनर्जी सहित विपक्षी सदस्यों ने लोकसभा अध्यक्ष के नाम संयुक्त पत्र लिखा है।

### वक्फ के नोटिस का विरोध कर रहे किसानों से मिलेंगे पाल

**नई दिल्ली।** वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार कर रही संसद की संयुक्त समिति के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल गुरुवार को कर्नाटक का दौरा कर उन किसानों से मुलाकात करेंगे जो वक्फ संपत्तियों पर कथित तौर पर अतिक्रमण को लेकर पिछले दिनों नोटिस दिए जाने का विरोध कर रहे हैं। बाद में ये नोटिस वापस ले लिए गए थे। पाल के कई अन्य लोगों से भी मिलने की संभावना है, जिनमें कर्नाटक प्रदेश भाजपा के वो कई नेता भी शामिल हैं जो इस मुद्दे को लेकर आक्रामक हैं। भाजपा सांसद और समिति सदस्य तेजस्वी सूर्या ने एक्स पर कहा, जेपीसी अध्यक्ष वक्फ की मनमानी से प्रभावित किसानों से बात करने के लिए हुबली और बीजापुर जाने के अनुरोध पर सहमति दी है।

# शाकिब अल हसन के बॉलिंग एक्शन की होगी जांच : ईसीबी

लंदन, एजेंसी



- इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने मैदानी अंपायर्स के फैसले के बाद एक्शन को संदिग्ध पाए जाने पर कही जांच की बात

काउंटी चैंपियनशिप में सरी के लिए खेलने के दौरान अंपायर्स ने शाकिब अल हसन के गेंदबाजी एक्शन को लेकर दी गई रिपोर्ट के बाद इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने बंगलादेश के ऑलराउंडर शाकिब से अपने गेंदबाजी एक्शन की जांच करवाने के लिए कहा है। हालांकि शाकिब को खेलने से नहीं रोका गया है लेकिन यह पता चला है कि शाकिब के एक्शन की जांच कराने के लिए बातचीत चल रही है। यह जांच अगले कुछ सप्ताह में हो सकती हैं।

शाकिब के दो दशक लंबे करियर में यह पहली बार है जब उनका गेंदबाजी एक्शन किसी तरह की जांच का विषय बना है। इस दौरान शाकिब ने अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर में 447 मैचों में 712 विकेट लिए हैं, जिसमें 71 टेस्ट में 246 विकेट शामिल हैं। सितंबर में टॉन्टन में सोमरसेट के खिलाफ खिताबी मुकाबले में 37 वर्षीय शाकिब ने नौ विकेट चटकाए थे। उस मैच में शाकिब ने 63 ओवर से अधिक की गेंदबाजी की थी लेकिन एक बार भी उनकी गेंदबाजी के दौरान थ्रो करने का हवाला देकर किसी गेंद को नो बॉल करार नहीं दिया गया था। अब यह बात निकलकर सामने आई है कि मैदानी अंपायर्स ने उनके गेंदबाजी एक्शन को संदिग्ध पाया था।

## एचआईएल के लिए नई वेबसाइट लांच और कार्यक्रम की हुई घोषणा

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के 2024-2025 संस्करण के लिए मंगलवार को एक समर्पित लीग वेबसाइट का शुभारंभ किया गया तथा बहुप्रतीक्षित सीजन के कार्यक्रम की घोषणा की गई।

एचआईएल की नई वेबसाइट हॉकीइंडियालीग डॉटकॉम के जरिए दुनिया भर के प्रशंसकों तक लीग की ताजा खबरे, मैचों के कार्यक्रम, पूरी टीम की सूची और एक्सक्लूसिव वीडियो कंटेंट की पहुंच आसान होगी। इस वेबसाइट को एक आकर्षक और इमर्सिव अनुभव देने के लिए तैयार किया गया है। वेबसाइट एचआईएल से जुड़ी सभी चीजें उपलब्ध होगी जो कि प्रशंसकों और खिलाड़ियों को पहले से कहीं अधिक हॉकी के करीब लायेंगी। खिलाड़ियों की व्यापक नीलामी के बाद, आठ पुरुष और चार महिला टीमें इस प्रतियोगिता के लिए तैयार हैं। यह अब तक का सबसे बड़ा और सबसे बेहतरीन एचआईएल सीजन होने वाला है। पुरुषों की लीग 28 दिसंबर को राउरकेला में शुरू होगी, इसके मैच दो चरणों में होंगे और एक फरवरी 2025 को अंतिम मुकाबला होगा।

# भारत ने आईओसी को सौंपा आशय पत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

- मिशन ओलंपिक 2036 : प्रधानमंत्री ने 2023 में जताई थी मजेबानी की इच्छा
- सऊदी अरब, कतर और तुर्की जैसे कई देश भी मेजबानी की दौड़ में हैं शामिल

भारत ने 2036 में होने वाले ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी करने की दिशा में पहला बड़ा कदम उठाते हुए देश की इच्छा व्यक्त करने से संबंधित आशय पत्र अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) को सौंप दिया है। खेल मंत्रालय के एक सूत्र के अनुसार भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने यह पत्र एक अक्टूबर को आईओसी को सौंपा था।

सूत्र ने कहा यह महत्वपूर्ण अवसर पूरे देश में आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति और युवा सशक्तिकरण को बढ़ावा देकर पर्याप्त लाभ दिला सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल सबसे पहले 2036 ओलंपिक की मेजबानी की अपनी सरकार की इच्छा के बारे में बात की थी। आईओसी के अगले साल होने वाले चुनावों से पहले मेजबान पर निर्णय नहीं लिया जाएगा। भारत को मेजबानी की दौड़ में सऊदी अरब, कतर और तुर्की जैसे कई अन्य देशों की कड़ी चुनौती का सामना भी करना पड़ेगा जो खुद को इस खेल महाकुंभ की मेजबानी के लिए मजबूत दावेदार के रूप में पेश कर रहे हैं। आशय पत्र सौंपने का मतलब है कि देश ओलंपिक का मेजबान चुनने की प्रक्रिया में अनौपचारिक संवाद से निरंतर संवाद के चरण में पहुंच गया है। इस चरण में आईओसी संभावित मेजबान की खेलों से जुड़ी परियोजनाओं की प्रगति का व्यवहारिक अध्ययन करता है।

आईओसी ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर कहा व्यवहारिक मूल्यांकन में कई चीजों पर ध्यान दिया जाता है जिनमें मानवाधिकार, सामाजिक उत्तरदायित्व के लिए व्यवसाय (बीएसआर) और अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (आईयूसीएन) से जुड़े तथ्य शामिल हैं। प्रक्रिया का अगला चरण लक्षित संवाद होगा, जिसके लिए औपचारिक बोली जमा करने की आवश्यकता होगी। इसका मूल्यांकन भविष्य का मेजबान आयोग करेगा। यह प्रक्रिया आखिर में मेजबान देश के चुनाव के साथ समाप्त होगी। ओलंपिक 2036 के लिए अहमदाबाद को मेजबान शहर बनने के प्रबल दावेदार के रूप में देखा जा रहा है। आईओए अध्यक्ष पीटी उषा सहित भारत के शीर्ष खेल प्रशासक देश की पैरवी करने के लिए इस साल पेरिस ओलंपिक में थे। यदि भारत को मेजबानी मिलती है तो वह योग, खो-खो और कबड्डी जैसे स्वदेशी खेलों को शामिल करने पर जोर देगा।

## खेल डायरी

### एफ्रो-एशिया को शुरू करने के लिए एसीसी के संपर्क में

**बेनोनी (दक्षिण अफ्रीका)।** अफ्रीका क्रिकेट संघ (एसीए) ने एक समय लोकप्रिय रहे एफ्रो-एशिया कप को लगभग दो दशक बाद फिर शुरू करने को लेकर एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) और अन्य हितधारकों के साथ बातचीत शुरू की है। इस टूर्नामेंट में दोनों महाद्वीप की टीमें एक-दूसरे के खिलाफ खेलती हैं। एफ्रो-एशिया कप का अब तक दो बार आयोजन हुआ है। यह टूर्नामेंट 2005 में दक्षिण अफ्रीका जबकि 2007 में भारत में आयोजित किया। 2009 में कीनिया में होना था नहीं हो पाया। एसीए के अंतरिम अध्यक्ष और जिंबाब्वे क्रिकेट के अध्यक्ष तावेंग्वा मुकुहलानी के हवाले से कहा क्रिकेट के अलावा एफ्रो-एशिया कप संगठन के लिए बहुत जरूरी वित्तीय राशि लाता है और दोनों तरफ इसके लिए बहुत अधिक इच्छाशक्ति है। हमने एसीसी के अपने समकक्षों और जाहिर तौर पर हमारे अफ्रीकी महाद्वीप के संघों के साथ बातचीत की है। एसीसी ने अब तक प्रतिक्रिया नहीं दी है।

### भारत को एशिया पिकलबॉल में पांच स्वर्ण सहित 14 पदक

**मुंबई।** भारतीय खिलाड़ियों ने हाल ही में ताइवान में आयोजित एशिया पिकलबॉल खेलों में पांच स्वर्ण, चार रजत और पांच कांस्य सहित कुल 14 पदक जीते। नितीन कीर्तने ने 50 ओपन पुरुष एकल में स्वर्ण पदक जीता जबकि विशाल जाधव ने 35 ओपन पुरुष एकल में रजत पदक हासिल किया। खुशी सचदेवा और श्रद्धा दमानी क्रमशः 4.0 वर्ग में 19 और 35 महिला एकल में रजत पदक अपने नाम करने में सफल रहे, जबकि संदीप तावड़े ने 4.0 वर्ग में 50 पुरुष एकल में दूसरा स्थान हासिल किया। कीर्तने और तावड़े की जोड़ी ने 50 ओपन पुरुष युगल में स्वर्ण पदक जीता। वंशिक कपाड़िया और तेजस महाजन ने 19 ओपन पुरुष युगल में शीर्ष स्थान हासिल किया। कपाड़िया और वृषाली ठाकरे ने भी 19 ओपन मिश्रित युगल में स्वर्ण पदक जीता, जबकि जाधव और ईशा लखानी ने 35 ओपन मिश्रित युगल में स्वर्ण पदक जीता। अभिषेक देथन (35 पुरुष एकल में 4.0), जोहानन फर्नांडीस (35 ओपन महिला एकल), ठाकरे और सचदेवा की जोड़ी (19 ओपन महिला युगल), दमानी और फर्नांडीस की जोड़ी और चेतन सानिल और तावड़े की जोड़ी ने देश के लिए कांस्य पदक जीते।

### पहले दौर में एरिगैसी का सामना गुजराती से

**चेन्नई।** दुनिया के चौथे नंबर के भारतीय ग्रैंडमास्टर और शीर्ष वरीय अर्जुन एरिगैसी चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स शतरंज प्रतियोगिता में अपने अभियान की शुरुआत हमवतन विदित गुजराती के खिलाफ करेंगे। एरिगैसी 2800 ईएलओ रेटिंग अंक को पार करने के बाद भारत में पहली बार खेलेंगे। आठ खिलाड़ियों के बीच होने वाली इस क्लासिकल प्रतियोगिता के शुरुआती दौर में अरविंद चिदंबरम का सामना ईरान के अमीन ताबाताबेई से, वाचिएर लाग्रेव मैक्सिम का सामना मघसूदलू परम से और अमेरिकी ग्रैंडमास्टर लेवोन एरोनियन का सामना एलेक्सी शिरोव से होगा। सात दौर के इस टूर्नामेंट में इस बार चैलेंजर्स प्रतियोगिता भी होगी जिसमें पहली बार महिला खिलाड़ी भी भाग लेंगी। भारत की तरफ से इसमें हरिका द्रोणावल्ली और वैशाली रमेशबाबू अपनी चुनौती पेश करेंगी। पिछली बार के चैंपियन डी गुकेश इस साल की प्रतियोगिता में भाग नहीं लेंगे क्योंकि वह चीन के डिंग लिरेन के खिलाफ विश्व चैंपियनशिप मुकाबले की तैयारी कर रहे हैं।

### दिल्ली, कर्नाटक, बंगाल हॉकी चैंपियनशिप में जीते

**चेन्नई।** दिल्ली, कर्नाटक, बंगाल और आंध्र प्रदेश ने सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप के दूसरे दिन मंगलवार को यहां आसान जीत दर्ज की। दिल्ली ने पूल एफ के मैच में जम्मू-कश्मीर को 6-0 से हराया। दिल्ली की ओर से नितेश (34वें और 58वें मिनट) ने दो जबकि भरत (तीसरे मिनट), गोविंद सिंह बिष्ट (14वें मिनट), मुकुल शर्मा (21वें मिनट) और विकास उपाध्याय (23वें मिनट) ने एक-एक गोल किया। पूल डी में कर्नाटक ने चंडीगढ़ को 5-1 से हराया जबकि इसी पूल के एक अन्य मैच में उत्तराखंड ने त्रिपुरा के खिलाफ 5-0 की आसान जीत दर्ज की। पूल एच में बंगाल ने असम को 10-0 से रौंद दिया जबकि पूल सी में आंध्र प्रदेश ने भी बेहद एकतरफा मुकाबले में अंडमान एवं निकोबार को 13-0 से हराया। मध्य प्रदेश ने हालांकि पूल सी में मेजबान तमिलनाडु को 2-2 से ड्रॉ पर रोका।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मजबूत वापसी कर सकती है भारतीय टीम : हेजलवुड

## बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का पहला मुकाबला पर्थ में 22 से होगा शुरू, बोले- रहना होगा तैयार

सिडनी, एजेंसी



ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड का मानना है कि न्यूजीलैंड से श्रृंखला में करारी हार से भारत का आत्मविश्वास डगमगा गया होगा, लेकिन उन्होंने अपनी टीम को आगाह करते हुए कहा कि भारतीय टीम अधिक आक्रामक होकर 22 नवंबर से शुरू होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में जोरदार वापसी कर सकती है। भारत को न्यूजीलैंड से तीनों मैच में हार का सामना करना पड़ा।

यह पहला अवसर है जबकि घरेलू धरती पर तीन या इससे अधिक टेस्ट मैच की श्रृंखला में उसका सूपड़ा साफ हुआ। हेजलवुड ने सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड से कहा भारत घायल शेर की तरह वापसी करने के लिए प्रतिबद्ध होगा। श्रृंखला शुरू होने पर ही हमें पता चलेगा की चीजें कैसे आगे बढ़ रही हैं। घरेलू धरती पर हार न केवल भारत के टेस्ट क्रिकेट इतिहास के सबसे बुरे दौर में से एक है, बल्कि इससे रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम की अगले साल के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की संभावनाओं को भी करारा झटका लगा है। लगातार तीन हार का मतलब है कि भारत ने डब्ल्यूटीसी तालिका में ऑस्ट्रेलिया से अपना शीर्ष स्थान गंवा दिया है। भारत को लगातार तीसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने पांच में से चार मैच जीतने की कठिन चुनौती का सामना करना पड़ रहा है।

हेजलवुड ने कहा इस करारी हार से उनका आत्मविश्वास कुछ डगमगाया होगा। उसके कुछ खिलाड़ी यहां खेल चुके हैं लेकिन कुछ ऐसे बल्लेबाज हैं जिनको यहां खेलने का अनुभव नहीं है। इसलिए वह पूरी तरह से सुनिश्चित नहीं होंगे कि उन्हें यहां किस तरह की चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

### राहुल पर दबाव बनाने की कोशिश करेंगे बोलैंड

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले भारत ए के खिलाफ गुरुवार से यहां खेले जाने वाले चार दिवसीय मुकाबले में अनुभवी बल्लेबाज लोकेश राहुल के खराब प्रदर्शन के दौर और आगें बढ़ाने की कोशिश करेंगे। राहुल और विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के खत्म होते ही ऑस्ट्रेलिया के लिए उड़ान भरी। यह दोनों खिलाड़ी एमसीजी में दूसरे चार दिवसीय मैच में भारत ए के लिए खेलेंगे। बोलैंड ने कहा मैंने कुछ साल पहले भारत में एक मैच में उनके खिलाफ गेंदबाजी की है। अपने मैदान पर उनके खिलाफ गेंदबाजी करने का अनुभव अलग तरह का होगा। राहुल ने 2015 में ऑस्ट्रेलिया के अपने पहले दौरे पर शतक लगाया था लेकिन उसके बाद उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा है।

# नौवें स्थान पर पहुंची हरमनप्रीत चौथे पायदान पर बरकरार स्मृति

दुबई, एजेंसी

**महिला वनडे रैंकिंग**



- भारतीय तेज गेंदबाजों ने भी किया रैंकिंग में सुधार

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर मंगलवार को जारी आईसीसी महिला एकदिवसीय रैंकिंग में संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर पहुंच गई जबकि सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने अपना चौथा स्थान बरकरार रखा है। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के आखिरी मुकाबले में हरमनप्रीत ने 63 गेंद में नाबाद 59 रन की पारी के साथ भारतीय टीम को मैच और श्रृंखला में जीत दिलायी थी। यह श्रृंखला आईसीसी महिला चैंपियन का हिस्सा थी जिसे भारत ने 2-1 से जीता था।

इसी मैच में 100 रन की शानदार पारी खेलने वाली वामहस्त बल्लेबाज मंधाना 23 रेटिंग अंक हासिल कर कुल 728 रेटिंग अंकों के साथ तालिका में चौथे स्थान पर है। उनके और तीसरे स्थान पर काबिज श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापट्टू के बीच सिर्फ पांच रेटिंग अंक का फर्क है। इस तालिका में इंग्लैंड की नैट सिवर ब्रंट 760 रेटिंग अंक के साथ शीर्ष स्थान पर है। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज यास्तिका भाटिया तीन स्थान के सुधार के साथ 48वें जबकि श्रृंखला के तीसरे मैच में 86 रन की पारी खेलने वाली न्यूजीलैंड की ब्रुक हैलीडे 12 स्थान के सुधार के साथ 24वें स्थान पर पहुंच गई है।

गेंदबाजों की सूची में दीप्ति शर्मा ने करियर की सर्वश्रेष्ठ 703 रेटिंग अंक के साथ दूसरे पायदान पर अपनी स्थिति मजबूत की। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में 39 रन पर तीन विकेट चटकाये थे। भारतीय तेज गेंदबाज रेणुका सिंह (32वें), साइमा (77वें) और प्रिया (83वें) रैंकिंग में स्थिति बेहतर करने वालों में शामिल हैं।

## मुक्केबाज जांगड़ा ने जीता डब्ल्यूबीएफ का विश्व खिताब


नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय मुक्केबाज मनदीप जांगड़ा ने केमैन आइलैंड में ब्रिटेन के कोनोर मैकिन्टोश को हराकर विश्व मुक्केबाजी महासंघ (डब्ल्यूबीएफ) का सुपर फेदरवेट विश्व खिताब अपने नाम किया।

पूर्व ओलंपिक रजत पदक विजेता रॉय जोन्स जूनियर से प्रशिक्षण लेने वाले 31 वर्षीय जांगड़ा ने अपने पेशेवर करियर में अब तक केवल एक हार का सामना किया है। ब्रिटिश मुक्केबाज के खिलाफ मुकाबले में अधिकतर राउंड में उनका पलड़ा भारी रहा। जांगड़ा ने शुरू से ही दमदार मुक्के जमाए और पूरे 10 राउंड में अपना दमखम बरकरार रखा। दूसरी तरफ ब्रिटिश मुक्केबाज को गति बनाए रखने के लिए संघर्ष करना पड़ा। कॉनर ने वापसी की कोशिश की, लेकिन जांगड़ा ने अधिकतर राउंड में बढ़त बनाए रखी। जांगड़ा ने कहा यह मेरे करियर की सबसे बड़ी जीत में से एक है। मैंने इसे हासिल करने के लिए वर्षों तक कड़ी मेहनत की। यह मेरे लिए गर्व की बात है कि मैं देश का नाम रोशन कर सका। हरियाणा के रहने वाले जांगड़ा ने 2021 में पेशेवर मुक्केबाजी में पदार्पण किया। मुझे लगता है कि यह खिताब देश के अन्य मुक्केबाजों के लिए रास्ता खोलेगा और वे पेशेवर मुक्केबाजी में अपना करियर बनाने का फैसला भी करेंगे।

# डब्ल्यूटीए : सबालेंका ने किया अंतिम चार में प्रवेश

रियाद, एजेंसी



आर्यना सबालेंका ने ग्रुप चरण में लगातार दूसरी जीत दर्ज करके दुनिया की चोटी की आठ खिलाड़ियों के बीच खेले जा रहे डब्ल्यूटीए फाइनल टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका ने जैस्मीन पाओलिनी को 6-3, 7-5 से पराजित किया। उन्होंने पहले सेट में बेहतरीन शुरुआत करते हुए 4-0 की बढ़त बनाकर इसे आसानी से अपने नाम किया और फिर दूसरे सेट में दो सेट प्वाइंट बचाकर अंतिम चार में अपनी जगह सुनिश्चित की। सबालेंका ग्रुप के अपने अंतिम लीग मैच में बुधवार को एलेना रिबाकिना का सामना करेंगी जो सेमीफाइनल की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी है। राउंड रोबिन आधार पर खेले जा रहे इस टूर्नामेंट के ग्रुप चरण के आखिरी मैच में जीत दर्ज करने से वह अपने करियर में पहली बार साल के अंत में नंबर एक रैंकिंग पक्की कर लेंगी। सबालेंका ने अपने पिछले 23 मैचों में से 22 में जीत हासिल की है और पिछले चार टूर्नामेंटों में से तीन में वह चैंपियन बनी। पर्पल ग्रुप के एक अन्य मैच में झेंग किनवेन ने रयबाकिना को 7-6 (4) 3-6, 6-1 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी संभावना बरकरार रखी।

### चोट के कारण एटीपी फाइनल्स से हटे नोवाक जोकोविच

**बेलग्रेड (सर्बिया)।** नोवाक जोकोविच एटीपी फाइनल्स के अपने खिताब का बचाव नहीं करेंगे क्योंकि चोट के कारण उन्होंने मंगलवार को इस प्रतियोगिता से हटने की घोषणा की। जोकोविच ने इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा मैं वास्तव में इसमें भाग लेने का इंतजार कर रहा था लेकिन चोट के कारण अगले सप्ताह नहीं खेल पाउंगा। मैं उन लोगों से माफी चाहता हूं जो इस आयोजन के दौरान मुझसे मिलने की योजना बना रहे थे। सत्र में आखिर में आयोजित होने वाला यह टूर्नामेंट रविवार से इटली के तूरिन में खेला जायेगा। जोकोविच ने पिछले साल फाइनल में यानिक सिनर को हराया था। सिनर मौजूदा समय में शीर्ष रैंकिंग वाले खिलाड़ी है। इसमें भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को मेरी शुभकामनाएं। जल्द मिलते हैं। जोकोविच ने इस तरह मौजूदा साल को 37 जीत और नौ हार के साथ खत्म किया।

## बॉलीवुड हलचल



# परिणीति ने शुरू की नई फिल्म की तैयारी

- इंस्टाग्राम तस्वीरें साझा करते चोपड़ा ने दी जानकारी लिखा- कर रही हैं आगामी प्रोजेक्ट की तैयारी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने अपनी नई फिल्म की तैयारी शुरू कर दी है। परिणीति ने अपने परिवार के साथ दिवाली मनाने के बाद काम शुरू कर दिया। इस बात की जानकारी उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल के जरिए दी है। परिणीति ने इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीरें साझा करते हुए जानकारी दी है कि वह अपनी आगामी प्रोजेक्ट की तैयारी कर रही हैं। परिणीति ने पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा, नई फिल्म, नए बाल... तैयारी शुरू। परिणीति अंतिम बार अमर सिंह चमकीला में नजर आयी थी। इस फिल्म में परिणीति ने दिलजीत दोसांझ के साथ काम किया था।

### फिल्म आई वांट टू टॉक का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन की आने वाली फिल्म आई वांट टू टॉक का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म आई वांट टू टॉक का निर्देशन शूजित सरकार ने किया है। आई वांट टू टॉक का ट्रेलर का ट्रेलर एक बीमार बाप अर्जुन (अभिषेक बच्चन) और खुले विचार वाली बेटी मिनी के इर्द गिर्द घूमती है। अभिषेक एक स्पाइनल बीमारी से जूझ रहे हैं और उनके पास वक्त बहुत कम है। वहीं, वह अपनी बीमारी के बीच अपनी बेटी की देख-रेख करते हैं। अभिषेक बच्चन ने फिल्म आई वांट टू टॉक का ट्रेलर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा किया है। ट्रेलर साझा करते हुए अभिषेक ने लिखा, जो सामान्य जीवन की तलाश में असाधारण चुनौतियों का सामना करता है। इसके आगे अभिषेक ने लिखा, आई वांट टू टॉक 22 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। आई वांट टू टॉक का स्क्रीनप्ले और डायलॉग रितेश शाह ने लिखे हैं। रोनी लाहिरी और शील कुमार इस फिल्म के निर्माता हैं। आई वांट टू टॉक 22 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



### फिल्म द साबरमती रिपोर्ट का मोशन पोस्टर रिलीज


**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता विक्रांत मैसी की आने वाली फिल्म द साबरमती रिपोर्ट का मोशन पोस्टर रिलीज हो गया है। द साबरमती रिपोर्ट का टीजर जारी हुआ है, तब से इसने सभी की निगाहें अपनी ओर आकर्षित की हैं। इस टीजर में एक ऐसी घटना का उल्लेख किया गया है, जो भारत के लिए बहुत विनाशकारी साबित हुई, और इसने पूरे देश को अंदर तक झकझोर कर रख दिया था। फिल्म मेकर्स नेविक्रांत मैसी के साथ इस दिलचस्प मोशन पोस्टर को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, जिसने सच देखा क्या वो सच दिखाएगा? जब सच और षडयंत्र का मिलन होगा, तो कौन जीतेगा? बालाजी मोशन पिक्चर्स, बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड का एक डिविजन और विकिर फिल्म्स प्रोडक्शन द्वारा प्रेजेंट, द साबरमती रिपोर्ट में विक्रांत




मैसी, राशी खन्ना और रिद्धि डोगरा लीड रोल में हैं। यह फिल्म धीरज सरना द्वारा निर्देशित और शोभा कपूर, एकता आर कपूर, अमूल वी मोहन और अंशुल मोहन द्वारा निर्मित है, जिसे दुनिया भर में जी स्टूडियोज द्वारा रिलीज किया जाएगा। यह फिल्म 15 नवंबर 2024 को रिलीज होगी।

# फिर चोटिल हुए ब्राजील के फुटबॉल स्टार नेमार

रियाद, एजेंसी



चोटिल होने के कारण 12 महीने तक बाहर रहने के बाद हाल में प्रतिस्पर्धी फुटबॉल में वापसी करने वाले ब्राजील के फुटबॉल स्टार नेमार अपने दूसरे मैच में ही फिर से चोटिल हो गए।

नेमार एएफसी चैंपियंस लीग एलीट वर्ग के इस मैच में सऊदी अरब के अपने क्लब अल हिलाल की तरफ से 58वें मिनट में मैदान पर उतरे लेकिन खेल समाप्त होने से तीन मिनट पहले उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। ऐसा लग रहा था कि पेनल्टी एरिया में गेंद पर कब्जा करने के लिए पांव फैलाने से उनकी मांसपेशियों में खिंचाव आ गया। नेमार के पास हालांकि इस चोट से उबरने का पर्याप्त समय है क्योंकि अल हिलाल को अपना अगला मैच 25 नवंबर को खेलना है। चार बार के एशियाई चैंपियन अल हिलाल की तरफ से अलेक्जेंडर मित्रोविच ने हैट्रिक बनाई। उसने ग्रुप चरण में अभी तक अपने चारों मैच जीते हैं।

### झिंगन की हुई वापसी इरफान नया चेहरा

**नई दिल्ली।** घुटने की चोट के कारण जनवरी से प्रतिस्पर्धी फुटबॉल से दूर दिग्गज डिफेंडर संदेश झिंगन को हैदराबाद में 18 को मलेशिया के खिलाफ होने वाले मैत्री फुटबॉल मैच के लिए भारत के 26 संभावित खिलाड़ियों की सूची में जगह दी गई। एफसी गोवा के सेंटर बैक झिंगन की वापसी से भारत की रक्षापंक्ति को मजबूती मिलेगी। वहीं, इरफान यादवद को भी पहली बार राष्ट्रीय टीम के संभावित खिलाड़ियों में जगह दी है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

## एक नजर

### गेरार्डो वर्थीन बने अर्जेंटीना के नए विदेश मंत्री

**ब्यूनस आयर्स।** गेरार्डो वर्थीन अर्जेंटीना के नए विदेश मंत्री बन गए हैं। अर्जेंटीना के राष्ट्रपति के कार्यालय की ओर से जारी बयान में बताया गया कि राष्ट्रपति जेवियर माइली ने सोमवार को वर्थीन को नए विदेश मंत्री के रूप में शपथ दिलायी। वर्थीन (68) पशु चिकित्सक एवं व्यवसायी हैं और इससे पहले वे अमेरिका में अर्जेंटीना के राजदूत के रूप में काम कर रहे थे। गौरतलब है कि वर्थीन की पूर्ववर्ती डायना मोंडिनो को माइली ने 30 अक्टूबर को पद से हटा दिया था।

### गाजा के मुद्दे पर हमास और फतह के बीच हुई वार्ता

**गाजा।** हमास ने गाजा से संबंधित मुद्दों के प्रबंधन के लिए एक समिति बनाने के बारे में फतह के साथ चर्चा की है। हमास के नेता ओसामा हमदान ने एक टेलीविज़न संबोधन में सोमवार में कहा, हमारे आंदोलन के नेतृत्व और विभिन्न फ़िलिस्तीनी गुटों के बीच बैठकों के बाद हमने मिस्र द्वारा आमंत्रित किए गए फ़तह के अपने भाइयों के साथ एक बैठक की। उन्होंने कहा कि दोनों नेतृत्वों ने प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान गाजा में युद्ध और फ़िलिस्तीनी आम सहमति के आधार पर एकीकृत राष्ट्रीय कार्रवाई की आवश्यकता पर ध्यान केंद्रित किया गया और किसी भी थोपी गई व्यवस्था को अस्वीकार कर दिया गया।

### रूसी रॉकेट ने ईरानी उपग्रहों को कक्षा में स्थापित किया

**मॉस्को।** रूस के एक रॉकेट ने मंगलवार को ईरान के दो उपग्रहों को कक्षा में ले जाने के लिए सफलतापूर्वक उड़ान भरी। यह प्रक्षेपण मॉस्को और तेहरान के बीच बढ़ते सहयोग को दर्शाता है। सोयूज रॉकेट ने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, सुदूर पूर्वी रूस में वोस्तोचन प्रक्षेपण स्थल से उड़ान भरी और प्रक्षेपण के नौ मिनट बाद उपग्रहों को निर्दिष्ट कक्षा में स्थापित कर दिया। यह दो रूसी अवलोकन उपग्रहों और दो ईरानी उपग्रहों सहित कई दर्जन छोटे उपग्रह अपने साथ लेकर गया।

### पाकिस्तानी गार्ड ने दो चीनी नागरिकों को गोली मारी

**कराची।** पाकिस्तान के बंदरगाह शहर कराची में झगड़े के बाद मंगलवार को एक स्थानीय सुरक्षा गार्ड ने दो चीनी नागरिकों पर गोली चला दी, जिससे वे घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना सिंध प्रांत में कराची के इंडस्ट्रियल ट्रेडिंग एस्टेट क्षेत्र के एक पुलिस थाने में हुई। पुलिस उप महानिरीक्षक अजहर माहेसर ने कहा कि वह घटना की जांच कर रहे हैं ताकि पता लगाया जा सके कि सुरक्षा गार्ड ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों पर गोली क्यों चलाई।

### अफ़गानिस्तान में खसरे के मामले लगातार बढ़ रहे

**काबुल।** अफ़गानिस्तान में खसरे के लगातार बढ़ते मामलों के बीच इस वर्ष इसकी संख्या 6000 हो गयी है। स्थानीय मीडिया आउटलेट टोलो न्यूज़ ने स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता शराफ़त ज़मान अमरखिल के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2024 में खसरे के 10,000 संदिग्ध मामलों में से करीब 6,000 मामले पॉजिटिव आये हैं। अमरखिल ने कहा कि मंत्रालय ने बीमारी के प्रकोप को रोकने के लिए पूरे देश में खसरे के टीकाकरण अभियान को शुरू करने की योजना बनायी है।

### बलात्कार मामले में पूर्व सैन्य अधिकारी की याचिका पर नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कथित बलात्कार के मामले में अपने खिलाफ आरोपपत्र को रद्द करने का अनुरोध करने वाले पूर्व सैन्य अधिकारी की याचिका पर दिल्ली पुलिस और एक महिला को मंगलवार को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने व्यक्ति की याचिका पर गौर करने पर सहमति जताते हुए प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया। याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए अधिवक्ता अश्विनी कुमार दुबे ने दलील दी कि शिकायतकर्ता ने गलत और दुर्भावनापूर्ण अभियोजन शुरू किया है। पीठ ने मामले की सुनवाई छह दिसंबर को सूचीबद्ध की है।

## शिव सेना नेताओं पर हमले में शामिल चार लोग गिरफ्तार


- पंजाब काउंटर इंटेलिजेंस और लुधियाना पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में सफलता पाई

**लुधियाना, एजेंसी**

पंजाब काउंटर इंटेलिजेंस और लुधियाना पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) समर्थित विदेशी हैंडलर हरजीत सिंह उर्फ लाडी और साथी द्वारा संचालित मॉड्यूल के चार सदस्यों को शिव सेना के नेताओं पर पेट्रोल बम हमले के आरोप में गिरफ्तार किया है।

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने मंगलवार को बताया कि पकड़े गये व्यक्तियों की पहचान जसविंदर सिंह उर्फ बिंदर निवासी बूथगढ़ जिला लुधियाना, रविंदर पाल सिंह उर्फ रवि (38), मनीष साहिद उर्फ संजू (30) और अनिल कुमार उर्फ हनी (27) निवासी राहों जिला नवांशहर के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीमों ने अपराध में इस्तेमाल टीवीएस रेडर मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन बरामद किये हैं। यादव ने एक पोस्ट के माध्यम से बताया कि 16 अक्टूबर, 2024 को योगेश बख्शी के घर पर हमला और हाल ही में दो नवंबर, 2024 को मॉडल टाउन एक्सटेंशन, लुधियाना में हरकीरत सिंह खुराना के घर पर हुये हमले सहित शिव सेना नेताओं पर पेट्रोल बम हमलों के दोनों मामलों का समाधान कर लिया गया है।

## इलेक्टोरल कॉलेज प्रणाली के तहत अमेरिकी चुनाव



अमेरिका में राष्ट्रपति का चुनाव हर चार साल में एक बार होता है। यह चुनाव अमेरिकी नागरिकों द्वारा किया जाता है, लेकिन सीधे नहीं। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव एक इलेक्टोरल कॉलेज प्रणाली के तहत होते हैं, जिसमें जनता के वोटों को राज्य स्तर पर इलेक्टोरल वोटों में बदला जाता है।

### प्रारंभिक प्रक्रिया

**प्राइमरी चुनाव :** यह चुनाव प्रत्येक राज्य में होता है, जिसमें पार्टी के सदस्य (जैसे डेमोक्रेट या रिपब्लिकन) उम्मीदवारों का चयन करते हैं। प्राइमरी के दौरान लोग मतदान करते हैं और पार्टी के प्रतिनिधियों को चुनते हैं।

**कॉकस :** कुछ राज्यों में प्राइमरी की बजाय कॉकस होते हैं, जहां पार्टी के सदस्य एक साथ बैठक करते हैं और उम्मीदवारों का चयन करते हैं।

### नेशनल कन्वेंशन

प्राइमरी और कॉकस के परिणामस्वरूप प्रत्येक पार्टी के पास राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवारों का चयन होता है। फिर पार्टी द्वारा एक राष्ट्रीय सम्मेलन (नेशनल कन्वेंशन) आयोजित किया जाता है, जिसमें पार्टी के सदस्य औपचारिक रूप से उम्मीदवार का चुनाव करते हैं।

### सामान्य चुनाव

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव आमतौर पर नवंबर के पहले मंगलवार को होते हैं। इस दिन, नागरिक अपने राज्य के अनुसार किसी एक उम्मीदवार को वोट करते हैं। हालांकि, यह वोट सीधे राष्ट्रपति चुनाव के लिए नहीं होता बल्कि यह इलेक्टोरल कॉलेज के सदस्यों को चुनने के लिए होता है।

### इलेक्टोरल कॉलेज

- प्रत्येक राज्य के पास कुछ निश्चित संख्या में इलेक्टोरल वोट होते हैं, जो राज्य की जनसंख्या पर आधारित होते हैं। कुल 538 इलेक्टोरल वोट होते हैं, और एक उम्मीदवार को राष्ट्रपति बनने के लिए कम से कम 270 इलेक्टोरल वोटों की आवश्यकता होती है।
- इलेक्टोरल कॉलेज के सदस्य, जो प्रत्येक राज्य से चुनकर आते हैं, वे जनता द्वारा चुने गए उम्मीदवार के अनुसार वोट करते हैं। हालांकि, इलेक्टोरल कॉलेज के सदस्य स्वतंत्र रूप से भी वोट कर सकते हैं, लेकिन ऐसा बहुत कम होता है।

### राष्ट्रपति का चुनाव परिणाम

इलेक्टोरल कॉलेज में बहुमत प्राप्त करने वाले उम्मीदवार को राष्ट्रपति घोषित किया जाता है। यदि कोई उम्मीदवार 270 इलेक्टोरल वोट नहीं प्राप्त करता, तो यह चुनाव हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में जाएगा, जहां प्रत्येक राज्य को एक वोट मिलेगा और वहां से राष्ट्रपति का चुनाव किया जाएगा।

## अमेरिकी चुनाव : मतदान केंद्रों पर बड़ी संख्या में पहुंचे मतदाता

### सर्वेक्षणों में कमला हैरिस और डोनाल्ड ट्रंप के बीच कड़ी टक्कर दिखी

- अंतिम रैलियों में दोनों उम्मीदवारों ने देश को आगे ले जाने के बारे में वस्तुतः विपरीत दृष्टिकोण के साथ अपने प्रचार अभियान का समापन किया

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति का चुनाव करने के लिए मंगलवार को बड़ी संख्या में मतदाताओं का मतदान केंद्रों पर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। सोमवार की रात दोनों उम्मीदवारों रिपब्लिकन पार्टी के डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेटिक पार्टी की कमला हैरिस ने मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए सात स्विंग राज्यों में से सबसे बड़े इलेक्टोरल कॉलेज वाले पेंसिल्वेनिया में काफी समय बिताया।

विभिन्न मीडिया संस्थानों द्वारा कराए गए सर्वेक्षणों में हैरिस (60) और ट्रंप (78) के बीच कड़ी टक्कर दिखी है, जबकि कुछ ने डेमोक्रेटिक उम्मीदवार को मामूली बढ़त मिलने का अनुमान लगाया। पेंसिल्वेनिया के अलावा, अन्य महत्वपूर्ण राज्य एरिजोना, जॉर्जिया, मिशिगन, नेवादा, उत्तरी कैरोलाइना और विस्कॉन्सिन हैं। अमेरिका भर में प्रारंभिक मतदान और डाक से मतदान पर नजर रखने वाले फ्लोरिडा विश्वविद्यालय के इलेक्शन लैब के अनुसार, 8.2 करोड़ से अधिक अमेरिकी पहले ही अपने मत डाल चुके हैं। अपनी अंतिम रैलियों में, दोनों उम्मीदवारों ने देश को आगे ले जाने के बारे में वस्तुतः विपरीत दृष्टिकोण के साथ अपने प्रचार अभियान का समापन किया, जिसमें हैरिस ने घृणा और विभाजन पर काबू पाने और नयी शुरुआत करने के लिए एक दृष्टिकोण का आह्वान किया जबकि ट्रंप ने डेमोक्रेटिक पार्टी के शासन के तहत अंधकारमय भविष्य की चेतावनी दी। हैरिस ने पेंसिल्वेनिया में अपने प्रचार अभियान को समाप्त करते हुए कहा, आज रात, हम आशावाद, ऊर्जा और खुशी के साथ अपना प्रचार समाप्त करेंगे। अपने समापन भाषण में, ट्रंप ने कहा, आज रात आपको और सभी अमेरिकियों के लिए मेरा संदेश बहुत सरल हैः हमें इस तरह जीने की जरूरत नहीं है।




बटलर टाउनशिप में अपना मत डालने के लिए मतदाता अमेरिकन लीजन पोस्ट 778 में प्रवेश करते हुए। • एजेंसी

### मस्क मतदाताओं को 10 लाख डॉलर देना जारी रख सकते हैंः न्यायाधीश

**वाशिंगटन।** इलेक्ट्रिक ऑटोमोबाइल निर्माता टेस्ला और निजी अंतरिक्ष कंपनी स्पेसएक्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एलन मस्क के राजनीतिक समूह को अदालत की मंजूरी मिल गई है कि वह स्विंग स्टेट (अमेरिका का एक ऐसा राज्य जिसमें डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन दोनों उम्मीदवारों के जीतने की अच्छी संभावना होती है और जिसे राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है) के मतदाताओं को 10 लाख डॉलर पुरस्कार दे सकता है। यह फैसला वाशिंगटन में एक न्यायाधीश द्वारा दिया गया है, जिसमें कहा गया है कि मस्क की अमेरिका पॉलिटिकल एक्शन कमिटी (पीएसी) अपने पुरस्कार कार्यक्रम को जारी रख सकता है। यह जानकारी मीडिया रिपोर्टों से मंगलवार को प्राप्त हुई।

## रूस-ईरान ने चुनाव प्रभावित करने के प्रयास तेज किए : अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिकी एजेंसियों ने चुनाव की पूर्व संध्या पर चुनावी दुष्प्रचार से संबंधित रूस के प्रयासों को विफल करने का दावा किया है। संघीय एजेंसियों के अधिकारियों ने सोमवार को एक संयुक्त बयान में हाल में पोस्ट किए गए रूस समर्थकों के एक लेख का जिक्र किया, जिसमें दावा किया गया है कि राष्ट्रपति चुनाव में स्विंग राज्यों में अमेरिकी अधिकारी धोखाधड़ी करने की योजना बना रहे हैं। इस लेख के साथ एक वीडियो भी साझा किया गया है, जिसमें एरिजोना में चुनावी धोखाधड़ी का दावा करने वाले एक व्यक्ति के साक्षात्कार को गलत तरीके से दर्शाया गया था।

अमेरिका में स्विंग राज्यों को छोड़कर अधिकतर राज्यों में मतदाता हर चुनाव में एक ही पार्टी को वोट देते रहे हैं। इन राज्यों में मतदाताओं का रुझान बदलता रहता है, इसलिए इन्हें स्विंग राज्य कहा जाता है। राष्ट्रीय खुफिया निदेशक कार्यालय, एफबीआई और अमेरिकी साइबर सुरक्षा एवं बुनियादी ढांचा सुरक्षा एजेंसी की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने खुलासा किया है कि रूस से जुड़े प्रभावशाली व्यक्ति चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने लिए वीडियो बना रहे हैं और फर्जी लेख लिख रहे हैं।

## खालिस्तान समर्थक प्रदर्शन में भाग लेने पर पुलिस अफसर निलंबित

**ओटावा, एजेंसी**

कनाडा के ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर के पास खालिस्तान समर्थक विरोध प्रदर्शन में भाग लेने पर एक पुलिस अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। मीडिया में ऐसी खबर आयी है। रविवार को हाथों में खालिस्तानी झंडे लिए प्रदर्शनकारी इस हिंदू मंदिर में मौजूद लोगों से भिड़ गए थे तथा उन्होंने मंदिर अधिकारियों एवं भारतीय वाणिज्य दूतावास द्वारा मिलकर आयोजित किये गये कार्यक्रम में खलल डाला था।

मीडिया मामलों के अधिकारी रिचर्ड चिन ने सीबीसी न्यूज को भेजे एक ई-मेल में कहा कि पुलिस सोशल मीडिया पर आए उस वीडियो से अवगत है जिसमें कनाडा पुलिस का एक अधिकारी प्रदर्शन में शामिल दिखता है। वैसे यह पुलिस अधिकारी उस वक्त ड्यूटी पर नहीं था। उन्होंने कहा कि इस अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। अधिकारी ने कहा, वीडियो में नजर आ रही परिस्थितियों की समग्रता से जांच कर रहे हैं और जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती, हम अधिक जानकारी देने में असमर्थ हैं।

### पवन कल्याण ने हिंदुओं की सुरक्षा के लिए कदम उठाने की अपील की

**अमरावती।** कनाडा में हिंदू मंदिर पर हमले को छिटपुट घटना से कहीं अधिक करार देते हुए आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने कहा है कि इस मामले से उन्हें गहरा दुख हुआ है और उन्हें आशा है कि कनाडा सरकार वहां हिंदू समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाएगी। कल्याण ने सोमवार रात सोशल मीडिया पर किए गए पोस्ट में कहा कि हिंदू वैश्विक अल्पसंख्यक हैं, ऐसे में उन पर बहुत कम ध्यान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि उनके (हिंदुओं के) खिलाफ नफरत का हर कृत्य, दुर्व्यवहार का हर मामला उन सभी के लिए एक झटका है जो मानवता और शांति को महत्व देते हैं।



## गाजा पर इजराइल के हवाई हमले में 30 लोगों की मौत

**यरूशलम, एजेंसी**

फलस्तीनी चिकित्सा अधिकारियों ने दावा किया है कि इजराइल द्वारा गाजा में किये गए हवाई हमले में कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई जिनमें अधिकतर महिलाएं और बच्चे हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार तड़के हुए हमले में गाजा पट्टी में चार बच्चों और दो महिलाओं समेत 10 लोगों की मौत हो गई जबकि सोमवार देर रात के हमले में बेत लहिया शहर में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई। हताहतों को नजदीकी अस्पताल में लाया गया।

अस्पताल के निदेशक हुस्साम अबू सफिया ने बताया कि सोमवार को बेत लहिया शहर की इमारत पर इजराइल ने हमला किया जिसमें कई परिवार शरण लिये हुए थे। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय की आपात सेवा द्वारा जारी मृतकों की सूची में आठ महिलाएं और छह बच्चे शामिल हैं। इजराइल की सेना की ओर से इस मामले में तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है।

### सीरिया की राजधानी के पास किया हवाई हमला

**दमिश्क/यरूशलम।** इजराइल ने हवाई हमलों के जरिए सीरिया की राजधानी दमिश्क के निकटवर्ती क्षेत्रों को निशाना बनाया है। सीरियाई रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, इजराइली दुश्मन ने सोमवार शाम को दमिश्क के दक्षिण में कई नागरिक स्थलों को निशाना बनाते हुए सीरियाई गोलान की दिशा से हवाई हमला किया, जिसके कारण भौतिक क्षति हुई। नुकसान की सीमा के बारे में विशेष विवरण तुरंत उपलब्ध नहीं हैं।

## ईरान के विदेश मंत्री संबंधों पर चर्चा के लिए पाकिस्तान पहुंचे

**इस्लामाबाद।** पश्चिम एशिया में व्याप्त तनाव और द्विपक्षीय संबंधों सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के लिए ईरान के विदेश मंत्री मंगलवार को दो दिवसीय सरकारी दौरे पर इस्लामाबाद पहुंचे। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची का विमान आधी रात के बाद इस्लामाबाद के पास एक हवाई अड्डे पर उतरा जहां पाकिस्तान के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। वह मंगलवार को पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, उप प्रधानमंत्री इशाक डार और विदेश मंत्रालय के अन्य अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। ईरान के विदेश मंत्री की यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब उसके और इजराइल के बीच गतिरोध बढ़ रहा है।

## बढ़ रही भारत-ऑस्ट्रेलिया की रणनीतिक साझेदारी

- विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 15वीं विदेश मंत्री रूपरेखा वार्ता के लिए ऑस्ट्रेलिया में अपनी समकक्ष पेनी वोंग से मुलाकात की

**कैनबरा, एजेंसी**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि ऑस्ट्रेलिया के साथ व्यापक रणनीतिक साझेदारी लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कैनबरा में 15वीं विदेश मंत्री रूपरेखा वार्ता (एफएमएफडी) के लिए ऑस्ट्रेलिया में अपनी समकक्ष पेनी वोंग से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने अपने-अपने पड़ोसी देशों, हिंद-प्रशांत, पश्चिम एशिया, यूक्रेन और वैश्विक सामरिक परिदृश्य पर भी चर्चा की।

जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, आज कैनबरा में विदेश मंत्री सीनेटर वोंग के साथ 15वीं भारत-ऑस्ट्रेलिया विदेश मंत्रियों की रूपरेखा वार्ता (फॉरेन मिनिस्टर्स फ्रेमवर्ग डायलॉग) संपन्न हुई। हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी लगातार बढ़ रही है। यह मजबूत राजनीतिक संबंधों, मजबूत रक्षा और सुरक्षा सहयोग, विस्तारित व्यापार, अधिक गतिशीलता और गहन शैक्षिक संबंधों में परिलक्षित होता है। अपने पोस्ट में उन्होंने लिखा, अपने अपने संबंधित पड़ोसी देशों, हिंद-प्रशांत, पश्चिम एशिया, यूक्रेन और वैश्विक रणनीतिक परिदृश्य पर चर्चा हुई। वोंग ने एक्स पर कहा, ऑस्ट्रेलिया और भारत की साझेदारी हमारे साझा क्षेत्र की शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण है। आज, मैंने 15वीं ऑस्ट्रेलिया-भारत विदेश मंत्रियों की रूपरेखा वार्ता के लिए कैनबरा में अपने अच्छे मित्र डॉ. एस. जयशंकर का स्वागत किया।



कैनबरा में 15वें भारत-ऑस्ट्रेलिया विदेश मंत्री फ्रेमवर्क डायलॉग के दौरान ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग के साथ विदेश मंत्री एस जयशंकर।

### सिखों को निशाना बनाने संबंधी आरोपों का मुद्दा उठाया

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने अपने भारतीय समकक्ष के समक्ष इस आरोप से संबंधित मुद्दे को उठाया कि भारत ने कनाडा में सिख कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया है। विदेश मंत्री पेनी वोंग ने कहा कि उन्होंने भारतीय विदेश मंत्री के साथ कनाडा के आरोपों पर तब चर्चा की जब वह ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा में थे। भारत ने कनाडा के इस आरोप का खंडन किया है कि भारतीय गृह मंत्री ने सिख कार्यकर्ताओं को निशाना बनाने का आदेश दिया था। वोंग ने कहा कि सिख समुदाय के लिए उनका संदेश यह है कि लोगों को ऑस्ट्रेलिया में सुरक्षित तरीके से रहने का अधिकार है।

## ब्राजील के पुलिस अधिकारी को इंटरपोल का अगला प्रमुख चुना

**लंदन।** ब्राजील के पुलिस अधिकारी वाल्डेसी उर्कीजा इंटरपोल के अगले प्रमुख होंगे। वैश्विक पुलिस संगठन ने मंगलवार को यह घोषणा की। स्कॉटलैंड के ग्लासगो में आयोजित इंटरपोल की आम सभा की बैठक में मतदान के जरिए उर्कीजा को महासचिव चुना गया और बृहस्पतिवार को बैठक समाप्त होने के बाद वह पद संभालेंगे। अमेरिका के लिए इंटरपोल के मौजूदा उपाध्यक्ष उर्कीजा संगठन के पहले ऐसे प्रमुख हैं, जो न तो यूरोप से हैं और न ही अमेरिका से। इंटरपोल महासचिव पर अनिवार्य रूप से संगठन की दैनिक गतिविधियों का जिम्मा होता है। वर्ष 2014 से इस पद पर तैनात जर्मनी के जुर्गन स्टॉक को नियमों के तहत तीसरे कार्यकाल के लिए आवेदन की अनुमति नहीं है।

## एडमिरल त्रिपाठी की 10 देशों के नौसेना प्रमुखों के साथ चर्चा

- आम समुद्री चुनौतियों को कम करने की दिशा में प्रशिक्षण की अनिवार्यता पर प्रकाश डाला

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने मंगलवार को हिन्द महासागर क्षेत्र के दस देशों के नौसेना प्रमुखों तथा समुद्री एजेन्सियों के प्रमुखों के साथ समुद्री सुरक्षा चुनौतियों तथा उनसे निपटने के बारे में चर्चा की। एडमिरल त्रिपाठी ने विशेष कार्यक्रम महासागर के तीसरे संस्करण के दौरान हिंद महासागर क्षेत्र के दस देशों के वरिष्ठ नौसेना अधिकारियों के साथ वर्चुअल माध्यम से बातचीत की। इन देशों में बांग्लादेश, कोमोरोस, केन्या, मेडागास्कर, मालदीव, मॉरीशस, मोज़ाम्बिक, सेशेल्स, श्रीलंका और तंजानिया शामिल हैं।

इस दौरान हिन्द महासागर क्षेत्र में आम समुद्री सुरक्षा चुनौतियों को कम करने के लिए प्रशिक्षण सहयोग विषय पर चर्चा की गयी। इसमें वक्ताओं ने हिंद महासागर क्षेत्र में आम समुद्री चुनौतियों को कम करने की दिशा में प्रशिक्षण की अनिवार्यता पर प्रकाश डाला। महासागर जिसका हिंदी में अर्थ विशाल महासागर है, क्षेत्र में सभी के लिए सक्रिय सुरक्षा और विकास के लिए समुद्री प्रमुखों के बीच उच्च स्तरीय आभासी बातचीत के लिए भारतीय नौसेना का प्रमुख आउटरीच कार्यक्रम है। भारतीय नौसेना द्वारा शुरू की गई यह पहल वर्ष में दो बार आयोजित की जाती है और 2023 में शुरुआत के बाद से इसमें भाग लेने वाले देशों के बीच व्यापक सहमति बनी है।

## उ. कोरिया ने समुद्र की ओर कई बैलिस्टिक मिसाइल दागीं

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने मंगलवार को पूर्वी समुद्र की ओर कम दूरी की कई बैलिस्टिक मिसाइल दागीं। दक्षिण कोरियाई सेना ने यह जानकारी दी। प्योंगयोंग ने अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए होने वाले चुनाव से कुछ घंटे पहले अपनी अस्त्र प्रणाली का प्रदर्शन किया है। दक्षिण कोरिया की सेना ने तत्काल यह नहीं बताया कि उत्तर कोरिया ने कितनी मिसाइल दागीं। जापान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि माना जाता है कि मिसाइल पहले ही समुद्र में गिर चुकी हैं। यह घटनाक्रम उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन द्वारा अमेरिका तक पहुंचने के लिए डिजाइन की गई देश की नवीनतम अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल के परीक्षण की निगरानी किए जाने के कुछ दिन बाद हुआ है।

## मालेगांव विस्फोट की सुनवाई कर रही अदालत को धमकी

**मुंबई, एजेंसी**

महाराष्ट्र के मालेगांव में 2008 में हुए धमाके के मामले की सुनवाई कर रही विशेष अदालत को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। एक सरकारी अधिवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

सरकारी अधिवक्ता ने पीटीआई-भाषा को बताया कि 30 अक्टूबर को एक अज्ञात व्यक्ति ने सत्र न्यायालय के रजिस्ट्रार कार्यालय में फोन किया और अदालत के कक्ष संख्या - 26 में बम लगाने की धमकी दी। धमाके के मामले की सुनवाई करने वाली विशेष राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) अदालत दक्षिण मुंबई में दीवानी और सत्र न्यायालय परिसर के न्यायालय कक्ष संख्या 26 में बैठती है।

### तमिलनाडु के पांच स्कूलों को बम की झूठी धमकी

**तिरुचिरापल्ली।** तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली शहर के विभिन्न स्थानों के पांच निजी स्कूलों को मंगलवार को ईमेल के माध्यम से बम की धमकी मिली। पुलिस ने कहा कि महात्मा गांधी सेंटेनरी विद्यालय स्कूल, राजम कृष्णमूर्ति पब्लिक स्कूल, राजाजी विद्यालय, और संथानम विद्यालय सीनियर सेकेंडरी स्कूल – सभी केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से संबद्ध हैं और होली क्रॉस गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल को आज सुबह एक ईमेल मिला जिसमें धमकी दी गई थी कि संस्थानों में बमबारी होगी।

## ब्रिटेनः नई विपक्षी नेता ने प्रीति पटेल को दी अहम जिम्मेदारी

**लंदन।** भारतीय मूल की पूर्व गृहमंत्री प्रीति पटेल को नवनिर्वाचित कंजर्वेटिव पार्टी की नेता केमी बेडेनॉच ने अपना शैडो विदेश मंत्री चुना है और वह मंगलवार को हाउस ऑफ कॉमन्स में विपक्षी बेंच पर उनकी शीर्ष टीम में शामिल होंगी। गुजराती मूल की 52 वर्षीय पटेल उन शुरुआती दावेदारों में से एक थीं जो टोरी प्रमुख और विपक्ष के नेता के रूप में ऋषि सुनक की जगह लेने की दौड़ में आमने-सामने थे। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद सप्ताहांत में पटेल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, केमी बेडेनॉच को हमारी महान पार्टी के नेता के रूप में निर्वाचित होने पर बधाई। उन्होंने कहा, आइए हम सब मिलकर ब्रिटिश लोगों का भरोसा जीतने के लिए उनके पीछे खड़े हों।